




ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते






वैशाख शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 17 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 208, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


संसेक्स 73,663.72 ▲ +676.69
डॉलर 83.487 ▼ +0.070

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 73,200
चांदी (1 किलो) 87,400

# मंत्री जी हर टेंडर पर लेते थे 1.5 प्रतिशत कमीशन

- आलमगीर पहुंचे जेल, ईडी को मिला छह दिनों का रिमांड,
- ईडी आलमगीर आलम को आज से रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू करेगी
- मंत्री से पूछताछ के बाद कुछ ओर सरकारी अधिकारियों की भूमिका की होगी जांच



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने आलमगीर आलम को दस दिनों की रिमांड पर देने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। इसके बाद अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने कहा कि पूरी नकदी (जो उनके पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर से बरामद की गई थी) मंत्री की ही है। उन्होंने हर टेंडर पर 1.5 प्रतिशत कमीशन बांध रखी थी। इसके बाद अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। ईडी आलमगीर आलम को शुक्रवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू करेगी। यह जानकारी ईडी के अधिवक्ता ने दी। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मालूम हो कि इससे पूर्व ईडी ने दो दिनों की पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था।

**आलमगीर आलम हैं मुख्य साजिशकर्ता :** ईडी ने रिमांड नोट में लिखा कि जांच के दौरान पाया गया कि आलमगीर आलम टेंडर घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्हें हर टेंडर पर एक फिक्स अमाउंट दिया जाता था। इस घोटाले में आरोपी से पूछताछ के बाद कुछ ओर सरकारी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच करनी है। इसी वजह से ईडी ने दस दिन की रिमांड की मांग की थी, हालांकि दोनों तरफ की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को 6 दिन की रिमांड दी।

**पीएस के नौकर के घर से मिले रुपये मंत्री के ही हैं :** ईडी ने विशेष पीएमएलए अदालत को बताया कि जांच में यह पता चला है कि 32.2 करोड़ रुपये की नकदी, जो जहांगीर आलम के नाम पर मौजूद से फ्लैट से जब्त की गई थी वह आलमगीर आलम की ही थी।

**कोर्ट में पेशी के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी :** कोर्ट में पेशी के दौरान बड़ी संख्या में आलमगीर आलम के समर्थक भी पहुंचे हुए थे। इस दौरान जैसे ही आलमगीर आलम को लेकर ईडी के अधिकारी कोर्ट परिसर पहुंचे। वैसे ही उनके समर्थक जमकर नारेबाजी करने लगे।

### रिकॉर्ड व नकदी रखने के लिए इस्तेमाल होता था नौकर का घर

ईडी के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल के पास रखे गए लेटरहेड पर कई आधिकारिक दस्तावेजों से पता चलता है कि लाल आपे नौकर के घर का इस्तेमाल आलमगीर आलम से संबंधित दस्तावेज, रिकॉर्ड, नकदी और अन्य सामान रखने के लिए कर रहे थे। ईडी ने कहा, संजीव लाल निविदाओं के प्रबंधन और इंजीनियरों से कमीशन के संग्रह में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही कमीशन का उक्त प्रतिशत सरकार के उच्च-अधिकारियों में बांटा जाता है।

### 37.5 करोड़ रुपए हुए थे बरामद

मालूम हो कि जांच के दौरान 6 से 8 मई तक मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम समेत अन्य के 6 ठिकानों पर ईडी ने रेड की थी। यहां से साढ़े 37 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे। जांच में यह भी पाया गया कि मंत्री आलमगीर आलम के लिए उसका पीए संजीव लाल पैसों के कलेक्शन का काम करता था।

### रिमांड नोट में लगाया आरोप

ईडी ने रिमांड नोट में आरोप लगाया कि साल 2023 में गिरफ्तार तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेन्द्र कुमार राम टेंडर आवंटन के बदले कमीशन लिया करते थे, जिसमें से 1.5 प्रतिशत कमीशन मंत्री आलमगीर आलम को जाता था। ईडी ने जांच दौरान पाया कि साल 2022 में एक असिस्टेंट इंजीनियर के जरिए 3 करोड़ रुपए टेंडर आवंटन के बदले मंत्री को भेजे गए थे।

### आलमगीर आलम अगर इस्तीफा नहीं दें, तो बर्खास्त करें सीएम : अरुण सिंह



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम अगर इस्तीफा नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री को उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। ईडी के हिरासत में आने के पूर्व ही मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जांच का दायरा बढ़ाया जाना चाहिए। 38 करोड़ रुपए एक छोटा नमूना है। झारखंड में भ्रष्टतंत्र के कारण सैकड़ों करोड़ो रुपये कमीशन के रखे हुए हैं। उनको भी पकड़ने का काम होना चाहिए।

## आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया। गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गयी। पैसे के लेनदेन की सीडी सामने आयी है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि मामला प्रकाश में आने पर विक्रमादित्य आयोग का गठन कर जांच की गयी, जिसमें आलमगीर आलम पर लगे आरोप प्रमाणित भी हुए। इसके बाद जो हुआ वह युवाओं को जानना और समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने हेमंत सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद युवा विरोधी हेमंत सोरेन ने विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी समीक्षा के लिए एक और आयोग का गठन कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि दरअसल, कांग्रेस-झामुमो वाले नहीं चाहते कि नियुक्ति घोटाला की सच्चाई सामने आये और झारखंड के युवाओं को न्याय मिले। बाबूलाल ने आगे लिखा कि राजशाही खानदान में पैदा हुए और ऐशो-आराम में पले बढ़े हेमंत सोरेन झारखंड के गरीब युवाओं का संघर्ष कभी नहीं समझ पायेंगे। इन्होंने युवाओं का इस्तेमाल सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए किया है। अब युवाओं के पास मौका है। इन भ्रष्टाचारियों को सत्ता से बेदखल कर अपने साथ हुए विश्वासघात का बदला जरूर लें। उल्लेखनीय है कि ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले भी ईडी ने आलमगीर आलम से नौ घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान ईडी ने मंत्री से उनके पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से बरामद 35.32 करोड़ कैश के बारे में पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद ईडी ने दूसरे दिन यानी बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आलमगीर आलम की गिरफ्तारी टेंडर कमीशन घोटाला मामले में की गयी है।

### हाई कोर्ट में विधानसभा नियुक्ति मामले में सरकार और विधानसभा ने सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति में गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में राज्य सरकार और विधानसभा की ओर से सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई, जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 11 जून की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिसके कारण दूसरा आयोग बनानी पड़ा था। सुनवाई के दौरान गवर्नर की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चूंकि इस मामले में विधानसभा कार्यालय की संलिप्तता थी। इसलिए हाई कोर्ट को पत्र लिखा गया था। इसके बाद लोकनाथ प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी, उनके इस्तीफा के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी। इस कमेटी के बाद एसजे मुखोपाध्याय आयोग बनाने के संबंध में गवर्नर को कोई जानकारी नहीं दी गई थी और न ही इस आयोग को बनाने में राज्यपाल का अप्रूवल था। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत किया जा चुका है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमीशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी गई थी।

## एक नजर

### आज अमित शाह का रोड शो चुटिया में, 19 को फिर आएंगे पीएम



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह कल और परसों झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। शाह 17 मई को सांसद और भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। साथ ही लोगों से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे। वो 18 मई को बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले शाह ने झारखंड में पहले और चौथे चरण के चुनाव से पहले खूंटी में जनसभा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा व गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है।

### आज के मैच




समय : 17 मई, 7:30 बजे से
स्थान : मुंबई




### एनएचएआई के साइट इंजीनियर ने आरकेडी के जीएम व डीपीएम पर जान से मारने का लगाया आरोप

**साइट इंजीनियर ने प्राथमिकी दर्ज करायी**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड स्थित, रांची-गुमला एनएच चौड़ीकरण का कार्य देख रहे नेएनएचएआई के साइट इंजीनियर चिन्मय सौरभ ने कंस्ट्रक्शन कंपनी आरकेडी के जीएम राजकुमार रेड्डी और डीपीएम सुरेश मोहंती के विरुद्ध दुर्व्यहार करने और जान मारने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है कि साइट इंजीनियर चिन्मय सौरभ लावागाई नागफेनी टोल प्लाजा के पास कार्य की गुणवत्ता की जांच कर रहे थे। इसी क्रम में नेशनल हाइवे के ठेकेदार आरकेडी के डीपीएम सुरेश मोहंती व जीएम राजकुमार रेड्डी अपने श्रमिकों के साथ आए और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कॉलर पकड़ कर धक्का-मुक्की करने लगे। विरोध करने पर श्रमिकों से लोहे का रॉड एवं बेलचा मंगाकर जान से मारने का प्रयास किया। वे किसी तरह से वहां से भागकर थाना आए। इसके बाद साइट इंजीनियर चिन्मय सौरभ ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कराते हुए जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### 56 इंच के सीने वाले को पीएम बनाया है ना खाएगा ना खाने देगा : डॉ. मोहन यादव

**बरही/कोडरमा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी झारखंड के चुनावी जंग में खूब पसीना बहा रहे हैं। गुरुवार को बरही में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल व कोडरमा के जयनगर में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के समर्थन जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन यादव ने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश ने 56 इंच के सीने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खाएगा ना खाने देगा। कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। आने वाले दिनों में फिर से नरेन्द्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार की ओर से कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद विकास और सामाजिक न्याय बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मिल गया, अब कृष्ण मंदिर की बारी है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के भोले-भाले भक्तों ने अपने नेताओं को हेलिकॉप्टर पर बैठाया लेकिन वही नेतागण अपनी जनता की आंखों में हेलीकॉप्टर का धूल झोंक रहे हैं।

## देश को बचाने के लिए इंडी गठबंधन के पक्ष में करें मतदान : सीएम



**गिरिडीह।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को भाजपा को बहुरुपिया पार्टी बताया। उन्होंने देश व प्रदेश को बचाने के लिए लोगों से इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा, भाजपा ने 2014 में जो वादा किया था, एक भी वादा को पुरा नहीं किया। बेरोजगारी चरम पर है, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार नहीं है। पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इन व्यवस्थाओं पर सरकार की नजर नहीं है। मुख्यमंत्री गुरुवार को गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड के फुलची पंचायत के जोधपुर फुटबॉल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आज हिन्दू-मुस्लिम की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार मुद्दों से पूरी तरह भटक गयी है। एक परिवार विशेष पर परिवारवाद जैसी टिप्पणी कर विश्व गुरु बनने का सपना देख रही है। उन्होंने कहा कि 400 पार के नारे में अब मायुसी छा गयी है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। ललित मोदी, नीरव मोदी जैसे दर्जनों लोग करोड़ों लेकर विदेश में हैं और सरकार कालाधन वापस लाने का झूठा दंभ भर रही है।

### हेमंत के चार साल के काम भाजपा के 19 साल पर भारी : कल्पना

झारखंड बनने को 24 वर्ष हो गए, चौबीस वर्षों में 19 वर्ष भाजपा ने शासन किया है बावजूद यहां के आदिवासी, मुलवासियों की समस्याएं जस के तस पड़ी है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चार साल भाजपा के काम 19 वर्ष पर भारी हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में हेमंत सोरेन ने प्रदेश से बाहर रह रहे मजदूरों को अपना प्रदेश लाने में जो गंभीरता दिखायी वह लोगों से छुपी नहीं है। पर एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया। उन्होंने कहा कि भाजपा को करारा जवाब देने के लिए एकजुटता दिखाएं और इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करें।

## इंडिया

## ग्लैमर के सितारे चमक बिखेर पाएंगे राजनीति की?


सुनील बादल

**फिल्म** या टीवी के चर्चित चेहरों का चुनाव लड़ना कितना उचित है और क्या वे अपने काम के प्रति न्याय कर पाएंगे? भारत में धर्म, जाति के बाद जो हिट फॉर्मूला सर पर चढ़कर बोलता है वह है ग्लैमर या फिल्मों का। इसीलिए पारंपरिक वोट बैंक से विकास की राजनीति के सहारे सत्ता पाने का प्रयास कर रही पार्टियां तक अंत पंत फिल्मी सितारों के सहारे भीड़ बढ़ाती हैं। राजनीति की शून्य समझ रखने वाले हिंदी फिल्म/टीवी जगत के आकर्षक अभिनेता, अभिनेत्री कई बार जीतकर भी कुछ नहीं कर पाते जैसे गोविंदा, सनी देओल या धर्मेंद्र, और मनोज तिवारी या टिकट ठुकराने वाले पवन सिंह कई बार जगहंसाई के पात्र बनते हैं पर दक्षिण के फिल्मी सितारों का जादू सर पर चढ़कर बोलता है जयललिता, रजनीकांत, एनटी रामाराव से लेकर चिरंजीवी तक। पर अभी हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का मुंबई की ग्लैमरस जिंदगी से अनिश्चित राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखना पूर्वनिर्धारित लगता है, जो उन्हें अपने पहाड़ी राज्य के लोगों की सेवा का अवसर दे सकता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबाला गांव की लड़की कंगना रनौत की इतनी बड़ी सफलता का श्रेय उनके दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दिया जा सकता है। बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है। लगता है कि कंगना ने अपने करियर की दूसरी पारी के लिए अपने पत्ते अच्छे से खेले और भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं को पछाड़ दिया, जो दशकों से पार्टी के प्रति समर्पित थे।कंगना ने अपने परिवार से विद्रोह किया, जो उनके बॉलीवुड में जाने के खिलाफ थे, क्योंकि फिल्म उद्योग अनिश्चितताओं एवं दुविधाओं से भरा है, भले ही अवसर काफी हों। कंगना के माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने, लेकिन उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा ही नहीं दी। कम आय होने पर रोटी एवं अचार पर गुजारा करने के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। हालांकि मुंबई में अपना घर नहीं होने और बढ़ते कर्ज के कारण उनके जीने का संघर्ष बढ़ गया था। कंगना स्पष्टवादी इंसान हैं, जो खुद को 'जिद्दी और विद्रोही' बता सकती हैं। कंगना रनौत को आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सक्रिय राजनीति फिल्मी परी कथाओं जैसी नहीं होती है। अनिवार्य रूप से मतदाता उनसे एक पूर्णकालिक राजनेता होने की उम्मीद करेंगे। इसके लिए उन्हें मंडी को अपना स्थायी निवास स्थान बनाना होगा, ताकि लोग उनसे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए संपर्क कर सकें अन्यथा उनका भी हाल दूसरे सितारों जैसा होगा। राजनीति का अनुभव नहीं होने के कारण उन्हें असाधारण मेहनत करनी होगी, हालांकि मोदी के करिश्मे और भारी लोकप्रियता से यह संभव हो सकता है। साथ ही, उन्हें भाजपा के अनुशासित कार्यकताओं, विशाल संसाधनों और आरएसएस की चुनावी मशीनरी का समर्थन भी मिलेगा। 2021 में हुए मंडी लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी, जो मुख्यतः दिवंगत वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति के कारण थी, लेकिन राजनीतिक माहौल अब बदल गया है, क्योंकि कांग्रेस अव्यवस्थित है, जिससे कंगना को फायदा हो सकता है।यह एक संयोग ही था कि कंगना को उनके 37वें जन्मदिन पर 23 मार्च को मंडी लोकसभा सीट से टिकट दिए जाने की खुशखबरी मिली। खुद को दक्षिणपंथी विचारधारा से जोड़ने वाली और कट्टर मोदी समर्थक बताने वाली कंगना का आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रहा है। यही वजह है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी हिमाचल प्रदेश से हैं और कंगना को टिकट दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्हें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी समर्थन हासिल है, जो राज्य के हमीरपुर जिले के हैं। सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी होने के बाद बेहद उत्साहित कंगना ने कहा, 'मैं अपने जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं।' वैसे कंगना और विवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। अक्सर वह अपने विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। बार-बार उल्लंघन के कारण ट्विटर ने भी उनके खाते को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया। राजनीति में नवागंतुक होने के कारण कंगना को अपनी फिल्मी शैली से दूर रहना होगा और जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं के साथ घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम आदमी की तरह हैं, न कि बॉलीवुड की फिल्म स्टार। उन्हें अपने व्यक्तित्व में इस तरह के बदलाव से गुजरना होगा, जो एक सफल राजनीतिज्ञ बनने के लिए अनिवार्य है।सबसे बड़ी बात राजनीति में लिखे हुए डायलॉग नहीं होते अपना व्यक्तित्व होना चाहिए जिसमें कंगना दक्ष तो नहीं पर सक्षम जरुर हैं। उनकी सफलता से एक नई शुरूआत भी होगी क्योंकि वे स्मृति ईरानी की तरह वाकपटु भी हैं। अब लोगों की नजरें काराकाट, बिहार से मैदान में उतरे पवन सिंह पर भी है।



### साहिबगंज और दुमका में तीन बच्चों सहित छह की मौत

**साहिबगंज/दुमका।** राज्य के संताल परगना में आकाशीय बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर ठनका गिरने से साहिबगंज जिले के तीनपहाड़, राजमहल, मंडरो व तालझारी तथा दुमका के चिरुडीह गांव में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दो महिलाएं एवं एक बच्ची भी है। बताया जाता है कि राजमहल थाना क्षेत्र के पिपरजोरिया कल्याणचक गांव में संतोष उरांव की दो बेटियां अनिता कुमारी (13) एवं रुमझुम कुमारी (11) मवेशी चरा रही थी। तभी अचानक आसमानी बिजली गिरने से दो बहनें बेहोश हो गयी। आसपास के लोगों ने उठाकर दोनों को घर ले गए जिसमें अनिता कुमारी की मौत हो गयी थी जबकि रुमझुम कुमारी का इलाज चल रहा है।

## एक नजर

### इलाज के दौरान व्यवसायी की मौत



**छतरपुर।** 29 अप्रैल को छतरपुर के खाटीन निवासी खैनी व्यवसायिक संतोष साव को गोली मारी गयी थी। इसके बाद उसे रांची के मेडिका में गोली निकाल दिया गया था और उसी अस्पताल में लगातार इलाज चल रहा था। लेकिन स्थिति ठीक नहीं थी। परिजनों ने दो दिन पहले रिम्स में बेहतर इलाज के लिए भर्ती किया था। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चले की गोली चलाने वाले में दो लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। इस मामले को लेकर गांव में शोक की लहर है।

### दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है सड़क पर बने गड्ढे



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप एनएच 98 पर सड़क पर गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। सड़क पर गड्ढे होने के कारण अब तक एक दर्जन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए हैं। मालूम हो कि अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण शहरी क्षेत्र में एनएच 98 पर तारकोल पिघलकर जगह-जगह इकट्ठा हो गया है। जिससे सड़क उबड़-खाबड़ हो गयी है। आने जाने वाले वाहन चालक अचानक उबड़-खाबड़ रास्ते पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। शहर के लोगों ने जल्द से जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की है।

### पांकी के बूथ संख्या 323 पर ग्रामीणों के वोट बहिष्कार का निर्णय लेने के बाद प्रशासन पहुंची ग्रामीणों के द्वार

# मताधिकार का उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को बीडीओ ने किया जागरूक

**खबर का असर**

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड केकरगढ़ पंचायत के बूथ संख्या 323 के ग्रामीणों के द्वारा वोट बहिष्कार करने का निर्णय लेने की खबर 'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार पर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद गुरुवार की दोपहर पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा समेत अंचल कर्मी एवं पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर केकरगढ़ पंचायत के बूथ संख्या 323 के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं वोट करने हेतु उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने समूह के माध्यम से बूथ संख्या 323 की महिलाओं के साथ भी बैठक कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया।

आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व बूथ संख्या 323 के अंतर्गत हेडुम, गड़िहारा एवं जसपुर के ग्रामीणों ने हाथ में तख्ती लेकर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे लगाते हुए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति रोश व्यक्त किया था व ग्रामीणों के द्वारा इस बार वोट बहिष्कार की घोषणा की गई थी। हालांकि गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि जब तक जिले के अधिकारी उक्त मामले में संज्ञान नहीं लेंगे तब तक उनका निर्णय अटल रहेगा।



### वोट बहिष्कार की घोषणा का जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल ने किया समर्थन



विकास का सच



**पांकी।** पांकी पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है। ग्रामीणों के निर्णय का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं आज तक नहीं मिल सकी ग्रामीण क्षेत्रों को लोग त्रस्त हैं।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने डेंगू व चिकनगुनिया रोग से मुक्ति दिलाने का लिया शपथ

- घर के आसपास जलजमाव किसी भी हालत में नहीं होने दें
- चिकनगुनिया एडीज बनाम टाइगर मच्छरों के प्रकोप से बढ़ता है
- मच्छरों के काटने के बाद ही संक्रमण बढ़ता है : डॉ. राकेश रंजन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिले के हैदरनगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में गुरुवार को डेंगू व चिकनगुनिया रोग से क्षेत्र को मुक्त कराने को लेकर चिकित्सक सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने संकल्प लिया है। इसमें शामिल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार व डॉ. राकेश रंजन ने उपस्थित लोगों सहित रोगियों व उनके परिजनों को बताया कि अपने घर के आसपास जलजमाव किसी भी हालत में नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि चिकनगुनिया एडीज बनाम टाइगर मच्छरों के प्रकोप से बढ़ता है। इसके शरीर जोड़ो पर लगातार दर्द होने का लक्षण बताया गया है। उन्होंने कहा कि एडीज एल्बोपिक्टस और एडीज एजिप्टी दोनों के वायरस से यह रोग की उत्पति होती है। फार्मासिस्ट नवीन किशोर, लैब टेक्नीशियन शकील अख्तर, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार व राजेश ने बताया कि इन महामारी से निपटने के लिये समुचित उपचार है। बावजूद उन्हें घर व आसपास के इलाके को स्वच्छ रखना सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि मच्छरों के काटने के बाद ही यह संक्रमण बढ़ता है। जिससे मुक्ति पाने के लिये सभी वर्ग के लोगों को सजग व जागरुक होने की जरुरत है। इस संकल्प सभा में ड्रेसर अमरकांत, सिपाही राम, प्रमोद सिंह, बसंत कुमार, प्रदीप सिंह, राजेश राम एएनएम कंचन कुमारी, शांति कुमारी, रागिनी कुमारी व सीमा कुमारी ने भाग लेकर क्षेत्र को इस रोग से मुक्ति दिलाने की शपथ लिया।



## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 7 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 7 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 7 लोगों पर एक लाख 14 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें दिनेश राम, उदय कुमार, देवेंद्र रजवार, गीता कुंअर, मोहम्मद कयामुद्दीन, जैनुल आबेदीन व बदरून निशा हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, रंजीत कुमार, मनीष कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

**एक लाख 14 हजार का जुर्माना लगा**

## मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता, बंधाया ढांढस

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के मायापुर गांव में गुरुवार को मृतक के परिजनों से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी मिले। उन्होंने परिवार वालो को ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि रेहला के मायापुर निवासी रंजीत कुमार गुप्ता की मौत पिछले दिनों कैंसर बीमारी के कारण हो गयी थी। जब इसकी जानकारी डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी को हुई तो वे आज मायापुर गांव पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर परिवार वालों को ढांढस बंधाया। इसके अलावा क्रियाकर्म हेतु आर्थिक मदद भी किया। साथ ही मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर प्रमोद दीक्षित,असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।



### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जागरूकता चलाने का संकल्प

**सगालीम।** पांकी मंडल में गुरुवार को आसेहार में भाजपा द्वारा पथ सभा का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेताओं ने पिछले 10 वर्षो में किए गए विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करने के लिए एकजुट होकर निर्णय लिया। वहीं चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा जिला एवं मंडल के कमेटी संकल्पित होकर प्रत्येक वोटर से मिलने का ठान लिया है। ऐसे में मोदी की सभी उपलब्धियां को गिनाते हुए पीएम आवास, नल जल योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, आयुष्मान योजना, बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण जैसे कई योजनाओ का लाभ बताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की है। इस अवसर पर पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, मंडल महामंत्री सतनारायण यादव, श्याम नंदन ओझा, विनय सिंह, पांकी के वरिष्ठ भाजपा विश्व हिंदू परिषद के सदस्य लौरीक सिंह ने पांकी मंडल में आसेहार, कोनवाई,ताल पंचायत में पथ सभा का आयोजन किया। भाजपा के पथ सभा में शामिल आसेहार के महिला, पुरुष, के साथ- साथ आसेहार पंचायत के हैट्रिक मुखिया देवसागर राम ने कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिर निर्भीक निडर होकर देश के सबसे बड़े मुद्दे धारा 370 राम मंदिर जैसे अधूरा काम को पूरा किया है।

### घर में घुसे व्यक्ति ने डंडे से प्रहार कर हत्या की

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकही गांव के नायक टोला में बीती रात्रि विनय साव की भतीजी ने फोन कर विनय को बताया कि घर में कोई आदमी घुस गया है। छत पर खाना खा रहे विनय साव नीचे आकर देखा तो पता चला की गांव का ही राजेश ठाकुर है। परिजनों ने बताया कि दोनों के बीच हाथा-पाई होने लगी। इसी बीच 38 वर्षीय विनय साव को राजेश ठाकुर ने डंडे से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे विनय साव वहीं गिर गया। मौका देख राजेश ठाकुर वहां से फरार हो गया। विनय साव को परिजनों व स्थानीय लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हैदरनगर व हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। परिजन के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मृतक विनय साव के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### मासिक पत्रिका अरण्य वाणी का हुआ विमोचन



**हुसैनाबाद।** हैदरनगर मुख्य मार्ग के हाई स्कूल के समीप स्थित सक्सेस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में युवा कवि विनोद सागर द्वारा संपादित मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के मई : 2024 अंक का विमोचन किया गया। विमोचन करने वालों में अरण्य वाणी पत्रिका के संपादक विनोद सागर, विद्यालय के प्रधानाचार्य मो. हसीम आलम, युवा समाजसेवी एआर रहमान खान, प्रतिष्ठित व्यवसायी सह पलामू मार्ट के प्रोपराइटर मो. शहजाद हुसैन, अरण्य वाणी के हुसैनाबाद प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह, शिक्षिका अलीशा, पूजा, प्रीति-।, तलत, आफरीन, ममता, रौशन आरा, काजल, सफीना, जिन्नत, श्रीति, तमन्ना, मुस्कान, सुप्रिया, बसंती, प्रीति-।। व रजिया, शिक्षक कुलदीप, दानिश, विक्रम, पप्पू, सुनील, शमशाद आलम, इंदल, सादिर, शाहिद, सरफराज, इंतजार, दीपक आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहें।


### गढ़वा रोड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर बह रहा नाली का पानी

## दुकानदारों व यात्रियों को हो रही परेशानी



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने नाली का बदबूदार गंदा पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। जिससे स्थानीय लोग, दुकानदार, राहगीर व यात्री काफी परेशान है। वहीं स्टेशन के पास ही योगिबिर बाबा देवस्थल का प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर भी अवस्थित है। जहां प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने जाते है। स्टेशन के सामान्य प्रतीक्षालय के शौचालय से निकल रहा बदबूदार नाली का गंदा पानी से मंदिर जाने आने-वाले श्रद्धालु काफी आहत हैं। वहीं छत्तिसगढ़ जाने वाली बस स्टैंड, टेम्पू पार्किंग व दुकान भी है। जिसके चलते सारा दिन लोगों का आवागमन काफी संख्या में होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नाले के गंदे पानी से निकल रहे बदबू से प्रभावित लोगों ने कई बार रेलवे अधिकारी से इसकी शिकायत की। बावजूद समस्या जस की तस है। इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा रोड स्टेशन के एसएस सतीश कुमार ने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु एक माह पहले ही एन गति शक्ति व आई ओ डब्लू को जानकारी दी गयी है। कुछ कारणों से बिलंब हो रहा है। जल्द ही नाली का निर्माण कराकर समस्या को दूर किया जायेगा।

सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

गर्मी के मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों को तेज धूप में घर से बाहर ना निकलने दें। धूप से तुरन्त आकर फ्रिज के पानी का का उपयोग ना करें। प्राकृतिक जल का सेवन करें।

प्रेम प्रसाद गुप्ता, मुखिया,पांकी पूर्वी, पलामू।


## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

पाटन। पाटन थाने की पुलिस ने नाबालिग को घर से भागा कर ले जाने के आरोपी छोटू भुइया को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक आदेश से जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया है कि पांच मई को 19 वर्षीय छोटू भुइया ने अपने गांव की नाबालिक लड़की को घर से भगा ले गया था। लड़की के परिजनों ने प्राथमिकी कराई थी।

## अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटना ग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सदर प्रखंड के अंतर्गत बड़का गांव का निवासी आर एन सिंह ने इस संबंध में बताया कि उसका मित्र आर एन चौबे ने उसकी दुकान से जबरदस्ती उसकी बाइक के चाबी लेकर निकला और पाटन रोड के जोड़ के नजदीक गुणसोती नदी में पुलिया के नीचे बाइक अनियंत्रित होकर चला गया जो कि ज्यादा स्पीड में था बाइक 310 सीसी का अपाचे है जिसका गाड़ी नंबर खँ 14 3657 है मौके पर वहां के आसपास के लोगों ने पहुंचकर गाड़ी को पुलिया से बाहर निकाला और सदर थाना को खबर किया सदर थाना के एक टीम ने पहुंचकर गाड़ी को अपने कब्जे में लिया और घायल लड़का आर एन चौबे को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया।

## बिजली चोरी के आरोप में लोगों 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**मेदिनीनगर।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के आदेशानुसार बुधवार को चैनपुर बिजली विभाग के कनीय अभियंता सुभाष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें नव लोगों को बिजली चोरी कर जलाते हुए पकड़ा गया। सभी के घर से बिजली चोरी के उपकरण जब्त करते हुए बुधवार के शाम मे चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। चैनपुर बिजली विभाग के कनीय अभियंता सुभाष कुमार ने बताया कि छापामारी अभियान के क्रम में नव लोगो विद्युत चोरी कर चलाते हुए पकड़े गए हैं। सभी पर अधिकतम अट्ठारह हजार रुपए एवं न्यूनतम पांच हजार रुपए अतिरिक्त फाइन लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि इनमें अधिकांश बिजली चोरी कर जलते हुए पकड़े गए जब कुछ उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया होने के कारण विद्युत कनेक्शन कट कर दिया गया था बावजूद बिजली बिल भरने के बजाय बिजली चोरी कर जलाते हुए पकड़े गए हैं। उन्होंने सभी बकायदा बिजली उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द बिजली बिल जमा करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा। छापामारी अभियान में चैनपुर बिजली विभाग के सतनारायण प्रसाद, कृष्णा कुमार, प्रिंस कुमार, इश्तियाक अहमद मंजर खान सहित अन्य लोग सामिल थे।

### एक नजर

## मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज ने जताया आभार

**मेदिनीनगर।** चुनाव महापर्व में लोकतंत्र की मजबूती के लिए पलामू लोकसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार बिनु ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता भीषण गर्मी में घर से निकल कर मतदान करने में दिलचस्पी दिखाई। यह लोकतंत्र की ताकत है। इससे लोकतंत्र की जड़े और मजबूत होगी। इसके लिए सभी मतदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ता, संगठन एवं मतदानकर्मी बधाई के पात्र हैं।



# घूस लेते रंगेहाथ बीपीओ को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने किया गिरफ्तार

### मानदेय को चालू करने के बदले मांग रहा था 10 हजार रुपए



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज को घूस लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गुरुवार की दोपहर रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। साथ हीं सरकारी प्रक्रिया पूरी करते हुए हिरासत में भेज दिया गया है। नावाबाजार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज के द्वारा एक पारा शिक्षक के बंद किए मानदेय को चालू करने के बदले घूस के रूप में 10 हजार की मांग किया था। शिक्षक किसी को घूस नहीं देना चाहता था। इसकी शिकायत एसीबी में की। जहां पूरी मामले की सत्यापन करते हुए सही पाते हुए 9000 रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मानदेय भुगतान के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बच्चन कुमार पंकज पैसे के लिए दबाव बना रहे थे। वादी रिश्वत देकर काम नहीं करवाना चाहते थे। एसीबी को दिए गए आवेदन के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम की ओर प्रतिनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया। वादी के आवेदन और सत्यापनकर्ता के द्वारा मामले को सत्य पाते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो थाना कांड सं0- 03/2024, दिनांक- 15.05.2024, धारा-7(ए) पीसी की धारा 2018 पंजीकृत किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के धावादल के द्वारा दण्डाधिकारी व दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में प्राथमिक अभियुक्त कोल्हुआ पाटन निवासी को बच्चन कुमार पंकज को वादी से 9 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

### दो बार स्पष्टीकरण का जवाब दिया था

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर जारी की गई विज्ञप्ति में उल्लेखित है कि नावाबाजार प्रखंड 22 अप्रैल को नावाबाजार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरि प्रसाद ठाकुर और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज दोनों पदाधिकारी वादी के विद्यालय का निरीक्षण में गये थे। जहां उस दिन विद्यालय में 20 बच्चे उपस्थित थे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा वादी से स्पष्टीकरण की मांग की गई और वादी के मानदेय भुगतान पर रोक लगा दी गई। वादी द्वारा दो बार स्पष्टीकरण का जबाव दिया गया। लेकिन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज के द्वारा वादी के बंद किये गये मानदेय पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया गया। वादी के बंद किये गये मानदेय की भुगतान के लिए बच्चन कुमार पंकज के द्वारा वादी से दस हजार रुपए की मांग किया गया।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक पर जाम से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू नगर निगम के अंतर्गत आने वाले शहर के सहित चंद्रशेखर आजाद चौक जिसका पुराना नाम रेडमी चौक के नाम से प्रसिद्ध है आए दिन ट्रैफिक जाम का मामला आते रहता है जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है कुछ लोग इसमें ट्रैफिक के नियमों का पालन न करते हुए गाड़ी को इधर-उधर से घुसा देते हैं जिसके वजह से कुछ भले या मरीज को लेकर जा रहे गाड़ियों को इसका सामना करना पड़ता है हालांकि चौक के आसपास ट्रैफिक सिग्नल भी लगा हुआ है और ट्रैफिक के जवान भी मुस्तादी से वहां पर तैनात रहते हैं लेकिन फिर भी शहर के कुछ लोगों के द्वारा ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करते हुए गाड़ी को घुसा दिया जाता है कई बार तो जाम में मरीज को लेकर जा रहे एंबुलेंस में फंस जाती है जिसके वजह से काफी दिक्कत होता है इस संबंध में कुछ लोगों ने यह बात बताया कि ट्रैफिक नियम को इसमें थोड़ा और सख्त किया जा सकता है जिससे ट्रैफिक जाम काम हो भारी भरकम वाहनों का समय निर्धारित



किया जा सकता है इस समय में वह गाड़ी को क्रॉस कराया जाए तो ट्रैफिक जाम कुछ काम होगा सुबह और शाम में ज्यादातर भीड रहता है कुछ लोग अपने ऑफिस के लिए जाते हैं शाम को वही लोग ऑफिस से वापस लौटते हैं उसे भीड़ में फंस कर काफी बोर महसूस करते हैं उन्हें घर जाने में काफी देरी होती है लोगों का कहना है कि इसमें प्रशासन के द्वारा शक्ति से सभी को ट्रैफिक नियम का पालन कराया जाए जिससे ट्रैफिक जाम काम होगा।

## चतरा लोकसभा:20 मई को मतदान के लिये पांकी विधानसभा में 9 बूथ रीलोकेट




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा चुनाव 2024 के लिये 20 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं।इसी क्रम में पांकी विधानसभा अंतर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से 9 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है जिसकी **सूची निम्न है**

**बूथ नो: 35-उ.रा.म.वि. अपटी को** 34-न्यू.प्रा.वि. मिटार (सोहे में स्थित) में रिलोकेट किया गया है इसी तरह 203-रा.उ.म.वि. बिहरा को 202- उ.म.वि. सालमदीरी में रिलोकेट किया गया है। वहीं 204-उ.म.वि. बघमरी जीरो बूथ को बदलकर 202-उ.म.वि. सालमदीरी में बनाया गया है। इसी तरह बूथ 207 रा.म.वि. होटाई को बदलकर 209-उ.म.वि. बनई में रिलोकेट किया गया है। वहीं 208-रा.उ.म.वि. भवरदह को बदलकर 209-उ.म.वि. बनई में रिलोकेट किया गया है। बूथ नो : 225-उ.म.वि. गोगाड़ को 223-रा.उ.उर्दू म.वि., हुरलौंग,पूर्वी भाग में रिलोकेट किया गया है। बूथ नो:321 उ.म.वि. आबून को 322-उ.म.वि. जान्जो में रिलोकेट किया गया है। **बूथ नो:** 323-रा.उ.म.वि. गरिहारा को 324-उ.म.वि. जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है। इसी तरह 326-उ.म.वि केकरगढ़ को 324-उ.म.वि. जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है।

## चियाकी पंचायत के पति- पत्नी मारपीट मामले का निपटारा किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत में दम्पति विवाद का एक मामला आपसी समझौता से सुलझा लिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव के करीम सिंह अपनी पत्नी संगीता देवी के साथ प्रतिदिन मारपीट करते थे। इस व्यवहार से परेशान होकर पत्नी ने इस मामले की लिखित शिकायत सदर थाना में की। जहां जेसीएल समूह की सदस्यों ने शिकायतकर्ता महिला की समस्या को निपटारा कर दिया। समूह गुड़िया कुमारी, चंदा देवी, सरिता तिवारी, तारा देवी कविता कुमारी, सरिता देवी मौजूद रहीं। इस मामले को निपटाने में सदर थाना पुलिस भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के समक्ष दोनों में आपस में ताल-मेल से रहने का फैसला किया।

### नगर आयुक्त के प्रयास से मेडिकल कॉलेज को मिला पानी

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन के प्रयास से पोखराहा स्थित मेडिकल कॉलेज को इस भीषण गर्मी में पानी मिल गया। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज में पानी की किल्लत होने पर कॉलेज प्रबंध नेजिला प्रशासन एवं नगर आयुक्त से पानी उपलब्ध कराने की मांग की थी। नगर आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज स्थल का जायजा लिया।

## युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव में बुधवार रात एक युवक की मौत की सूचना है। उसके सिर पर डंडे से प्रहार किया गया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया की मौत की सूचना है, पुलिस छानबीन में जुट गई है। पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, विनय साव की भतीजी ने बताया कि विनय को बताया कि घर में कोई आदमी घुस गया है। छत पर खाना खा रहे विनय साव ने जब नीचे आकर देखा तो पता चला की वह गांव का ही राजेश ठाकुर है। जैसे ही विनय नीचे आया उसकी राजेश के साथ हाथा पाई होने लगी। इसी बीच राजेश ठाकुर ने 38 वर्षीय विनय साव के सिर



पर डंडे से प्रहार कर दिया, जिससे विनय वहीं गिर गया। विनय को गिरता देख परिवार वाले हताश हो गए। इस बीच मौका देख राजेश ठाकुर वहां से फरार हो गया। परिजनों के बताया कि उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायल अवस्था में विनय साव को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मृतक विनय साव के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी अंसारी ने बताया कि मृतक के शरीर पर जख्म के कोई निशान नहीं थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद वसतू स्थिति स्पष्ट होगी।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में पांच घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के केलहार गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों कुले बीच हुई मारपीट में पांच व्यक्ति शशि भूषण मेहता उम्र 35 वर्ष, पत्नी पूजा देवी उम्र 25 वर्ष,अजय प्रजापति उम्र 40 वर्ष, उषा देवी उम्र ,35 वर्ष सहित दूसरे पक्ष की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सभी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल शशि भूषण प्रजापति ने बताया कि उसके बगल गिर फागु प्रजापति के दामाद शंकर प्रजाति बुधवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर झंझट करने लगा।इसी बीच शंकर प्रजापति अपने घर से रॉड लेकर आया और शशि भूषण प्रजापति पत्नी पूजा देवी, बड़े भाई और भाभी को रॉड से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। इलाज के बाद भी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद घायलों के द्वारा घटना से संबंधित मामला पाटन थाना में दर्ज करा दिया गया है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में गुरुवार की शाम छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की गई।इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेज दिया गया है।वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की हर दिन लोगो को हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी है और ट्रिपल लोड चलने से मना किया जाता है।

## अस्पताल के खिड़की के बाहर फैली गंदगी से मरीज व आस-पड़ोस के लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साफ-सफाई की ओर इन दिनों बाला जी के कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं दे रहे है।जिसके वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज और आस पड़ोस में बसे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि अस्पताल में साफ सफाई का जिम्मा बाला जी कंपनी को मिला है।बाला जी कंपनी के कर्मचारी इतने लापरवाह है की अस्पताल में इन दिनों ठीक ढंग से साफ सफाई नही करवा रहे है।जिसके वजह से मरीज व परिजन परेशान है। एक तरफ जहां गर्मी की वजह से अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल के बाहर



खिड़की और ड्रेसिंग रूम के बाहर गंदगी का ढेर लगा हुआ हैं। सड़ रहे कचर के अंबार से आ रही दुर्गंध से मरीज और उनके स्वजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही गंदगी की वजह से अस्पताल के पीछे रहने वाले लोगो को भी काफी परेशानी हो रही है।गंदगी से उठने वाली बदबू से लोग परेशान है।बदबू की वजह से लोग अपने घरों में ठीक ढंग से खाना भी नहीं खा पा रहे है।साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर बाला जी के कर्मचारी पूरी तरह निष्क्रिय दिख रहे है। कभी-कभार जब स्वास्थ पदाधिकारी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचते हैं तो इसकी सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन और सफाई कर्मी एक्टिव दिखते हैं। फिर भूल जाते हैं कि अस्पताल में सफाई भी जरूरी है। दरअसल इनरजेंसी वार्ड के खिड़की पर और उसके बाहर कूड़े और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था लचर है। वार्डों में कचरे का ढेर लगा हुआ है। गंदगी के बीच इलाज कराना मरीजों की मजबूरी बन गई है। उन्हें संक्रमण का खतरा सता रहा है।वही खिड़की के बाहर पड़े कचरा सड़ने से आने वाली बदबू से मरीज काफी परेशान रहते हैं। अस्पताल के वार्डों में मरीजों को नाक पर कपड़ा रखकर इलाज करवाना पड़ रहा है। वहीं डाक्टर सहित अन्य कर्मी नाक पर मास्क लगाकर मरीजों का इलाज कर रहे है। कई कर्मियों ने बताया कि सफाई नहीं होने के कारण इन दिनों अस्पताल में ड्यूटी करने में परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। गंदगी के बीच से मरीजों को डाक्टरों तक पहुंच कर इलाज करवाना पड़ रहा है।गंदगी के कारण बीमार व्यक्ति के साथ आए स्वस्थ परिजन भी अस्पताल में आकर बीमार पड़ जा रहे हैं।

### मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडिहा का मामला

# फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के बाद विस्फोट मामले में कई राज खुलने की आशंका




**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में कबाड़ की दुकान में विस्फोट मामले की जांच फोरेंसिक की टीम कर रही है। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट के बाद विस्फोट से जुड़े कई राज खुलेंगे। एफएसएल की टीम मंगलवार की शाम रहेया नौडीहा गई थी और जांच की थी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर कई सैंपल कलेक्ट किया है। अगले दो से तीन दिनों में फॉरेंसिक की टीम जांच रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद विस्फोट से जुड़े हुए कई राज खुलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार 12 मई की रात पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में कबाड़ काटने के दौरान विस्फोट हुआ था। विस्फोट की घटना में स्क्रैप कारोबारी इश्तियाक अंसारी उर्फ छोटू, बेटा शहादत अंसारी, मजीद अंसारी पड़ोस के अंसारी, वारिश अंसारी की मौत हो गई थी। जबकि इस घटना में इश्तियाक के दो बेटियां भी जख्मी हो गई थीं । घटना ने बाद पुलिस ने इश्तियाक में घर को सील किया था।

### इश्तियाक के घर की हुई जांच

मनातू थाना की पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने मंगलवार की शाम इश्तियाक के घर के सील को खोला और करीब दो घंटे तक जांच की। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि फोरेंसिक की टीम ने जांच की है। जांच रिपोर्ट के बाद कुछ जानकारी निकल कर सामने आएगी। पुलिस विस्फोट के मामले में कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है की कबाड़ के रूप में बम को किसने बेचा था। इश्तियाक के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि 20 रुपए में किसी ने पाइप और टीवी को बेचा था।

## पुलिस ने बाजार क्षेत्र को सड़क जाम से मुक्त कराया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर। पलामू** एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर पुलिस ने गुरुवार को बाजार क्षेत्र में लगे जाम को हटाया गया। बताते चले की बाजार क्षेत्र में सब्जी बेचने वाले और स्थानीय दुकानदार अपने सामान को सड़क पर रखकर हमेशा सड़क को जाम कर देते हैं। जिसके वजह से राहगीरों को बाजार क्षेत्र में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।जाम की समस्या को लेकर बुधवार की दोपहर ट्रैफिक प्रभारी अपने दल बल के साथ बाजार क्षेत्र में पहुंचकर सड़क पर लगने वाले सभी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर कोई भी दुकानदार अपना दुकान लगाकर सड़क को जाम न करें। यदि सड़क पर रखे सामान की वजह से सड़क जाम पाया गया तो सामान को जप्त कर थाना ले जाया जाएगा। बताते चले की बाजार में समान खरीदने



या किसी काम से बाजार में आने वाले लोग बाहर में अपने वाहन को आड़े तिरछे लगा कर भी सड़क को जाम कर देते है।जिसके वजह से अन्य वाहन चालकों को भी काफ परेशानियों का सामना करना पड़ता है।वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या को देखते हुवे अब प्रतिदिन बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा।

# पानी को तरस रहे खरौंधी के ग्रामीण


चापाकल पर पानी लेने आए ग्रामीण।

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**
प्रखंड में गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की किल्लत होना शुरू हो गया है। लोग पानी एक से दो किलोमीटर दूर से ला रहे है। प्रखंड के मझिगावां पंचायत के मोहा दामर टोला में विगत पांच माह से चापाकल से कम पानी निकल रहा है। जिसके वजह से लोगो को पानी की किल्लत हो गया है। उक्त टोले पर विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा एक चापाकल लगया गया था। ग्रामीणों अपने सहयोग से चापाकल की मरम्मत करा कर पानी की किल्लत से निजात का प्रयास किया। लेकिन अत्यधिक गर्मी के वजह से चापाकल सुखता जा रहा है। मोहा दामर पर लगभग 20 घर भुइया समाज का है। जो किसी तरह जंगल क्षेत्र में घर बना कर बसे हुए है। जिसे देखते हुये विधायक भानु प्रताप शाही ने चापाकल लगवाया था। ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। चापाकल से कम पानी निकलने पर उक्त टोले के लोग एक किलोमीटर दूर मुख्य पथ सड़क किनारे लगे चापाकल से पानी लाकर पीते है। साथ मे पशु को भी पानी पिलाया करते है।

ग्रामीण लेदा भुइयां, दिरगज भुइयां, भर्दुल भुइयां, धर्मेंद्र राम, लालमन राम, परदेशी भुइयां आदि ने बताया पीएचडी विभाग के जेई को भी दूरभाष पर चापाकल की मरम्मत की मांग किया था। लेकिन ठीक नहीं करवाया गया। अंत में हम सभी ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर चापाकल के मरम्मती कराया तब जाकर पानी पी रहे है। हम सभी का दुर्भाग्य है चापाकल में पानी नहीं के बराबर है। एक दो लीटर पानी निकलने के पश्चात पानी सुख जाता है। हम लोग किसी तरह पानी इधर-उधर से लाकर पी रहे हैं। जल लाल योजना के तहत मोहा दामर में संवेदक द्वारा डीप बोर कराया गया है। लेकिन उसमे समरसेबुल, जलमीनार, घर का कनेक्कशन आदि का कार्य नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीणों नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा अमरोरा में उस स्थान पर नल जल योजना के तहत सोलर पावर लगाकर पानी सप्लाई की जा रही है। जहां पहले से ही पानी उपलब्ध है। ग्रामीणों ने बताया हम सभी लोग संवेदक, मुंशी एवं कार्य कर रहें लोगों से पानी की परेशानी के बारे में बताया लेकिन हम सभी के बातों का कोई प्रभाव उन लोग पर नहीं पड़ा। जिसके वजह से हम सभी लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

## नल जल योजना से लगी जलमीनार खराब, गहराया पेयजल संकट



केतार। केतार प्रखंड के पाचाडुमर पंचायत के चांदडीह और बीजडीह गांव में ग्रामीणों के घरों में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जलमीनार लगाये गये है। लेकिन इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, उनके घरों में पेयजल नहीं पहुंच रहा है। इस कारण चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों को पेयजल के लिए दुसरे टोला से पानी लाना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीण धीरू राज , अमित चंद्रवंशी,विजय सिंह हरिदेव उरांव, कन्हाई सिंह, रमेश उरांव, सतन उरांव, बुधनी देवी,बरती देवी ने बताया की गांव में पांच स्थानों पर जल मीनार लगया गया है लेकिन इससे ग्रामीणों को फायदा नहीं मिल रहा है। अधिकांश जल मीनार का बोरिंग 40-50 फीट रहने की वजह से जलस्तर नीचे चल गया इसी कारण जलमीनार के टंकी में पानी नहीं भर पाता है, न ही ग्रामीणों के घरों में पानी पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया की अनील उरांव और हरिदेव उरांव के घर के पास जलमीनार लगने के साथ ही खराब हो गया है। जबकि विजय सिंह , बटोही सिंह और मनु चौधरी के घर के पास लगा जलमीनार भी खराब है। जबकि बीजडीह गांव के दलीत बस्ती में एक साल पहले जलमीनार लगाने के लिए बोरिंग किया गया है लेकिन जलमीनार नहीं लगाया गया है। वहां भी पानी के लिए परेशानी हो रही है।ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसकी शिकायत संवेदक से कई दफा कर खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत कराने की बात कही गई। लेकिन संवेदक पर इसका कोई असर नहीं पड़ा जिस कारण महिनों से जल मीनार खराब है और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने तत्काल सभी खराब और अधुरे पड़े जलमीनार को ठीक कराकर घरों में पानी सप्लाई शुरू करने का मांग किया है।

## कॉलेज की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को स्नातक स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है : प्रो बबन कुमार पांडेय




**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
प्रखंड क्षेत्र के एकलौते उच्च शिक्षण संस्थान की डिग्री कक्षा में नामांकन प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए शोणभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज कांडी के प्रभारी प्राचार्य प्रो बबन कुमार पांडेय ने कहा कि स्नातक (बीए) कक्षा की कला संकाय के 2024 - 28 सत्र में नामांकन शुरू हो गया है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों व अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने निकटवर्ती एकलौते डिग्री कॉलेज में अपने लड़के लड़कियों का नामांकन कराकर उन्हें उज्जवल भविष्य की गारंटी दें। कहा कि कॉलेज की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक छात्र छात्राओं को स्नातक स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है। कॉलेज की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि यहां छात्रवृत्ति, उत्तम व समृद्ध पुस्तकालय, उन्नत कंप्यूटर लैब, छात्र छात्राओं के लिए विशेष स्टडी मैटेरियल, योग्य व अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन, निर्धन विद्यार्थियों के नामांकन में विशेष छूट, योग की कक्षाएं, सभी समेस्टर के लिए निःशुल्क अध्ययन सामग्री, आधुनिक व ऑनलाइन विशेष कक्षा, कांडी प्रखंड में परीक्षा का सेंटर, व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम, प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विशेष कक्षा तथा स्किल डेवलपमेंट की विशेष कक्षाओं की व्यवस्था उपलब्ध है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा रमना बिशनपुरा मार्ग पर गुरुवार को मझिगवां के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मृतक बिशनपुरा थाना क्षेत्र के सरांग गांव निवासी अमीरक रजवार का पुत्र अनिल कुमार रजवार 19 वर्ष बताया गया है वहीं घायलों में आमर गांव निवासी मनोज रजवार का पुत्र मिथुन कुमार रजवार एवं दर्जिया गांव निवासी कृष्णा रजवार का पुत्र राजा कुमार रजवार के नाम शामिल है दोनों घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में मृतक अनिल कुमार रजवार के पिता अमीरक रजवार ने बताया कि तीनों अपने घर से रमना किसी काम से आया हुआ था इसी दौरान रमना से घर लौट के क्रम में मझिगावा गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया इसमें मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने तीनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लेकर आ रहे थे इसी दौरान अनिल कुमार रजवार की मौत रास्ते में ही हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## कन्या विवाह एवं विकास सोसायटी ने किया सिलाई सेंटर का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
कन्या विवाह एवं विकास सोसायटी के द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई सेंटर का उद्घाटन मकरी पंचायत भवन के हॉल में करके पंचायत के वैसे इच्छुक बहनें जो सिलाई सिखना चाहती हैं उनके लिए बहुत हीं अच्छा अवसर प्रदान किया गया। अब मकरी पंचायत की बहनों को इस कार्य के लिए दुसरे स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर मेरे साथ पूर्व प्रमुख भवनाथपुर सह बीडीसी मकरी रीता देवी जी, उप मुखिया उमेश सिंह जी एवं सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली जी, कोर्डिनेटर आकाश दीप भारती जी, प्रखण्ड प्रभारी अंजु गुप्ता जी, ट्रेनर सोनी देवी जी सहित रवि पाल जी, सुनिल पासवान जी, मनोज पाल जी, मनोज यादव जी, रमेश साह जी, सतिश गुप्ता जी, प्यारे मोहम्मद जी, सहित सिलाई सिखने आई काफी संख्या में बहनें उपस्थित थीं। जिन बहनों को इस कार्य के लिए इच्छा होगा मकरी पंचायत भवन में सम्पर्क कर सकती हैं।

## डीसी ने की पथ चौड़ीकरण, फोरलेन समेत अन्य सड़क निर्माण योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण / फोरलेन निर्माण योजना समेत अन्य सड़क निर्माण योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया।
बैठक में मुख्य रूप से सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, एलपीसी निर्गत, सत्यापन रिपोर्ट समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कमर्चारियों को उक्त कार्यों से जुड़े किसी भी मामले को अपने स्तर से लंबित न रखने का निर्देश दिया। वहीं भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान की कार्रवाई भी ससमय करने का निर्देश दिया। जिससे योजनाओं का संचालन सरलता पूर्वक किया जा सके।
वहीं गढ़वा से चिनियां तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण की भी उपायुक्त ने समीक्षा किया। जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि मामले में मुआवजा भुगतान समेत अग्रेतर कार्रवाई को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। जल्द हीं सेक्शन 19 के पश्चात मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।
उपायुक्त ने आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। जिससे तय समय पर सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण कराया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदा संजय प्रजाद, परियोजना निदेशक, एनएचएआई, मेदिनीनगर / अंचल अधिकारी, गढ़वा/ मेराल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी : सिविल सर्जन



कार्यशाला में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार व अन्य।

### डेंगू के संदेहास्पद मरीजों के सैंपल जांच के लिए पहले डीपीएचएल लैब पलामू में भेजना पड़ता था, लेकिन अब गढ़वा सदर अस्पताल में ही जांच की व्यवस्था है

### मच्छर को पनपने से रोकने के लिए घर के आसपास की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान दें

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार तथा एसीएमओ डा.नवल किशोर, जिला भीबीडी पदाधिकारी डा.पुष्पा सहगल, जिला महामारी विशेषज्ञ डा.संतोष कुमार मिश्र, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी भी उपस्थित थे।
मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू समेत सभी बीमारियों के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग समेत सभी विभागों के लोग शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मादा एडिस मच्छर के काटने से डेंगू होता है। एडिस मच्छर दिन में ही काटता है। इसमें अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षण आते हैं। बुखार होने पर खूब पानी पीएं। उन्होंने कहा कि मच्छर को पनपने से रोकने के लिए घर के आसपास की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान दें।पानी के बर्तनों को ढंक कर रखें क्योंकि डेंगू के मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते हैं। सोते समय हमेशा मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर हल्के में नहीं लें। चिकित्सक से मिलकर इलाज कराएं। सभी सरकारी अस्पतालों में जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू के संदेहास्पद मरीजों के सैंपल जांच के लिए पहले डीपीएचएल लैब पलामू में भेजना पड़ता था। लेकिन अब गढ़वा सदर अस्पताल में ही जांच की व्यवस्था है। वर्ष 2023 में जिले में 133 संदेहास्पद मरीजों के रक्त जांच के लिए डीपीएचएल लैब पलामू में भेजा गया था। उनमें 10 लोग डेंगू पाजिटिव पाए गए थे। सभी इलाज के बाद स्वस्थ हो गए थे। कार्यशाला में नगर परिषद के सिटी मैनेजर, जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### खेत में मिला महिला का शव



**मेराल।** थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव निवासी राधा चौधरी 55 वर्ष के शव को थाना पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के बाद गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार राधा चौधरी बुधवार की शाम में घर से निकले थे, देर रात्रि तक घर नहीं आने पर परिजन द्वारा खोजबीन के दरम्यान खेत में मृत पाया गया। जिसकी खबर गांव में आज की तरह फैल गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना मेराल थाना पुलिस को दी गई। गुरुवार की सुबह में थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात किया तथा शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि किसी ने जहरीला पदार्थ देकर राधा चौधरी की हत्या कर दी है, थाना पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर वार्ड सदस्य मनोज चौधरी, मुखिया मनदीप सिंह सहित कई गणमान्य लोग पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दिए।

### घर में आग लगने से लाखों का सामान जल कर राख

**भवनाथपुर।** खरौंधी मोड़ के समीप मुख्य पथ के बगल स्थित बिगन साह के घर में बुधवार की देर शाम आग लगने से लाखो रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल वाहन और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अगलगी की इस घटना में घर में रखे अनाज, फर्नीचर सहित अन्य सामान जल कर खाक हो गया है। अगलगी की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पीड़ित बिगन साह ने बताया की बीते 13 मई की रात्रि घर में एक नकाबपोश चोर घुसा था, जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया था, परंतु वह भाग निकला। फिर वही चोर 15 मई की सुबह भोर में घर के सामने लगे ग्रिल के पास भी आग लगाया गया था, जिसमे कुछ बोड़ा जल गया था, परंतु देर बुधवार की देर घर के दो तले पर अचानक घर वालो ने अगलगी देखा। जिसके बाद लोगों को सूचना के साथ दमकल विभाग को फोन से सूचना दिया था।इस अगलगी की घटना के पीछे गहरी साजिश बताया जा रहा है।

### कमांडर जीप एवं ट्रेलर में हुई जोरदार टक्कर

**गढ़वा।** गढ़वा रंका मार्ग पर गुरुवार को कमांडर एवं टेलर के टक्कर में कमांडर पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी कुंदन कुमार भूइहर उसकी पत्नी बिंदिया देवी सरजुग भूहीहर की पत्नी कुंती देवी एवं मोहन भूइहर की पत्नी नारो देवी के नाम शामिल है सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में मोहन कुमार भूइहर ने बताया कि सभी लोग गोदरवाना से एक कमांडर पर आठ लोग सवार होकर गढ़वा आ रहे थे। इसी दौरान अनराज घाटी स्थित खरा टेलर में कमांडर चालक ने पीछे से धक्का मार दिया इससे कमांडर पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद सभी को आसपास के लोगों के सहयोग से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया बाकी कमांडर पर सवार लोगों को हल्की-फुलकी चोट आई है।

## न्यूज बॉक्स

### डेंगू से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें : डॉ सुचित्रा कुमारी



**बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को डेंगू दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने डेंगू होने के कारण व बचाव की जानकारी विस्तार से दिया उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिये सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें कूलर,फूलदान व पशु पक्षियों के बर्तन को प्रत्येक एक सप्ताह पर अवश्य साफ करें पानी के बर्तन व टंकी को ढंककर रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि नाली व गमलो में पानी जमा नही होने दें।खिड़की पर जाली लगावें तथा हरहाल में मच्छर काटने से बचें।उन्होंने कहा की किसी भी बीमारी से बचाव के लिये सावधानी बरतना आवश्यक है मौके पर प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा,प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी,एमटीएस विजय कुमार पाठक,अशफाक अहमद,शैलेश कुमार ठाकुर,सहायक विपेश राज तमांग,एसटीटी सुभाष पासवान,सहिया साथी सुनीता देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो घायल



**बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर गढ़वा राष्टीय राज मार्ग 75 पर पाल्हे कला ग्राम के समीप स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा इलाज के बाद चिकित्सक ने दोनों घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताया। घटना गुरुवार की दोपहर तीन बजे का बताया जाता है। घटना में घायल होने वालो में डंडई थाना क्षेत्र के डंडई निवासी अमरकांत मेहता की 18 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी तथा सुरेंद्र साव के 20 वर्षीय पुत्र बिकास कुमार का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि कार में चार लोग सवार थे। दो लोगों को हल्की चोट लगा। कार में सवार सभी लोग डंडई से बंशीधर नगर स्थित राजा पहाड़ी मंदिर दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद वापस डंडई लौट रहे थे। पालहे कला गांव के समीप कार पेड़ पर टकरा कर पलट गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया।

### स्वास्थ्य कर्मी ने रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक




**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू चिकन गुनिया बीमारी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डा रंजन दास ने बताया के देस में डेंगू और चिकन गुनिया बुखार एक गंभीर बीमारी है जो जान लेवा भी है। इससे बचने के लिए घर के आसपास गंदे पानी या एसी कूलर सही बरसाती पानी के जलजमाव से पैदा होते है। जिनके काटने से दोनो गंभीर बीमारी फैलती है।इसलिए ऐसे जगहों पर साफ सफाई के साथ लोग गंभीर बीमारी से बच सकते है। इस मौके पर डा दिनेश सिंह,एमपी डबलू विद्या नंद प्रजापति,अनूप गुप्ता,अरुण लकड़ा,संजय कुमार,धर्मजीत पासवान सहित स्वास्थ कर्मी शामिल थे।

### सिगसिगी गांव के तीन लोग हुए सड़क हादसे के शिकार, गंभीर रूप से घायल

**पलामू।** जिले के रेहला थाना क्षेत्र के सिगसिगी गांव निवासी विश्वनाथ चौधरी का पुत्र सुमेश चौधरी चैनपुर थाना क्षेत्र के कोदवाडीह गांव निवासी बंसी चौधरी का पुत्र बच्चन चौधरी एवं कटूवा गांव निवासी गुप्तेश्वर राम का पुत्र प्रमोद राम चंद्रवंशी के नाम शामिल हैं सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में प्रमोद राम चंद्रवंशी ने बताया कि सभी लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिगसिगी गांव से कोदवाडीह गांव जा रहे थे इसी दौरान सिगसिगी गांव के ही पहलवान टोला में सड़क पर रखा हुआ बांस से उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर टकरा गया इससे मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गय घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने तीनों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक की चपेट में आने से महिला हुई घायल

**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड निवासी राजेंद्र तिवारी की पत्नी संध्या देवी बुलेट मोटरसाइकिल के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई उसे बुधवार की देर शाम गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि संध्या देवी के घर का मोटर खराब हो गया था उसे बनाने के लिए मिस्त्री आया हुआ था इसी क्रम में वह अपने बगल गीर से सीधी लाने के लिए गई हुई थी इसी दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया इसके बाद संध्या देवी को घायल अवस्था में छोड़कर मोटरसाइकिल सवार ने वहां से अपना गाड़ी लेकर फरार हो गया घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बोर्ड से टकराया

**गढ़वा।** मझिआंव मार्ग पर जोबरइया गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग काम ही रूप से घायल हो गए घायलों में केरवा सुखवाना गांव निवासी अंजुम अंसारी का पुत्र मुन्ना अंसारी एवं मुळेस चौधरी का पुत्र विवेक कुमार के नाम शामिल हैं सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में मुन्ना अंसारी ने बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से मझिआंव एक शादी समारोह में जा रहे थे इसी दौरान जोबरइया गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बोर्ड में टकरा गया मोटरसाइकिल पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने दोनों को घायल अवस्था में उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## कोलवाहन की चपेट में आई दादी की मौत पोती गंभीर, रेफर

**सिमरिया (चतरा)।** जिले में कोल वाहनों का कहर लगातार जारी है। सिमरिया थाना क्षेत्र के हजारीबाग रोड में लिपदा गांव के पास बीते रात पडोसी के घर से आ रही जितनी देवी पति स्व. लालो साव 55 वर्ष की मौत अज्ञात कोल वाहन हाइवा के चपेट में आने से हो गई। जबकि महिला की पोती फुलमती कुमारी 17 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल का उपचार रेफरल अस्पताल सिमरिया में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य पथ से मालवाहक वाहनो का आवागमन रोक दिया। वहीं एसडीओ सन्नी राज, एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, इंस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी चंदन कुमार कैंप कर जाम हटाने में जुटे थे। गुस्साए लोग 13 घंटे बाद भी अपनी मांग को लेकर शव के साथ सडक पर डटे रहे। सड़क जाम रहने के कारण सिमरिया से मनातु तक लगभग 12 किलोमीटर सड़क के दोनो तरफ कोल वाहनो की लंबी कतारे लगी रही। बाद मे बीडीओ विनय कुमार और सीओ दुबे के पहल पर ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा तत्काल घायल बच्ची के इलाज के लिए पचास हजार रुपए दिया गया।

### लोस चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने कहा

# सभी अधिकारी मतदान को ले सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक करें निर्वहन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त लातेहार जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को टाउन हॉल, लातेहार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा संयुक्त रूप से सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य, ईवीएम प्राप्त करने, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की। सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गई। आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ ब्रीफिंग में दी गई जानकारी को समझ लें। इस दौरान कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने लोकसभा चुनाव हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस बल को सुरक्षित मूवमेंट प्लान, मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था संधारण, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को मतदान केंद्र तक कैसे पहुंचना है, ईवीएम मशीन को किस तरह से ले जाना है और फिर कैसे सुरक्षित उसे स्ट्रांग रूम तक पहुंचना है इन तमाम बातों की जानकारी दी गई। आगे उन्होंने कहा कि लातेहार के कुछ क्षेत्र नक्सल प्रभावित है, ऐसे में उन्हें बूथ तक जाने और मतदान खत्म होने तक तमाम तरह के सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा गया है।





सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों को लोकसभा की निर्वाचन प्रक्रिया, महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ब्रीफिंग में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। इसके अलावे सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों के सभी सवालों के जवाब भी दिये गए। इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, डीएसपी मुख्यालय संजीव कुमार मिश्र, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्नेहा 92.4 प्रतिशत के साथ बनी स्कूल टॉपर

**चतरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं परीक्षा परिणाम में जिला मुख्यालय के दीभा स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के भैया-बहनों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दशम के परीक्षा परिणाम में स्नेहा कुमारी (पिता सतीश कुमार साव) 92.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी। वो शुरू से ही मेधावी छात्रा रही और प्रत्येक कक्षा में प्रथम आती रही। वही उत्कर्ष तिवारी 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं 88.8 प्रतिशत अंक के साथ ऋतिक राज तृतीय स्थान पर रहे। जबकी दशम बोर्ड 2024 की परीक्षा में सभी भैया बहन उत्तीर्ण हुए। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के संरक्षक डॉ. विजय अग्रवाल, अध्यक्ष संतन पाण्डेय, सचिव संजय सिन्हा व कोषाध्यक्ष मुकेश साह ने सभी भैया-बहनों के सफलतम परीक्षा परिणाम हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

### संदेहास्पद स्थिति में पेड़ में झूलता मिला किशोरी का शव

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव स्थित सखुआ पेड़ में दुपट्टा से झूलता किशोरी का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला है। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका लावालौंग थाना की बताई जा रही, जो अपनी मौसी के घर मां के साथ काफी दिनों से रह रही थी। ग्रामीणों की मानें तो लगभग 7 बजे सुबह आम्रपाली पीओ ऑफिस के बगल स्थित आरकेएस नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी के आफिस की ओर जाते दिखी थी। प्रथम दृष्टया घटना को लेकर अधिकांशतः लोग आत्महत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। बहरहाल घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। साथ हीं, पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर गहनता से पड़ताल कर रही है।

### भाजपा के पथ सभा का आयोजन

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धनखेरी पंचायत के परोका गांव स्थित बगीचा में भाजपा नेता सुनील सिंह के अध्यक्षता में पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बारी-बारी से पंचायत के 6 बूथों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी बूथ अध्यक्ष ने अपने बूथ का हाल अध्यक्ष के समक्ष रखते हुए कहा कि पूरे बूथ से 80 प्रतिशत मत भाजपा के पक्ष में जाना तय है। मौके पर राजेश प्रसाद गुप्ता, राजेश सिंह, नवीन सिन्हा, संजय सिंह अशोक प्रजापति, रघुनाथ नायक, रणधीर सिंह, दुलार ठाकुर, रणजीत सिंह अरविंद प्रजापति, विजय प्रजापति, काजल देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीबीएसई की परीक्षा में प्रीमियर एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम



**प्रतापपुर (चतरा)।** बिगत वर्ष की भांती इस वर्ष भी प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रीनिमर एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देकर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रौशन किया है। परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वालों में सानु कौशल ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, जबकि अमन कुमार 83.6 प्रतिशत, आर्यन राज 80 प्रतिशत, राजन कुमार 82.8 प्रतिशत, शौर्य प्रताप 83.4 प्रतिशत, राहुल कुमार 65.8 प्रतिशत, मंगल कुमार 64.2 प्रतिशत, पुष्कर कुमार 63.6 प्रतिशत, शिवम कुमार 69.8 प्रतिशत, आलिया खान 61.2 प्रतिशत, राजनंदनी 68.4 प्रतिशत और हरे राम 67.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। छात्रों के शानदार सफलता पर एकेडमी के निदेशक मो. शाहनवाज आलम खान, प्राचार्य कृष्णकुमार यादव ने बच्चों के इस सफलता पर बधाई और शुभकामनएं देने के साथ सभी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

# केएन त्रिपाठी के पक्ष में किया प्रचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** महागठबंधन इंडिया ब्लॉक के चतरा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को जीत सुनिश्चित करने हेतु महागठबंधन दलों के नेताओं ने चुनाव के तिथि नजदीक आने के साथ ही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार अभियान एवं जनसंपर्क अभियान जोर शोर से चलाना शुरू कर दिया। इस क्रम में गुरुवार को उकामांड पंचायत के विभिन्न गांवों जनसंपर्क अभियान चलाते हुए केएन त्रिपाठी के पक्ष में वोट देने की अपील किया गया। गंठबंधन के राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी ने सामाजिक मुरू ग्राम में आयोजित सभा में देश से बेरोजगारी दूर करने, संविधान बचाने, महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए देश हित में महा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को कांग्रेस के हाथ छाप में वोट देने की अपील किया। सभा को गठबंधन की अन्य दलों के नेताओं ने भी कांग्रेस प्रत्याशी श्री त्रिपाठी को वोट देने की अपील किया।गठबंधन के नेताओं ने इसके साथ ही प्रखंड के जुरूहार, हरिनामाड़, बारी चट्टान समेत दूसरे क्षेत्रों में भी पूरे दिन जोर शोर से जनसंपर्क अभियान चलाते हुए त्रिपाठी के पक्ष में हाथ छाप में वोट देने की अपील किया। इस अभियान में 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी, सुरेश यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता शशि भूषण तिवारी, माले नेता कमलेश सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, समेत महागठबंधन के अन्य दलों के कई सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### भाजयुमो का सघन जनसंपर्क अभियान जारी

**महुआडांड।** भाजयुमो के महुआडांड प्रखंड अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह के नेतृत्व में गुरुवार को भाजयुमो के कार्यकर्त्ता महुआडांड प्रखण्ड स्थित सोहर व नेतरहाट पंचायत के दर्जनो ग्रामों का दौरा कर लोगों से मिलकर देश के प्रधानमंत्री के उपलब्धियों के बारे में अवगत साथ ही लोगों को आगामी 20 मई को भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी श्री कालीचरण सिंह को क्रम संख्या 1 पर कमल छाप का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि कुमार सोनी, मुकेश जायसवाल, अमित जायसवाल, अनिल कुमार आदि साथ-साथ थे।

### भाजपा के गढ़ में कांग्रेस सेंधमारी को बेताब

# बीजेपी के सामने 2019 के चुनाव में मिले 66 % वोट बचाने की चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगड़ा।** भाजपा के गढ़ इटखोरी, मयूरहंड, पत्थलगड़ा व गिद्धौर प्रखंड में कांग्रेस सेंधमारी करने को बेताब है। ज्ञात हो कि इटखोरी तथा मयूरहंड प्रखंड में हुए लोकसभा चुनाव 1989 से ही भाजपा का गढ़ बना और उसी समय से भाजपा प्रत्याशी को झोली भरकर वोट मिलता रहा है। वर्ष 2019 में के लोकसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को दोनों प्रखंडों से 66 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए थे। इसके अलावे गिद्धौर व पत्थलगड़ा भी बीजेपी का गढ़ ही माना जाता है। लेकिन इस बार इन प्रखंडों में कांग्रेस पार्टी सेंधमारी करने को बेताब दिख रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि इटखोरी एवं मयूरहंड प्रखंड में बुंदेला राजपूत मतदाताओं की संख्या बेहतर है। साथ ही बुंदेला राजपूत मतदाता भाजपा के परंपरागत वोटर भी माने जाते रहे हैं। 1984 के लोस चुनाव तक बुंदेला राजपूत मतदाताओं का वोट कांग्रेस को ही मिलता था। लेकिन राम लहर में हुए 1989 के चुनाव में बुंदेला राजपूत मतदाताओं का वोट भाजपा की ओर शिफ्ट हुआ। 2000 के विस चुनाव को अपवाद मान ले तो अब तक हुए सभी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बुंदेला राजपूत मतदाता भाजपा को वोट करते आ रहे हैं। 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में तो बुंदेला राजपूतों ने एक तरफा होकर भाजपा प्रत्याशी सुनील कुमार सिंह को वोट किया था। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह को इटखोरी एवं मयूरहंड प्रखंड से 66 प्रतिशत से अधिक वोट मिला था। प्राप्त आंकड़ों पर गौर करें तो इटखोरी व मयूरहंड प्रखंड में पड़े 55 हजार वोट में 40 हजार से अधिक वोट भाजपा प्रत्याशी को मिला था। शेष वोट का बंटवारा कांग्रेस, राजद व अन्य प्रत्याशियों ने किया था। यहां गौरतलब है कि भाजपा प्रत्याशी को मिले 66 प्रतिशत वोट में सर्वाधिक योगदान बुंदेला राजपूतों का था। वहीं इस बार इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी बुंदेला राजपूत मतदाताओं को भाजपा के प्रति रुझान को अपने पक्ष में करने के प्रयास में जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं।

## घर की छत पर सो रहे युवक को अपराधियों ने कनपट्टी में मारी गोली, गंभीर, रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत अंतर्गत भगत मोड़ के पास घर की छत पर सोए एक युवक को अपराधियों ने कनपटी में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त युवक थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम अंतर्गत टोका टोला निवासी छोटेलाल उरांव के पुत्र गोपाल उरांव है। जिसे परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर ध्रुव कुमार ने घायल गोपाल उरांव की स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गोपाल उरांव बीते बुधवार की मध्य रात्रि में भगत मोड़ स्थित अपने नवनिर्मित आवास की छत पर सपरिवार सोए हुए थे कि ईसी बीच अज्ञात अपराधियों ने बगल की घर की छत को फानकार उन्हें सोए हुए अवस्था में कनपटी पर गोली मारकर फरार हो गए। इस घटना में गोपाल उरांव के कनपटी के पास गोली लगने से एक आंख को क्षतिग्रस्त करते हुए नाक के पास से गोली बाहर निकल गई है। जिस कारण उक्त युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय सदलबल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे और अपनी देख रेख में इलाज कराते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भिजवाया और मध्य रात्रि में ही बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय घटनास्थल पर पहुंच मामले का छानबीन किया। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है वही परिजन दहसत में है।

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने महागठबंधन के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन, कहा

# विकास, रोजगार और विस्थापन मुद्दा है पार्टी का

### भाजपा ने अपनी हार देखते हुए प्रत्याशी बदला है

**नवीन मेल संवाददाता**



**टंडवा(चतरा)।** गुरुवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय के शाहिद चौक के समीप चंदन गुप्ता के घर में झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव द्वारा महागठबंधन के चुनाव कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वहीं महागठबंधन कार्यकर्ताओं को जीत को लेकर हुंकार भरी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पुरे देश में इंडिया गठबंधन का बोलबाला एवं लहर है, जो विकास, रोजगार एवं विस्थापन के मुद्दे पर बात करती है। उन्होंने ने कहा की चतरा लोकसभा के महागठबंधन उम्मीदवार केएन त्रिपाठी एक अनुभवी शख्सियत हैं। वे झारखंड के पूर्व मंत्री भी रह चुके है इस बार चतरा का बदलाव होकर रहेगा और श्री त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित है। इसके लिए राजद, झामूमो, कांग्रेस व अन्य दलों के कार्यकर्ता उनके जीत के लिए गांव-गांव में लगे हुए है। श्री साव ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में सीसीएल, एनटीपीसी जैसी बहु कंपनिया संचालित है जहां हजारों लोग नौकरी, मुवावजा एवं विस्थापन हुए हैं। युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है। उन्होंने लोगो को अवगत कराया की श्री त्रिपाठी इन कंपनियों के विरुद्ध लोकसभा में विस्थापन रोजगार के मुद्दो को उठाने का काम करेंगे। इस लिए कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर बटन दबाकर जीत दिलाएं। श्री साव ने कहा की एनडीए का पहिया ध्वस्त हो चुका है। एनडीए का 400 पार का सपना अधूरा रह जायेगा। चतरा में पूरे 10 वर्ष एक ही पार्टी के सांसद को लोगों ने देखा है। जो हमेशा जनता से दूर रहें इस बार जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी हार को देखते हुए प्रत्याशी बदला है। मौके पर गोविंद पंडा प्रखंड महासचिव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवि गुप्ता, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष आशिक अंसारी, चंद्रदेव साहू, तिलेश्वर साव, जागेश्वर दास, उपेंद्र यादव, सुबेश राम, कामेश्वर यादव, समेत महागठबंधन कें कार्यकर्ता मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 30.05.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09/2024 | शीशम बोटा–4 पीस (4 फीट 5 इंच X 42 इंच–1 पीस; 4 फीट 6 इंच X 60 इंच–1 पीस; 7 फीट 5 इंच X 52 इंच–1 पीस एवं 7 फीट 9 इंच X 66 इंच–1 पीस)। | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 324859 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D


### उपायुक्त ने बूथों पर मुलभूत सुविधाओं को लेकर की बैठक

# मतदान सुबह 07 से 05 बजे शाम तक होगा प्रत्येक बूथों पर व्हील चेयर की रहेगी व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी चतरा ने समाहरणालय सभा कक्ष से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिले के संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक कर बूथों पर मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व जिले में अधिक से अधिक मतदान हो उसे लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान सभ को तीन दिनों तक लगातार जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। बताया गया कि अब लक्ष्य वोटिंग बढ़ाने पर है। हम सबों को सक्रिय भूमिका निभानी है। हर हाल में पिछले चुनाव से ज्यादा मतदान हो इसका प्रयास करना है। वैसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूचि में है परन्तु उनके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नही हैं वो भी कर सकेंगे मतदान। सभी फोटोयुक्त पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेंशन दस्तावेज, सेवा पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, अधिकारिक पहचान पत्र, फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, दिव्यांग यूनिक आईडी, स्मार्ट कार्ड दस्तावेजों के साथ मतदान कर सकते है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोगों से अपील की आप सभी मतदान करने अवश्य अपने घर से निकल कर बूथ पर जाएं, परिवार के साथ जाएं और मतदान करें। इसके अलावे उन्होने सीएपीएफ लोकेशन पर बहाल की गई मुलभुत सुविधाओं का निरीक्षण करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया। आगे उन्होने कहा जिले के सभी बूथों पर प्रर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था हो, दिव्यांग व 85 व उपर के वृद्ध मतदाताओं के लिए प्रत्येक बूथ पर व्हील चेयर रहें, विद्युत की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। अगर किसी भी बूथ पर विद्युत की समस्या होती है तो उसके लिए वैकल्पिक भी व्यवस्था कर लें। वहीं वाहन मैनेजमेंट को लेकर सभी बीडीओ को जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर वाहन की समस्याओं का निषपादन करने का निर्देश दिया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन कराते हुए सुचारू रूप से संचालन कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसी अरबिन्द कुमार, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा छोड़ कद्दावर नेता व संघ के प्रखंड अध्यक्ष अपने समाज के दर्जनों लोगों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल



**बारियातू।** भाजपा मंडल महामंत्री सह लम्बे समय से कार्यरत कदावर नेता निरंजन राम व बारियातू प्रखंड के खरवार भोगता विकास संघ अध्यक्ष बहादुर गंझु अपने दर्जनों समाज के लोगों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में शामिल होते निरंजन राम व बहादुर गंझु को माला से सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें की 20 मई को चतरा लोक सभा चुनाव होना है। निरंजन राम भजपा में काफी लम्बे समय से काम कर रहे थे। उन्होंने ने बताया की मुझे भाजपा से मान सम्मान नहीं मिला जिसके कारण हम कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और कांग्रेस मुझे अच्छा लगा। वहीं बारियातू प्रखंड के खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु अपने दर्जनों कार्यकर्त्ताओं के साथ कांग्रेस में शामिल होकर अपने सभी समाज के लोगों को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी को सहयोग करने का आग्रह किया है। मौके पर भुइयां समाज के वरिष्ठ नेता लाखो भुइयाँ, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार,उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, चुनाव प्रभारी रंजन दुबे ने कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकत्ताओं को माला और कांग्रेस का पट्टा पहना व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। ठीक इसके पश्चात लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने भी सभी शामिल हुए लोगों को स्वागत किया और कहा की अभी क्षेत्र में महागठबंधन के लिए मेहनत के साथ काम करना है। आप सभी कांग्रेस पार्टी की वोट के लिए आम जनमानस को अधिक से अधिक प्रेरित करें। गठबंधन के सभी सिपाहियों को क्षेत्र में लगन के साथ मेहनत करने की अपील की है। मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"

आम–सूचना

Tel. No. (Election Office) – 06562-224033
E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 3153 दिनांक 11.05.2024 के साथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 11.05.2024 के माध्यम से प्राप्त सहमति के आलोक में सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित 04–चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत पलामू जिला के 75–पाँकी विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आयोग को प्रेषित 09 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

04–चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 75–पाँकी विधानसभा क्षेत्र में अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | जिला | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र की विवरणी। | मतदान केन्द्र की विवरणी जहाँ पूर्व के मतदान केन्द्रों को Relocate किया गया है। |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 01 | पलामू | 75–पाँकी | 35–उ0रा0म0वि0, अपटी | 34–न्यू0प्रा0वि0 मिटार (सोहे में स्थित) |
| 02 | पलामू | 75–पाँकी | 203–रा0उ0म0वि0 बिहरा | 202– उ0म0वि0 सालमदीरी |
| 03 | पलामू | 75–पाँकी | 204–उ0म0वि0 बघमरी जीरो | 202–उ0म0वि0 सालमदीरी |
| 04 | पलामू | 75–पाँकी | 207– रा0म0वि0 होटाई | 209–उ0म0वि0 बनई |
| 05 | पलामू | 75–पाँकी | 208–रा0उ0म0वि0 भवरदह | 209–उ0म0वि0 बनई |
| 06 | पलामू | 75–पाँकी | 225–उ0म0वि0 गोगाड़ | 223–रा0उ0उर्दू म0वि0, हुरलौंग, पूर्वी भाग |
| 07 | पलामू | 75–पाँकी | 321–उ0म0वि0 आबून | 322–उ0म0वि0 जान्जो |
| 08 | पलामू | 75–पाँकी | 323–रा0उ0म0वि0 गरिहारा | 324–उ0म0वि0 जोलहबिगहा |
| 09 | पलामू | 75–पाँकी | 326–उ0म0वि0 केकरगढ़ | 324–उ0म0वि0 जोलहबिगहा |

उपरोक्त मतदान केन्द्र क्षेत्र में निवास करने वाले सभी आम मतदाताओं से अनुरोध है कि वे लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 20.05.2024 को निर्धारित मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कॉलम संख्या 05 में अंकित मतदान केन्द्रों पर जाकर अवश्य करेंगे।

'मतदाता बनें– लोकतंत्र को मजबूत करें।"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 324872 Palamu(24-25)D

## एक हाथी ने मचाया उत्पात, अनाज भी चटकर गए गजराज

**भरनो।** गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखंड स्थित रायकेरा गांव में एक हाथी ने फिर से उत्पात मचाया। बीते रात रायकेरा गांव निवासी किसान सुखदेव उरांव के घर के दीवार को तोड़कर घर के अंदर बसखे एक क्विंटल धान की बोरी को बाहर निकाल कर खा गया और बर्बाद कर दिया। जिस वक्त हाथी सुखदेव उरांव के घर को तोड़ रहा था उस वक्त सुखदेव उरांव अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ में अपने परिजन के यहां शादी समारोह में भाग लेने के दूसरे गांव गए हुए थे। यह घटना प्रातः 4:00 बजे की बताई जा रही है। किसान सुखदेव नें बताया की हाथी के द्वारा उसके घर को ध्वस्त कर देने से उसको रहने का भी दिक्कत होगा। अमलीया और रायकेरा जंगल से निकल कर आसपास के गावों में आए दिन जंगली हाथी ग्रामीणों के घर को निशाना बना रहें हैं।

# गहराया जल संकट, लोग चुंआ का पानी पीने को मजबूर

### ग्रामीण क्षेत्रों में कई नदियों, तालाबों और कुओं की स्थिति चिंताजनक







**नवीन मेल सवाददाता। लोहरदगा**
जिले में इन दिनों जल संकट देखने को मिल रहा है शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलस्त्रोतो के सूखने से लोगों के बीच जल संकट उत्पन्न हो गया है। लोहरदगा की नदी तलाब और कुएं भी पूरी तरह से सूख चुके हैं जिससे सुदूर क्षेत्रों में आदिम जनजाति के ग्रामीण चुंवा का पानी पीने को मजबूर है। मई माह के इस पहले सप्ताह में ही नदियों, तालाबों और कुओं की स्थिति पूरी तरह से भयावह हो चुकी है। भीषण गर्मी के बीच लोगों के सामने पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है शहरी क्षेत्र के नदी सुख चुके हैं जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है और लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। वही जिले के पेशरार प्रखंड के सुदूर क्षेत्र तुइमु गांव में आदिम जनजाति के लोग रहते हैं लेकिन आज तक उन्हे स्वच्छ पेयजल नसीब नही हुआ है लोग चुवा का पानी पीने को मजबूर है गांव में जलमिनार भी वर्षो से खराब पड़ी हुई है। इस क्षेत्र में अधिकारी भी बहुत कम पहुंचते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी ने जल्द सुदूर क्षेत्र में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की बात कर कहा जो सुदूर क्षेत्र में आदिम जनजाति के लोग चुवें की पानी पीते हैं उनसे अपील है पानी गर्म कर के पिए केंद्र सरकार को इस क्षेत्र के विकास के लिए परपोजल भेजा गया है जैसे ही योजना पास होती हैं उसे धरातल में उतार कर आदिम जनजाति के लोगो के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## भंडरा में चुनाव समाप्ति के बाद शुरू हुई हार-जीत की चर्चा

**नवीन मेल सवाददाता। भंडरा**
लोहरदगा लोक सभा चुनाव समाप्ति के बाद अब लोगों को मतगणना होने का इंतजार है। प्रखंड भर लोगों की अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने को लेकर चचाएं पूरे शबाब पर हैं। कोई किसी पार्टी को जिता रहा, तो कोई किसी पार्टी को। लोगों की प्रतिक्रियाएं यहां तक देखने को मिली कि वे अपने प्रत्याशी को गुणा-गणित में जितवाने में आक्रोशित भी होते दिखे। वहीं प्रखंड भर में मतगणना तक अपनी-अपनी राय जारी रहेगी। चाय की दुकानों के साथ ही घर के बाहर प्रत्याशियों के समर्थक जहां अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे है। वहीं आम आदमी भी इसी बात पर जगह-जगह बहस व दावे करते हुए आसानी से देखे जा रहे हैं। हालांकि प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद भले ही हो गया हो, लेकिन कस्बे व आस-पास के क्षेत्रों में दूसरे दिन भी चुनावी हलचल और समर्थकों का उत्साह देखा जा रहा है। यह बात अलग कि अब तक लोग किस प्रत्याशी को कितने वोट मिलेंगे। किसके साथ कौन बिरादरी जुड़ेगी की चर्चा करते रहे है। कितु मंगलवार को मतदान के बाद ईवीएम में प्रत्याशियों के भाग्य बंद होने के बाद इन चचाओं पर विराम लगा है। अब चर्चा हो रही है किसको मिलेंगे कितने वोट, किसके सर पर बंधेगा जीत का सेहरा। कौन जीतेगा या किसकी सरकार बनेगी। अब लोग सारे काम काज छोड़कर मात्र जीत हार का कयास लगा रहे हैं। चर्चा कभी कभी यहां तक बढ़ जाती है कि समर्थक अपनी बात को ऊपर रखने के लिए आवेश में आ जाते है। चर्चा में शामिल रहने वाला किसी न किसी पार्टी से जरूर जुड़ा होता है।

# सीएचसी में जेनरेटर खराब होने से मरीज व स्वास्थ्य कर्मी परेशान

**नवीन मेल सवाददाता। भंडरा**
भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेनरेटर खराब होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियो, मरीजों एवं उनके परिजनों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा केन्द्र में हजारों रुपए खर्च कर जनरेटर की व्यवस्था तो की गई है। लेकिन जनरेटर काफी पुराना होने से आए दिन खराब होते रहता है । कई बार मरम्मत कराई जाती है लेकिन पुराना होने से कुछ दिनों में ही जनरेटर खराब हो जाता है पिछले लंबे समय से जेनरेटर बंद पड़ा है। ऐसे में बिजली गुल होने पर केन्द्र में भर्ती मरीजों को गर्मी एवं उमस के कारण परेशानी होती है। इसके अलावा पैथोलॉजी लैब में होने वाली जांचें भी नहीं हो पाती है। ऐसे में मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए बिजली सप्लाई शुरू होने




का इंतजार करना पड़ता है। बिजली गुल होने से मरीज पसीने में तरबतर होते रहे। वहीं डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। केन्द्र की लैब में महिलाओं की खून एवं यूरिन की जांच की जाती है। प्रसूताएं, धात्री महिलाएं सहित अन्य मरीज खून एवं यूरिन की जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। लेकिन बिजली सप्लाई बंद होने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने के कारण पैथोलॉजी जांच का काम पूरी तरह से ठप हो जाता है। ओपीडी में आने वाले मरीज पैथोलॉजी में खून की जांच कराने पहुंचते हैं, तो पता चलता है कि बिजली नहीं है। ऐसे में मरीजों को निजी पैथालॉजी में जांच करानी पड़ती है। साथ ही कई मरीज जो दूरदराज के गांवों से आते हैं, उन्हें बिजली सप्लाई शुरू होने का इंतजार करना पड़ता है।

### लोहरदगा सदर अस्पताल में अग्निशमन विभाग की टीम ने किया मॉक ड्रिल

**लोहरदगा।** जिला अग्निशमन विभाग की टीम ने गुरुवार को लोहरदगा सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल कर लोगों को आग से बचाव के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन के नेतृत्व में विभाग के कर्मियों ने सदर अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल किया। इस दौरान अस्पताल कर्मियों को अग्नि से बचाव, सावधानी बरतने, अग्निकांड से होने वाली क्षति, अग्निकांड को रोकने एवं इनसे बचाव के उपाय, बिजली के शार्ट सर्किट, गैस सिलेंडर व अन्य कारणों से लगने वाली आग से बचाव के तरीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा गैस सिलेंडर में लगी आग को किस तरह बुझाया जाए इसे प्रयोग कर दिखाया गया। अग्निशमन विभाग लीडिंग फायरमैन मनीष कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से अस्पताल कर्मियों के को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर लोहरदगा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ शंभू नाथ चौधरी, अग्निशमन विभाग से शौकत अली, अभिजीत कुमार वर्मा समेत अस्पताल के कई कर्मी उपस्थित थे।

**विद्या मंदिर में नवनामांकित भैया-बहनों का सम्मान समारोह आयोजित**

## संस्कारों से समरस हों नवनामांकित भैया-बहन : श्याम सुंदर कुमार

**नवीन मेल सवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा षष्ठ से नवम तक में नवीन नामांकित भैया बहनों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम नवीन भैया बहनों द्वारा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने इस मौके पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि- नवीन भैया बहन विद्यालय के लिए प्रमुख आकर्षण हैं। आप सभी विभिन्न विद्यालयों से आए हुए हैं। विद्या मंदिर द्वारा संचालित व्यवस्थाओं एवं संस्कारों से आप सभी समरस हों, यही अपेक्षा की जाती है। इसके बाद नव नामांकित भैया बहनों में से शशि कला उरांव, सुरभि उरांव, रवि कुमार, लाल अंश नाथ शाहदेव,ने अपना अनुभव




कथन रखते हुए विद्यालय व्यवस्था को आदर्श एवं प्रेरक बताया। इन भैया बहनों ने विद्यालय के अनुशासन एवं संस्कार की सराहना की । इस अवसर पर बहन समृद्धि सिन्हा, निधि शर्मा एवं सहेलियों ने- चंदन है इस देश की माटी-यह प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के विज्ञान आचार्य राजीव कुमार सिंह ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि-नवीन भैया बहनों का सम्मान करना विद्या भारती की परंपरा है। इससे आप सभी नवीन नामांकित भैया बहनों की पहचान बनती है। आप सभी एक दूसरे से परिचित होते हैं और विद्यालय व्यवस्था से जुड़ते हैं। विद्यालय की अंग्रेजी विषय की वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में कहा कि- सभी नवीन नामांकित भैया बहनों में कुछ न कुछ विशेष कला अवश्य होती है। मौके पर उस कला का प्रदर्शन करके अपनी विशेष पहचान बनाने का प्रयास सभी भैया बहन करेंगे। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### लीजेंड कप का दूसरा मुकाबला घाघरा और टोटो के बीच

**गुमला।** मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लीजेंड कप 2024 का आज दूसरा मुकाबला घाघरा और टोटो के बीच खेला गया। जिसमें घाघरा ने टॉस जीतकर पहले यह गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टोटो की टीम ने 9.2 ओवरों में सभी विकेट होकर 66 रन ही बना सकी। टोटो की तरफ से अंतिम में बल्लेबाजी करने आए असीम ने 16 रन, अंकित ने 13 रन व मंटू ने 11 रन का योगदान दिया। घाघरा की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए दिनेश ने तीन ओवरो में 23 रन देखकर 3 विकेट हाशिल की वही रोहित ने तीन ओवर में 12 रन देखकर 2 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उत्तरी घाघरा की टीम ने 5.4 ओवरों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। घाघरा की तरफ से रोहन ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 13 गेंद में 38 रन की पारी खेली, वहीं विजय ने पांच गेंद पर 15 रन की पारी खेली।

## पागल कुत्ते ने हमला कर नोच डाला महिला का हाथ



**नवीन मेल सवाददाता। कुडू**
कुडू प्रखण्ड के टाटी गांव में गुरुवार को पागल कुत्ते ने एक महिला को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार टाटी गांव निवासी सुशील लकड़ा की पत्नी प्रभा तिर्की 40 वर्ष अपने घर के बाहर बैठी थी उसी समय उसके पड़ोसी के कुत्ते ने उसपर हमला कर दिया। और महिला के दाहिने हाथ और शरीर को बुरी तरह नोचकर लहूलुहान कर दिया। महिला द्वारा काफी चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग दौड़े जिसके बाद कुत्ते को भगाया। लेकिन तब तक प्रभा के दाहिने हाथ पर कुत्ते ने कई वार कर पूरा मांस खा गया। कुत्ते के हमले में बुरी तरह जख्मी महिला को उपचार के लिए कुडू के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जहाँ महिला का उपचार चल रहा है। प्रशासन द्वारा आवारा और पागल कुत्तों को रोकने और इनके आतंक से लोगों को बचाने के लिए कभी कोई पहल नही की जाती है। फलस्वरूप प्रति वर्ष सिर्फ कुडू प्रखंड में सैंकड़ो लोगो को नोचकर अस्पताल पहुंचाते हैं।

## भंडरा में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

**नवीन मेल सवाददाता। भंडरा**
भंडरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया । सर्वप्रथम राजकीय मध्य विद्यालय भौरों में डेंगू दिवस पर कार्यक्रम किया गया जिसमे एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो के द्वारा बताया गया की डेंगू साफ जमे हुए पानी में पनपते है डेंगू संक्रमित मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, मसूड़ों से खून आना, भूख न लगना, यदि ये लक्षण हो तो निकट के सरकारी अस्पताल या योग्य चिकित्सक से तुरंत संपर्क करना चाहिए। बचाव के उपाय मच्छरों से बचे, घर के आस पास सफाई रखे, पानी के बर्तनों को ढंक कर रखे ,क्योंकि एडीस मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते है। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की टंकी, गमलों , कुलर, फ्रिज ट्रे, फूलदान आदि की सफाई कर सुखा लेना चाहिए, हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोए, बुखार होने पर पानी ज्यादा मात्रा में पीना चाहिए, और अस्पताल जा के खून जांच कराना चाहिए, सभी सरकारी अस्पताल में जांच और उपचार की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है, बचाव ईलाज से बेहतर



होता है किसी भी बुखार को हल्का में न ले, यह डेंगू /चिकनगुनिया हो सकता है। इस कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय भौरों से प्रथम पुरस्कार हरी प्रसाद, द्वितीय पुरस्कार किरंती कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय बेदाल से प्रथम पुरस्कार आरती कुमारी , द्वितीय पुरस्कार पंखी कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय जमगाई से प्रथम पुरस्कार अंजना कुमारी ,द्वितीय पुरस्कार मनिता असुर, राजकीय उच्च विद्यालय गाराडीह मुस्कान खातून द्वितीय पुरस्कार गुंजन खातून छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सरोज उरांव, लक्ष्मी, एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो, राजेश्वर तिर्की एमपीडब्ल्यू, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, हीरामणि उरांव, रानीमतिऔर शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।

# मानव जीवन का सार है श्रीमद्भागवत कथा : कथावाचक रामसेवक पाठक

### श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को मिलता है पुण्य

### हटिया गार्डन काली मंदिर में चल रही है श्रीमद्भागवत कथा

**राहुल कौशल। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के हटिया गार्डन स्थित श्री हरिबाबा काली मंदिर में 07 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा चालू है। जहाँ हर दिन दोपहर तीन बजे से संध्या छह बजे तक तीन घंटे कथा का वाचन होता है। हर दिन मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रद्धालु भक्त कथा का श्रवण कर रहे हैं। मौके पर कथावाचक पंडित रामसेवक पाठक ने कथा के पांचवे दिन सूर्यवंशी राजाओं के चरित्र का वर्णन, माँ गंगा का पृथ्वी पर अवतरण, वासुदेव देवकी का चरित्र , देवताओं द्वारा भगवान के गर्भ में स्तुति, भगवान का पृथ्वी पर अवतरण, बासुदेव जी के द्वारा भगवान को ब्रज में छोड़कर आना, गोकुल में भगवान का जन्मोत्सव व बाल कीड़ाये आदि का वर्णन



किया। कहा कि धर्म व ईश्वर पर आस्था के प्रति सजग हो। भगवान हरि का ध्यान करें और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर जीवन में उतारने का प्रयास करें। बिना परिचय किसी के साथ श्रद्धाभाव के साथ संबंध व संपर्क स्थापित नहीं होते। इसीलिए यह जानना जरूरी है कि श्रीमद् भागवत कथा क्या है। इस कथा के सुनने से क्या लाभ है। भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया की भगवान सभी जीवों में व्याप्त हैं। मनुष माया मोह के जंजाल में पड़ा रहता है। तब उसका मन स्थिर नहीं होता। मन में तमाम विकार उत्पन्न होते है ,जिससे वह मानव रूपी जीवन पाकर भी भगवत भजन की ओर नहीं चल पाता, जबकि जीवन का सार यही है, की कुछ पल उस परमपिता परमेश्वर को भी दिया जाये जिसने इस मानवरूपी अमूल्य जीवन दिया है। मानव जीवन में भक्ति से मन की शान्ति संभव है। मनुष्य को बिना हरी की भक्ति के संत की प्राप्ति नहीं हो सकती। बड़े भाग्य से मानव तन की प्राप्ति होती है और इसको केवल व्यसनों में ही नहीं विताना चाहिए। हमारे द्वारा किया गया सत कर्म से सभी प्रकार के फल को पाया जा सकता है। गौरतलब है कि कथा 12 मई से शुरू हुई थी जो 19 मई तक चलेगी। कथा के पहले दिन श्रीमद्भागवत महात्म्य , गौकर्ण उपाख्यान, देवर्षि नारद का चरित्र, सुखदेव मुनी का चरित्र का वर्णन किया गया। दूसरे दिन अश्वत्थामा द्वारा द्रोपदी के पुत्रों का मारा जाना, अश्वत्थामा का मान मर्दन, राजा परीक्षित का गर्भ में रक्षा बताई गई। तीसरे दिन श्रीकृष्ण का द्वारिका गमन, पांडवो का परमधाम गमन, परीक्षित द्वारा कलयुग का दमन, चतुश्लोकी भागवत का उपदेश, मनु के कन्याओं का वँशो का वर्णन, दक्ष यज्ञ विध्वंस, भक्त ध्रुव चरित्र, राजा अंग का चरित्र, महाराजा पृथु का आविर्भाव, पुनर्जन्म व उपाख्यान पर कथा सुनाई गई। चौथे दिन गजेंद्र द्वारा भगवान की स्तुति, दुवार्सा ऋषि द्वारा इंद्र को श्राप, समुद्र मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार पर कथा सुनाई गई। मौके पर देवेंद्र पाठक, आनन्द पाठक, जितेंद्र पाठक के अलावे बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### गुमला में टेंपो पलटने से पांच लोग घायल, एक की स्थिति गंभीर



**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित कांशी टोली मोड़ में एक ऑटो (टेंपो) पल्टने से 5 लोग हुए घायल, ऑटो टेंपो के नीचे दबने से नवाडीह काशी टोली निवासी 15 वर्षीय समेश्वर उरांव गंभीर रूप से हुआ घायल, घटनास्थल में उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में उक्त सभी घायलों को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां गंभीर रूप से घायल समेश्वर उरांव के पेट और चेहरे में गंभीर चोट लगी है और उसका एक पैर भी टुट गया हैं, बताया जाता है की उक्त सभी पांच लोग सोसो मोड़ ग्राम स्थित एक शादी समारोह से भाग लेकर और एक टेंपो में सवार होकर वापस अपने घर नवाडीह काशी टोली आ रहे थे, इसी क्रम में तेज रफ्तार होने के कारण उक्त टेंपो पल्ट गया और उक्त चार लोगों को मामूली चोटे आई हैं, जबकि समेश्वर उरांव उक्त टेंपो के नीचे दब गया था फलस्वरूप उसे गंभीर चोटे आई हैं, जिसका इलाज गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों के देखरेख में समेश्वर उरांव का इलाज चल रहा हैं।

### पदाधिकारियों और कर्मियों ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान



**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य मे संलग्न पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा गुरुवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा में बने सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। दिनांक 17 मई 2024 को पोस्टल बैलेट से मतदान होगा जिसमें चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची लोकसभा क्षेत्र के मतदाता शामिल होंगे। आज भी इन्हीं जिलों के मतदाता शामिल हुए।

### घाघरा प्रखंड के डुको पिपरटोली निवासी मजदूर की गोवा में हुई मौत



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड के डुको पीपरटोली निवासी मजदूर की मौत गोवा में बीते बुधवार को हुई। इस आशय की जानकारी गुरुवार को दिन के 3 बजे देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि मनिया लकड़ा जो गोवा में रहकर मजदूरी का काम करता था। बीते बुधवार को काम करने के दौरान छत से नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रतनवा उरांव ने बताया कि मनिया लगभग सात माह पूर्व गोवा राज्य काम करने के लिए गया था। जहां वह किसी कम्पनी में घर बनाने के कार्य में मजदूरी का काम कर रहा था। बीते बुधवार की शाम लगभग 4 बजे छत के सेट्रिंग में चढ़कर छड़ बांध रहा था। इसी दौरान वह सेटरिंग छत से नीचे गिर गया।और घायल हो गया। जिसके बाद कंपनी के लोगों ने आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। साथ में काम कर रहे लोगों ने घटना की जानकारी मनिया के परिजन को गांव में दूरभाष पर दिया। जिसके बाद कंपनी ने परिजन को गोवा बुलाया गया है। जहां से मृतक के शव को परिजन के साथ पैतृक गांव भेजा जाएगा। वहीं परिजनों ने अंचल प्रशासन से सहयोग की बात कही। परिजनों ने ये भी बताया बताया कि घर से वह इकलौता बाहर कमाने जाता था।

### अज्ञात वाहन ने दूल्हा के भाई को मारी टक्कर, गंभीर स्थिति में रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित सिलम नेशनल हाईवे 23 स्थित बाईपास मार्ग में बुधवार की रात करीब 8 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से संतोष कुमार भगत गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। संतोष के सिर में गंभीर चोट लगी है।उसकी स्थिति चिंताजनक है। बताया जाता है कि संतोष अपने पिता फेकू भगत के साथ बाहर मजदूरी करता था। उसका छोटे भाई अशोक भगत का सदर प्रखंड के वृंदा गांव स्थित पैतृक घर मे विवाह कार्यक्रम था।मंगलवार को विवाह संपन्न होने के बाद बुधवार को चुमावन कार्यक्रम था।घर मे मेहमानो की भीड़ लगी हुई थी। खान पान के साथ वर वधु को चुमावन कार्यक्रम चल रहा था। तभी संतोष रिस्ते की सास को उसके घर छोड़ने के लिए बाइक में सवार होकर सिलम ढोल टोली गांव गया था। जहां वह सास को छोड़ कर वापस चुमावन कार्यक्रम में लौट रहा था। इसी दौरान सिलम बाईपास रोड में तेजरफ्तार में एक अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही संतोष मौके पर लहूलुहान होकर बीच सड़क पर गिर पड़ा।तभी राहगीरों की नजर उसपर पड़ी।सर पर गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर उसका अत्यधिक रक्तस्त्रव हो चुका था। इधर संतोष के साथ हुए हादसे के बाद सूचना मिलते ही चुमावन कार्यक्रम में खुशी का माहौल गमगीन हो गया। लोग भाग कर सदर अस्पताल पहुचे। इसके बाद घायल संतोष को रिम्स ले जाया गया।

### बगडू में महिला समूहों के बीच यूटेंसिल किट का वितरण




**लोहरदगा।** हिंडालको सीएसआर के माध्यम से बगडू में 9 महिला समूहों के बीच यूटेंसिल किट का वितरण किया गया। हिंडाल्को बगडू सीएसआर टीम द्वारा यूटेंसिल किट का वितरण कार्यक्रम में महाप्रबंधक (खान) राजेश रंजन अंबस्ठा, हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार प्रमुख एवं बगडू खान प्रबंधक राज सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लोहरदगा क्लस्टर हेड राजेश रंजन अंबस्ठा ने उपस्थित महिला समूहों के सदस्यों को कहा कि इन यूटेंसिल किट के माध्यम से ग्रामों के विभिन्न आयोजनों में रोजगार के रूप में लाभ ले सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक आयोजनों में उपयोग में ला सकते हैं। सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने कहा कि हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से दिए जा रहे सुविधाओं का समुचित लाभ लेकर आगे बढ़े। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, मुखिया बेटहट राजकिशन उरांव, बगडू मुखिया रानी मिंज, गौरी शंकर, रूपक दुबे, अनिल सिंह, सुनील चौधरी, अभिनव ठाकुर, वीरेंद्र गोप, चैती देवी, शनिया भगत समेत बगडू, नीचे बगडू, जामुन टोली, बेट हट, भुसाड़, बड़ चोर गई, छोट चोरगाईं एवं चांपी आदि के ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवकों ने अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टरों को पकड़ा



**धनबाद।** मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड खटाल के युवकों ने आधा दर्जन अवैध बालू लोड ट्रैक्टर सहित चालकों को अलग-अलग स्थानों से पकड़कर अपने कब्जे में ले लिया. घटना बुधवार अहले सुबह की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद बालू के अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय पुलिस दिनभर सुलह कराने में व्यस्त रही. पुलिस के काफी दवाब पर करीब 13 घंटे बाद युवकों ने ट्रैक्टरों व चालकों को मुक्त किया. सभी बिना नंबर के ट्रैक्टर महुदा क्षेत्र के तेलमोच्चो के आसपास के बताए जाते हैं.

### हत्या के दो आरोपी को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना

**किरीबुरु।** चक्रधरपुर थाना काण्ड सं0- 35 / 2018, हत्या के आरोपी प्रवीर चटर्जी, पिता स्व० अनिल चटर्जी एवं प्रमाण चटर्जी, पिता प्रवीर चटर्जी, दोनों भालयाकुदर, थाना- चक्रधरपुर निवासी को न्यायालय ने आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया. इस संबंध में चाईबासा पुलिस ने जारी व्याण में बताया कि उक्त दोनो आरोपियों ने संपत्ति विवाद में अमिताभ चटर्जी को चाकू से मार कर हत्या कर दिया था.अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया था।

### केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 96 बूथों पर बांटेगी मेडिकल किट

**जादूगोड़ा।** केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसाबनी प्रखंड के 96 बूथों पर 25 मई को मतदान के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है. इसको लेकर सिविल सर्जन कार्यालय से दवाइयों की खेप गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केंदाडीह भेज दी गई है. इस मेडिकल किट में बुखार, बदन दर्द, सर्दी, दस्त, ओआरएस समेत चोट लगने पर प्राथमिक उपचार की सुविधा में मिलेगी.मतदान के दिन मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए एम्बुलेंस सभी बूथों पर भ्रमण करेगी. जरूरत पड़ी तो बीमार मतदान कर्मियों को एबुलेंस से अस्पताल ले जाया जाएगा. यह बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सुंदर लाल हेम्ब्रम ने कहीं. उन्होंने कहा कि सही दवा लोगों को मिले, इसको लेकर सभी बूथों पर एएनएम, सीएचओ व सहिया की तैनाती रहेगी।

### अज्ञात वाहन ने दो स्कूटी में मारी टक्कर दो महिला घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के चंद्रपुर चौक के पास चाकुलिया प्रखंड के सरडीहा पंचायत के मुखिया दानगी सोरेन और बांकशोल के स्वास्थ्य सहिया पाणी हेम्बम दोनों अलग-अलग स्कूटी से बहरागोड़ा आ रहे थे. इसी दौरान पीछे से भारी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस घटना में दोनों स्कूटी सवार महिलाएं गिरकर घायल हो गईं। चाकुलिया से एक कार में सवार होकर बहरागोड़ा आ रहे पार्थो महतो, दीपेश पोलाई एवं संजय दास ने स्थानीय लोगों की सहायता से अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाकर भर्ती कराया। इस दौरान स्वास्थ्य सहिया पानी हेंब्रम की छाती और कमर में चोट आई है जबकि मुखिया को हल्की चोट आई है।वहीं पानी हेंब्रम की इस सड़क हादसे में स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जानकारी के मुताबिक सरडीहा पंचायत के मुखिया दानगी सोरेन ने बताई की दोनों अलग-अलग स्कूटी से बहरागोड़ा मुख्य बाजार आ रहे थे।

# सभी सरकारी स्कूलों में स्थानीय भाषा में शुरू की जाएगी पढ़ाई : मुख्यमंत्री

**जिस साहित्य को इन महान विभूतियों ने सौ साल पहले लिखा, वह आज भी अतुलनीय है**




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गुरुवार को जमशेदपुर में बंगभाषियों की संस्था बंग बंधु की ओर से आयोजित कवि गुरु रबीन्द्रनाथ टैगोर एवं काजी नजरुल इस्लाम के जयंती समारोह में शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से जुड़ी सभी स्थानीय एवं जनजातीय भाषाओं तथा संस्कृतियों का संरक्षण और संवर्धन हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के साथ अगले महीने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बांग्ला, ओड़िया एवं सभी जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति करके, प्राथमिक स्तर पर इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू की जायेगी।

तभी हम इन भाषाओं एवं संस्कृतियों को संवर्धित कर के अपनी अगली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत सौंप पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस साहित्य को इन महान विभूतियों ने सौ साल पहले लिखा, वह आज भी अतुलनीय है।

इस देश को राष्ट्रगान देने वाले रबीन्द्रनाथ टैगोर और अंग्रेजी शासन के खिलाफ अपने गीतों एवं नाटकों के माध्यम से क्रांति का संदेश देने वाले काजी नजरुल इस्लाम जैसी महान हस्तियों पर पूरे देश को गर्व है। झारखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तथा विशेष कर कोल्हान और संथाल परगना के कई हिस्सों में, बांग्ला भाषा का इस्तेमाल एक प्रमुख भाषा के तौर पर होता है। मैंने अपनी पढ़ाई रामकृष्ण मिशन के स्कूल से की है, इसलिए बंगभाषी समाज की गौरवशाली संस्कृति को हमने करीब से महसूस किया है।

### बिजली बहाल करने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के माटिहाना पंचायत अंतर्गत कुम्हार टोला के ग्रामीण बीस दिनों से टोला में बिजली नहीं रहने का दंश से झेल रहे हैं. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर जल जाने के पश्चात नये ट्रांसफार्मर बदलने की समस्या के कारण लोग डिबरी के युग में जीने को विवश है. गुरुवार दोपहर को ग्रामीण बहरागोड़ा स्थित विद्युत पावर ग्रिड पहुंचे. इन्होंने विभाग के महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया है कि विगत बीस दिनों से मटिहाना मध्य विद्यालय एवं टोला में बिजली नहीं है. साथ ही बिजली नहीं होने के कारण ग्रामीण गर्मी में काफी परेशान है.उधर विद्यालय के विद्यार्थियों को गर्मी में शिक्षा ग्रहण करना पड़ रहा है. वहीं विद्यालय में मोटर नहीं चलने के कारण मध्यान भोजन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**निर्दलीय अर्जुन बैठा ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

## जनता का प्यार और आशीर्वाद मेरी ताकत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा का क्षेत्र भ्रमण मे ग्रामीणों में जोश व उत्साह दिखाई दे रहा है। गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अर्जुन बैठा के आगमन पर तूफानी जनसमर्क किया गया। कार्यकताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान अर्जुन बैठा ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सभी कार्यकताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा के साथ हैं मौके पर गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में एक सामूहिक बैठक रखी गई जिसमें कई गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।।वही गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के बदवरा, गोलगो,लेदा, हरला पंचायत, पोखर्ची, बसामाता,छाताबाद छोटकी खराडीहा गांव, में जनसंपर्क करते हुए में सभी गणमान्य कार्यकर्ता ग्राम पंचायत बरमसिया 2 में ग्राम टोटपा में बूथ कमेटी बनाया गया।लेदा पंचायत पंडित,हरिजन टोला और पाण्डेय टोला में अर्जुन बैठा को लोकल उम्मीदवार लेकर कुछ बात को रखा गया । साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, वही पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात भी किया। और ग्राम रघुसिंघा ,पंचायत अलगुंदा, ग्राम घोषासिंघा ,पंचायत अलगुंदा,ग्राम बंशीडीह पंचायत लेदा ,ग्राम गादी पंचायत लेदा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

## पोस्टल बैलेट से गिरिडीह डीसी ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को गिरिडीह समाहरणालय के फैसिलिएशन सेंटर में जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए अपना मतदान किया। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, आईटी एसिस्टेंस, कल्याण विभाग समेत कई अन्य अधिकारियों ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री लकड़ा ने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से एसेंशियल सेवा से जुड़े हुए लोग, मतदान कार्य में लगे अधिकारी, कर्मी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। बताया कि गिरिडीह जिले में लगभग 13 हजार से ज्यादा पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले मतदाताओं का फॉर्म जेनरेट हुआ है। जिसमें लगातार लोगों के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रहा है।इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी होम वोटिंग सुविधा की भी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि होम वोटिंग के जरिए दिव्यांग, 85 प्लस बुजुर्ग तथा असक्षम मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा रहा है। कहा कि लोकसभा चुनाव में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहें इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कहा कि कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहते हुए मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते हैं,वे अब इस प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।इस दौरान उन्होंने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने निर्धारित तिथि और मतदान केंद्रों पर पहुंच लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### गुदड़ी राजकीयकृत प्लस टू उवि में 12वीं की पढ़ाई पुनः चालू करने की मांग

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी प्रखंड में एक भी प्लस टू उच्च विद्यालय नहीं है. इस कारण 10वीं की पढ़ाई करने के बाद 12वीं की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों के समक्ष परेशानी उत्पन्न हो जाती है. गुदड़ी के बिरकेल पंचायत के गिरु में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का निर्माण भी वर्षों पूर्व कराया गया था, लेकिन यहां कभी भी 12वीं की पढ़ाई शुरू नहीं हुई. इस कारण इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को 10वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद या तो लंबी दूरी तय कर सोनुवा, गोईलकेरा जाना पड़ता है या फिर पढ़ाई छोड़नी पड़ती है.इसे देखते हुये गुरुवार को गुदड़ी के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बिरकेल पंचायत की मुखिया कुंवारी बरजो ने की।

## कोडरमा वर्षों से उपेक्षित, यहां की धरती को सजाने का करेंगे काम : विनोद सिंह

**इंदिरा गांधी मैदान जमुआ में इंडिया गठबंधन की जनसभा संपन्न**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा के चार चरण चुनाव सम्पन्न हुए हैं। इंडिया गठबंधन बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड देश का सबसे बड़ा घोटाला है।

कहा कि कोविशिल्ड वैक्सीन में बड़ी गड़बड़ी थी.आज लोगों के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।कहा कि मोदी जी झूठ बोलकर सत्ता में आये और झूठ बोलकर 10 वर्ष तक देश का बेड़ा गर्क किये हैं। श्री भट्टाचार्य गुरुवार को इंदिरा गांधी मैदान जमुआ में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओ को फंसाने का काम किया जा रहा है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा की आवाज देश मे गूंजे इसके लिए मुझे आशीर्वाद दें ताकि आपके बातों को, जनता के सवालों पर सड़क से संसद तक मजबूत लड़ाई लड़ी जाए। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की रहनुमाई हम करेंगे। हर जरूरतमंद, बेजुबान, कमजोर, बेबस की आवाज को दबने नहीं देंगे। कोडरमा वर्षों से उपेक्षित रहा है। यहां की धरती को सजाने का काम करेंगे।

हम किसानों, नौजवानों,मजदूरों के लिए आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी,आम आदमी पार्टी के कृष्ण मुरारी शर्मा,ओम प्रकाश महतो, देवंती भारती, अजय कुमार मन्टू, रब्बुल हसन, राजद के गिरीन्द्र यादव जे एम एम की गीता हजरा, कांग्रेस के सच्चिदानन सिंह, जय प्रकाश राय,भाकपा माले के अशोक पासवान, विजय हसन बंटी, अभिमन्यु राम,असगर अली,ऊष्मान अंसारी, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम, आम आदमी पार्टी के अमित सिंह,रोजन मियां,आशीष भदानी सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

### एनओसी बगैर केबुल बस्ती में सीधे बिजली दे टाटा स्टील : सरयू राय

**जमशेदपुर।** केबुल टाउन क्षेत्र के निवासियों के घरों में टाटा स्टील के द्वारा नौ वेंडरों के माध्यम से बिजली की पूर्ति की जा रही है. इस वजह से क्षेत्र के लोगों को 25 से 30 प्रतिशत अधिक दर पर बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। क्षेत्र के सभी घरों में सीधा कनेक्शन देने को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही दिवालिया केबुल कंम्पनी के आरपी याचिका में निहित बिन्दुओं का जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। झारखंड सरकार और टाटा स्टील के अधिवक्ताओं ने भी याचिका का समर्थन किया। यह जानकारी जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दी। वह गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राय ने बताया कि आगामी 10 जून को ग्रीष्मावकाश के बाद न्यायालय खुलने पर मामले की सुनवाई होगी। टाटा स्टील के वकील ने कहा कि कंपनी केबुल टाउन के सभी घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने पर सहमत हैं, परंतु दिवालिया घोषित हो चुकी केबुल कंपनी के आरपी इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं।

टाटा स्टील को दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से एनओसी मांगने की कोई जरूरत नहीं विधायक सरयू राय ने कहा कि टाटा स्टील को दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगने की कोई जरूरत नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा क्षेत्र के मोहनपुर में एनडीए चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**गिरीडीह।** शहरी क्षेत्र के मोहनपुर में एनडीए के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी उपस्थित हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ व आजसू के जिलाध्यक्ष गुड्डु यादव शरीक थे। यहां अतिथियों के हाथों गिरीडीह लोकसभा अंतर्गत शहरी क्षेत्र के मोहनपुर में पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रंजीत राय, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रकाश सेठ, श्याम प्रसाद, संजय साहू, पूनम देवी, मनीलाल, उदय समेत आजसू और भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इंडी गठबंधन की ओर से चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**गिरिडीह।** चुनाव का समय नजदीक आते ही सभी दलों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। गुरुवार को बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने गावां प्रखंड के जगदीशपुर, खेरड़ा, मानपुर, धरहरवा, गड़गी व माल्डा में बैठक कर के विनोद सिंह को जनसमर्थन देने की अपील की। कहा कि इंडिया गठबंधन के द्वारा ही क्षेत्र का कल्याण हो सकता है। इधर माले नेता सकलदेव यादव ने माल्डा, नगवां समेत कई गांवों में बैठक कर इंडिया प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की अपील की।

## बिरसानगर में छापेमारी, अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के बिरसानगर में उत्पाद विभाग और जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त किया गया है. इसके अलावा टीम ने 81 लीटर नकली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिरसानगर के लालटांड स्थित जंगल में मोहन कर्मकार द्वारा बड़े पैमाने पर महुआ चुलाई शराब भट्ठियां चलाई जा रही है। सूचना पर टीम ने छापेमारी की और दो भट्ठियों को ध्वस्त कर मौके से 4500 किलो जावा महुआ और 80 लीटर चुलाई शराब जब्त किया।

साकची का व्यक्ति कर रहा अवैध शराब का कारोबार इधर, छापेमारी कर लौटते समय टीम ने एक बाइक पर सवार दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में पाया। टीम को देख एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया पर एक को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सतीश कुमार गुप्ता बताया। तलाशी के क्रम में उसके पास से कुल 81 लीटर अवैध विदेशी शराब पाई गई। पूछताछ में सतीश ने बताया कि वह सोनारी में रहता है। साकची जेल चौक निवासी विनोद सिंह शराब की आपूर्ति करता है।

## इसरो संगठन के उद्यमी अगलगी के शिकार कंपनी के मालिक से मिले, जताई संवेदना

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**
इंडस्ट्रियल एरिया फेज 6 स्थित बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी में हुई अगलगी की घटना का जायजा लेने गुरुवार को इसरो के प्रतिनिधि बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी पहुंचे। इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतरियार के नेतृत्व में उद्यमियों ने कंपनी के मालिक संजीव कुंडू से मिलकर संवेदना जताई और हर संभव साथ देने का भरोसा दिलाया. रूपेश कतरियार ने बताया कि अगलगी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है. छोटे उद्यमियों के लिए इस तरह की घटना काफी पीड़ादायक होती है. उनके पास कंपनी को फिर से स्टेबल करना चुनौतियों भरा होता है।

साथ ही नुकसान की भरपाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कंपनी के मालिक के जज्बे की सराहना की. उन्होंने बताया जब घटना घटी तब संजीव कुंडू शहर के बाहर थे. घटना की सूचना मिलते ही सभी घायलों का टाटा मुख्य अस्पताल में ईलाज कराने का निर्देश दिया. उसके बाद फौरन शहर वापस लौटे और डॉक्टरों से मिलकर घायलों का बेहतर से बेहतर उपचार कराने की बात कही. उन्होंने बताया कि एक उद्यमी के लिए यह सबड़े दुःखद घड़ी होता है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा**
**(ई०डी०सी०/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)**

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**संशोधित आदेश**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से VED (Voters on Election Duty) के मतदाताओं को मतदान कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक–112/पो0बै0,लो0 दिनांक 10.05.2024 में गठित सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मियों में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न प्रकार प्रतिनियुक्ति की जाती है :–

**सुविधा केन्द्र हेतु प्रतिनियुक्ति (संशोधित)**

| क0 सं0 | सुविधा केन्द्र का स्थान/तिथि | लोकसभा क्षेत्र का नाम | नामित मतदान पदाधिकारी | पूर्व में सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम | वर्तमान में सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 16.05.2024 से 17.05.2024 तक | चतरा/कोडरमा/हजारीबाग/धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/रांची। | Polling Officer 2 | श्री सुनिल चन्द्र कुँवर, जनसेवक, कुडू, 7250958988 | विजय बैठा, सहायक शिक्षक, मो0 9386609699 |
| | | | Polling Officer 3 | श्री अवध किशोर प्रसाद, जनसेवक, कुडू, 7903365754 | शिव कुमार प्रजापति, सहायक शिक्षक, मो0 7277988092 |
| 2 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 21.05.2024 से 22.05.2024 तक | धनबाद/गिरीडीह/जमशेदपुर/राँची/राजमहल/गोड्डा/दुमका | Polling Officer 3 | विजय बैठा, सहायक शिक्षक, मो0 9386609699 | श्री सुनिल चन्द्र कुँवर, जनसेवक, कुडू, 7250958988 |
| 3 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 24.05.2024 से 25.05.2024 तक | राजमहल/गोड्डा/दुमका | Polling Officer 3 | शिव कुमार प्रजापति, सहायक शिक्षक, मो0 7277988092 | श्री अवध किशोर प्रसाद, जनसेवक, कुडू, 7903365754 |

शेष कंडिका यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324861 Lohardaga(24-25).D

## चीन को हराने के लिए रद्द हों अंग्रेजी कानून

***जीटीआरआई*** द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में चीन 118.41 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। यह एक व्यापारिक मजबूरी है जिसने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से आयात 44.7 प्रतिशत बढ़कर 70.32 अरब डॉलर से 101.75 अरब डॉलर हो गया, जबकि चीन को भारत का निर्यात 16.66 अरब डॉलर रहा। प्रमुख रूप से लौह अयस्क, सूती धागा, कपड़े, हथकरघा, मसाले, फल और सब्जियां, प्लास्टिक और लिनोलियम जैसे क्षेत्रों में भारत का निर्यात बढ़ा है। चीन से आयात में वृद्धि के कारण भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 2023-24 में 85.09 अरब डॉलर हो गया। जीटीआरआई रिपोर्ट का विश्लेषण करें, तो पाते हैं कि चीन से आयात में कमी नहीं आने के कई कारण हैं। भारत ने 2023-24 में चीन से 4.2 अरब डॉलर का टेलीकॉम व मोबाइल फोन आयात किया है, जो इस वर्ग में कुल आयात का 44 फीसदी है। इसी तरह, भारत ने कुल कंप्यूटर व प्रौद्योगिकी आयात का 77 प्रतिशत, नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े उपकरणों के आयात का 65.5 प्रतिशत, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के कुल आयात का 75 प्रतिशत हिस्सा चीन से मंगाया है। साफ है कि भारत आवश्यक व रणनीतिक तौर पर बेहद जरूरी सेक्टर में भी चीन से आयातित उत्पादों पर काफी निर्भर है। पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। चीनी सामान के बहिष्कार व सरकार द्वारा विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण, कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग को ?प्रोत्साहन दिया है। पीएम मोदी द्वारा स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने व वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीद को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्यूफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए सरकार को और अधिक कारगर प्रयास करने होंगे, तो दूसरी ओर देश के उद्योग-कारोबार क्षेत्र को भी चीन से व्यापार असंतुलन दूर करने के लिए प्रतिस्पर्धा करने के प्रयास करने होंगे। भारतीय निर्यातकों के समक्ष आ रहे बाजार पहुंच के मुद्दों को सरकार को प्राथमिकता के आधार पर चीन से बात करनी होगी। देश से निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने के लिए अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज करने के साथ युवा श्रमशक्ति को कौशलयुक्त करना होगा। नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर क्रियान्वयन से लॉजिस्टिक लागत घट सकती है। अब फिर से देशवासियों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का संकल्प लेना होगा। यह समझना होगा कि चीन से व्यापार असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि देश का उद्योग-कारोबार और कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार में भी बहुत पीछे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि जीटीआरआई रिपोर्ट के मद्देनजर भारत व्यापार घाटा कम करने के लिए रणनीतिक रूप से तेजी से आगे बढ़ेगा। यह भी उम्मीद है कि जिस तरह भारत ने भारतीय खिलौना उद्योग को पल्लवित-पुष्पित करके चीनी खिलौनों के आयात में भारी कमी की, उसी तरह उद्योग-कारोबार के अन्य क्षेत्रों में भी चीन से आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने के नए उपाय किए जाएंगे। साथ ही देश के बाजार में चीनी उत्पादों के वर्चस्व को तोड़ने के लिए प्रमुख उद्योग और कारोबार स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। सबसे बड़ी बात हमें यह समझने की है कि चीन सबसे कम लागत में सामान कैसे बना रहा है जिसमें भारत से लेकर अमेरीका तक सामान पहुंचाने का खर्च तक शामिल है।

इन दिनों

# हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र के चुनाव का गौरवशाली इतिहास



विजय केसरी

***हजारीबाग*** लोक सभा संसदीय क्षेत्र में हुए चुनाव का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस इतिहास से हम सबों को जरूर परिचित होना चाहिए। 1947 में देश को आजादी मिली थी। 26 जनवरी, 1950 में लोकसभा में भारत का संविधान पारित हो जाने के बाद 1950 में ही अंतरिम संसद का गठन कर लिया गया था। 1950 में हजारीबाग के ज्ञानी राम (स्वाधीनता सेनानी) को अंतरिम संसद में एक सांसद के रूप में मनोनीत किया गया था। बाबू राम नारायण सिंह (स्वाधीनता सेनानी) 1927 से लेकर 1946 तक केंद्रीय विधानसभा में छोटा नागपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे थे। 1946 में जब संविधान सभा का गठन हुआ था, तब केंद्रीय विधानसभा को भंग कर दिया गया। केंद्रीय विधानसभा के सारे सदस्यों को अंतरिम संसद में सांसद तौर पर मनोनीत कर लिया गया था। इसलिए बाबूराम नारायण सिंह अंतरिम संसद में स्वतः सांसद मनोनीत कर लिए गए थे। 1947 में देश की आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप जवाहरलाल नेहरू ने शपथ लिया था। स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह केंद्रीय सत्ता की दिशा से काफी नाराज थे। उन्होंने 1950 में ही अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। तब वे देश के एक चौकीदार के रूप में अपनी महती भूमिका अदा किए थे। 1947 से लेकर 1952 तक लोकसभा अंतरिम मनोनीत सांसदों के द्वारा संचालित रहा था। भारत में पहला आम चुनाव 1952 में संपन्न हुआ था। 1952 में हुए देश का पहला चुनाव हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से बाबू राम नारायण सिंह ने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। उन्हें रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा स्वर्गीय कामाख्या नारायण सिंह की पार्टी छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त था। इस चुनाव में बाबूराम नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार स्वाधीनता सेनानी स्वर्गीय ज्ञानी राम पच्चीस हजार वोटो से पराजित किया था। तब देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। 1957 में राजमाता ललिता राजलक्ष्मी जनता पार्टी के सीट पर चुनाव लड़ी थी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के बदरू जमा खान को पराजित कर विजय दर्ज की थी। इस संदर्भ में दिलचस्प बात यह है कि 1957 के चुनाव के पूर्व रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा कामाख्या नारायण सिंह ने बाबू राम नारायण सिंह के समक्ष यह शर्त रखी थी आप एक बाउंड लिख कर दीजिए कि आप छोटा नागपुर संताल परगना जनता पार्टी के आजीवन सदस्य रहेंगे। तब बाबूराम नारायण सिंह ने कहा था कि 'शेर को बांधकर नहीं रखा जा सकता है।' इस घोषणा को प्रात उन्होंने 1957 का चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया था। तब देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। 1962 में देश का तीसरा लोकसभा चुनाव हुआ था। हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र से रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा कामाख्या नारायण सिंह के छोटे भाई डॉ वसंत नारायण सिंह जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के जमाल अंसारी को भारी मतों से हराया था। तब भी देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। 1967 में देश का चौथा लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ था। जनता पार्टी की ओर से डॉ बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के नेता दामोदर पांडेय को पराजित किया था। तब देश के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निधन 1964 में हो गया था। कुछ दिनों के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में गुलजारीलाल नंदा ने योगदान दिया था। उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री कुछ वर्षों के लिए देश के प्रधानमंत्री बने थे। 11 जनवरी 1966 को लाल बहादुर शास्त्री के अकस्मात निधन हो जाने पर इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री देश बनी थी। 1968 में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से हुए लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की ओर से मोहन सिंह ओबेरॉय ने कांग्रेस पार्टी के राम नारायण शर्मा को हराया था। गौरतलब यह है कि मोहन सिंह ओबेरॉय का हजारीबाग से कोई भी लेना-देना नहीं था। मोहन सिंह ओबेरॉय, ओबेरॉय ग्रुप के मालिक थे। उन्होंने रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा कामाख्या नारायण सिंह से चुनाव लड़ने का पेशकश किया था। मोहन सिंह ओबेरॉय को मालूम था कि जनता पार्टी के टिकट पर आसानी से चुनाव जीतकर संसद पहुंच जाएंगे। इसलिए उन्होंने हजारीबाग से चुनाव लड़ने निर्णय लिया था। यह बात सही साबित हो गई थी। वे आसानी से यहां से चुनाव जीतकर दिल्ली संसद तक पहुंच गए थे। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद दोबारा हजारीबाग की ओर रूख नहीं किया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के दामोदर पांडेय ने रामगढ़ राज्य की राजमाता ललिता राजलक्ष्मी को हराया था। तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। इसी कालखंड में भारत पाकिस्तान युद्ध हुआ था। उस युद्ध में भारत विजयी रहा था। इंदिरा गांधी ने अपनी कूटनीति के तहत पाकिस्तान को बांग्लादेश और पाकिस्तान दो भागों में विभक्त कर दिया था। भारत-पाकिस्तान के इस युद्ध में भारत ने अपना सरदार शौर्य का प्रदर्शन किया था। तब और इंदिरा गांधी की जय जय कार चहुंओर हो रही थी। 1977 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जनता पार्टी की ओर से डॉ वसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार दामोदर पांडेय को भारी मतों से पराजित किया था। यह चुनाव देश में लागू आपातकाल के बाद हुआ था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ देशभर में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। देश के तमाम विरोधी पक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। 1977 के हुए लोकसभा चुनाव में केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी थी। मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**




प्रथम निर्वाचित सांसद बाबूराम नारायण सिंह

## आपकी बात

### हमीदगंज में बिजली और पानी पर लगा अंकुश

**मेदिनीनगर** हमीदगंज वार्ड न0 25 में बिजली और पानी की दो प्रमुख समस्याओं से यहां रहने वाली जनता त्रस्त है। पुरे देश में विधुतीकरण होने के बावजूद इस क्षेत्र में खुले तार ऐसे ही लटकते नजर आते है। जिसके वजह से जान माल का खतरा हमेशा बना रहता है मोहल्ले में जिस पर आम जनता द्वारा बिजली विभाग से कई बार शिकायत के बावजूद भी कोई निदान नहीं किया गया है। दूसरा पानी की बात करे तो हमीदगंज में एक ऐसा भी क्षेत्र है यहां भारी संख्या में लोग रहते हैं। पानी की वजह से लोग एक-एक सप्ताह तक नहा नहीं पाते हैं। यहां तक की पीने के लिए पानी लोगों को तरसना पड़ रहा है इस संबंध में बातचीत के दौरान जिम्मेदार नागरिक अभिषेक राज ने बताया जो कि समाज के सेवा के लिए काफी सक्रिय रहते हैं जहा सप्लाई पानी 1 दिन बिच कर मिल पता है जबकि दूसरे फेज पाइपलाइन से भी इस क्षेत्र को बाहर रखा गया है। गर्मी अधिक होने के वजह से कई चापाकल सुख चुके है तो कई पहले से ही खराब पड़े है। वही कई चापाकल ऐसे भी हैं जिसके पानी को पिया नहीं जा सकता। कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर कभी सक्रिय नहीं दिखता। चुनाव आने पर वोट के लिए भले ही आये दिन बात जब सुविधाओं की होगी तो सब उलटे पैर भागते नजर आएंगे। जिसके कारण लोग सुबह-सुबह आपस में पानी को लेकर झगड़ा करते नजर आते हैं। वहीं नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई करने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं बढ़ते गर्मी से लोग बिजली समय-समय कट जाने के कारण व्याकुल नजर आ रहें है। रास्ते में कहीं कहीं पर बिजली की तारे आपस में इतनी उलझी हुई हैं की आये दिन कभी भी बिजली की सार्ट सर्किट होने की संभावना बनी रहती है। सड़कों पर चलते वाहन में बिजली की तारे हमेशा सट जाती हैं जिससे दुर्घटना घट सकती है, जिसे बिजली विभाग द्वारा सुधारने की आवश्यकता है।



**– अभिषेक राज, छात्र नेता आजसू पार्टी मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन



श्याम जाजू

***18वीं*** लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच एक ऐसी रिपोर्ट आई है जिसे देश पहले से ही जानता था पर आधिकारिक तौर पर मुहर अब लगी है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के द्वारा जारी 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी-एक क्रॉस कंट्री विश्लेषण (1950-2015)' शीर्षक से एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में बहुसंख्यक (हिंदुओं) की जनसंख्या हिस्सेदारी में गिरावट आई है। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गई है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी हुई है। जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है। अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि।

> **हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है।**

इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की वृद्धि और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गई। आजादी के समय देश का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ- मुसलमानों और सेक्युलरों के बीच। जहां पकिस्तान केवल मुसलमानों के लिए बना, वहीं हिन्दुस्तान सभी धर्मों और सम्प्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देश बन गया। जहां पकिस्तान से चुन चुन कर हिन्दुओं को भेजा गया या मार दिया गया, वहीं हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में मुसलमान रह गए, जिनको समानता के साथ देश का नागरिक बने रहने का अधिकार मिला। कालखंड में इनकी संख्या बढ़ती गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत सेक्युलर है और यहां के बहुसंख्यक हिंदू सेक्युलर हैं। यही वजह है कि यहां और धर्मों और सम्प्रदायों को मानने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। शोर के विपरीत, इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं। पर इस रिपोर्ट का एक दूसरा भी पहलू है। वह यह कि जैसे-जैसे हिन्दुओं की संख्या घटेगी, देश में सेक्युलरिज्म की अवधारणा पर चोट पहुंचेगी। हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## प्रेम मंदिर वृंदावन

***प्रेम*** मंदिर वृंदावन के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है जो आकार में बहुत बड़ा है। आपको बता दें की इस मंदिर को आकार जगदगुरु श्री कृपालुजी महाराज ने वर्ष 2001 में आकार दिया था। यह मंदिर अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए जाना जाता है। वृंदावन का प्रेम मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जो राधा कृष्ण और सीता राम को समर्पित है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित इस मंदिर की यात्रा करने के लिए दूर दूर से भक्त यात्रा करते हैं। प्रेम मंदिर वृंदावन एक नवनिर्मित मंदिर है जो पूरे बृज क्षेत्र में सबसे सुंदर है। आरती के समय इस मंदिर में भक्तों की बड़ी भीड़ होती है। प्रेम मंदिर एक आकर्षक संरचना है जो सफेद संगमरमर से निर्मित है और इस पर बहुत जटिल नक्काशी की गई है। प्रेम मंदिर में में भगवान कृष्ण के जीवन का चित्रण करती हुई कई मूर्तियाँ स्थित हैं, यहां कृष्ण के जीवन के विभिन्न दृश्य, जैसे गोवर्धन पर्वत को उठाना को मंदिर की परिधि पर चित्रित किया गया है। अगर आप प्रेम मंदिर के दर्शन करने की योजना बना रहें हैं या मंदिर के बारे में अन्य जानकारी चाहते हैं तो इस लेख को अवश्य पढ़ें।



**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

डॉ उज्ज्वल कुमार
47 m

तस्वीर आज सुबह की है। पटना की है। सुबह जब मॉर्निंग वॉक से लौट रहा था तब इस पर नजर पड़ी। बच्चे को सोता देख कर मन कई तरह की बातें आने लगीं।

सोचिए, कैसा लगेगा यदि आप सोए हों या अर्धनिंद में हों और कोई उठाकर आपको ऑफिस पहुंचा दे। आपकी आंखें खुले तो सामने आपके बॉस और सहकर्मी हों। ऐसे में क्या सच में हम काम कर लेंगे।

अब पेरेंट्स को तो लग रहा होगा कि मैंने अपना काम कर दिया। अब बच्चा स्कूल में झपकी ले रहा है या सच में पढ़ाई भी कर रहा है, इसकी खबर लेने की कोई जरूरत नहीं है। आज अपना पूरा एजुकेशन पैटर्न कुछ इसी अंदाज में चल रहा है। हम पेरेंट्स अपनी सारी दमित इच्छाएं नौनिहालों पर जबरिया थोपते चले जा रहे हैं। सच में बच्चे को स्कूल के लिए तैयार करना है तब आपको भी Early to Bed and Early to Rise का फॉर्मूला अपनाना होगा। बच्चे को जगाने से एक घंटे पहले आपको भी जागना होगा। उन्हें जगाने के लिए थोड़ा तो मनुहार कर लीजिए। फिर ये उनिंदी हालत में आपको स्कूल नहीं लेकर जाना पड़ेगा। वह खुद आपसे तेज चाल में दौड़ता भागता स्कूल जाएगा। काहे जुलुम ढा रहे हैं हम लोग।

#childhood #schooling



## X-से

Dilip Mandal
@Profdilipmandal
Follow

बनिया कनेक्शन

केजरीवाल बनिया हैं. वे राज्य सभा में ज्यादातर बनियों को भेजते हैं. आम आदमी पार्टी बनाने के लिए उन्हें पहला बड़ा चंदा, 1 करोड़ रुपया, एक अन्य बनिया शांति भूषण ने दिया जो प्रशांत भूषण के पिता हैं. अब गुजर गए. जेल जाने पर केजरीवाल ने अपना वकील एक बनिया अभिषेक मनु सिंघवी को बनाया, जो भारत में बनियों के सबसे बड़े नेता रहे लक्ष्मीमल्ल सिंघवी के पुत्र हैं. अभिषेक सिंघवी चंद्रचूड़ के साथ सेंट कोलंबस स्कूल और सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़े और दोनों गहरे दोस्त हैं. इसलिए सिंघवी किसी को ज्यादा छींक आने का केस लेकर भी सुप्रीम कोर्ट जाएं तो उनका केस स्वीकार हो जाता है.

समझ गए आप? #EndCollegium

Translate post



# 'चाबहार' की उपलब्धि को छोटा करके मत आंकिए !



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***भारत*** ने अगले दस वर्षों के लिए ईरान के 'चाबहार बंदरगाह' को संचालित करने का अपने लिए अधिकार सुरक्षित कर लिया। इस संबंध में जैसे ही दोनों देशों के बीच अनुबंध पर अंतिम हस्ताक्षर हुए दुनिया के कई देशों को मिर्ची लग गई। ऐसा नहीं है कि भारत में दूसरे देशों के एजेंट नहीं हैं, इस प्रकार के अनेक लोग इसे एक समान्य बात कहकर इसके प्रभाव को नष्ट करने में लग गए, किंतु यह आज सभी को समझना होगा कि 'चाबहारह्व' भारत के लिए आनेवाले समय में अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में एक बड़ा कदम है। ओमान की खाड़ी पर दक्षिणपूर्वी ईरान में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए अत्यधिक महत्व इसलिए भी रखता है, क्योंकि यह अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार प्रदान करता है। कहना होगा कि मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में वह कर दिखाया है जिसकी प्रतीक्षा भारत पिछले 21 सालों से कर रहा था। फिर इस एक बंदरगाह को लेकर जो वैश्विक कूटनीतिक चाल भारत ने चली है, उससे दुनिया के सभी बड़े देश आश्चर्य में हैं। विरोधी दुखी हैं और चीन जैसे विस्तारवादी देश को नहीं सूझ रहा है कि भारत के इस कदम का जवाब कैसे दिया जाए। दूसरी ओर इस कदम की सफलता तब सामने आई है, जब मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में प्रमुख व्यापार मार्ग क्षेत्रीय संघर्षों के कारण बाधित हो गए हैं, जिससे कि नए सिरे से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया जाना आवश्यक हो गया है। वस्तुतः वैश्विक स्तर पर इसका भारत को मिलनेवाला जो सबसे बड़ा लाभ आज दिखता है, वह है मध्य पूर्वी देशों से रिश्तों मे गर्माहट का आना और उसके माध्यम से भारत की व्यापारिक गतिविधि का इन देशों में बढ़ जाना। स्वभाविक है कि इससे सबसे ज्यादा लाभ भारत के उन तमाम लोगों को होगा जोकि रोजगार के लिए प्रयासरत हैं। सिर्फ 'चाबहार' से ही अकेले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाखों लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। क्योंकि इससे कई देशों के साथ भारत की व्यापारिक सुगमता बढ़ेगी, उससे पूर्व की तुलना में एक तो माल ढुलाई की लागत में कमी आने जा रही है तो दूसरी ओर देश में अनेक कंपनियां जो विविध सामान (उपभोक्ता सामग्री) तैयार कर रही है, उसके लिए जल्दी-जल्दी बाजार उपलब्ध होना सुगम हो जाएगा। वैसे देखा जाए तो इसके महत्व को 2003 में अटल सरकार ने पहचान लिया था और इस बंदरगाह को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार की ओर से प्रयास भी शुरू कर दिए गए थे लेकिन तभी अटल सरकार बदल गई और इसी के साथ जैसे इस समझौते को भी ग्रहण लग गया था। केंद्र में कांग्रेस की सत्ता रहते दस वर्षों तक इस पर कोई काम नहीं हुआ।

## टेक वर्ल्ड

### अब व्हाट्सएप्प से बिना इंटरनेट के भेजें फोटो और वीडियों

इस सुविधा से व्हाट्सएप्प ने उपयोगकताओं को और भी सुगमता प्रदान की है, और इंटरनेट कनेक्शन की कमी के बावजूद उन्हें संचार करने का मौका दिया है। अब व्हाट्सएप्प पर इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी फोटो और वीडियो भेजना संभव हो गया है, जिससे उपयोगकताओं को अधिक सुगमता और अनुकूलता मिलेगी। यह नई सुविधा व्हाट्सएप्प के उपयोगकताओं के लिए एक अच्छी खबर है, जो इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण कभी-कभी मीडिया फाइलें भेजने में प्रॉब्लम फेस करते थे। इस सुविधा से व्हाट्सएप्प ने अपनी सेवाओं को और भी प्रभावी बनाया है, और



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केजरीवाल के साथ जुड़वा भाई बना घूम रहा आरोपी : भाजपा

- *अरविंद की चुप्पी से स्पष्ट है कि हमला विभव ने नहीं किया केजरीवाल ने करवाया*
- *महिला के अपमान पर राहुल, सोनिया, प्रियंका व इंडी गठबंधन की चुप्पी शर्मनाक*



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की घटना को लेकर विवादों में चल रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को मीडिया द्वारा बार-बार पूछने के बावजूद इस मुद्दे से जुड़े सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केजरीवाल ने तमाम राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात कही, लेकिन जैसे ही उनसे स्वाति मालीवाल की साथ हुई मारपीट के बारे में सवाल पूछा गया, उन्होंने पूरी तरह से चुप्पी साध ली। केजरीवाल की चुप्पी के बीच पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी सवालों का सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी परिवार है और पार्टी ने अपना पक्ष रख दिया है। इससे पहले अखिलेश यादव ने भी इस सवाल को टालते हुए कहा कि इससे भी ज्यादा जरूरी और मसले हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को महिला सम्मान से कोई लेना देना नहीं है। उनके नेता संजय सिंह स्वयं स्वीकार करते हैं कि स्वाति मालिवाल के साथ मारपीट हुई। सबने उम्मीद लगाई कि नारी शक्ति के सम्मान के साथ केजरीवाल समझौता नहीं करेंगे। जिस निजी सचिव विभव कुमार पर मारपीट करने के आरोप लगे हैं वह केजरीवाल के साथ जुड़वा भाई बन कर घूम रहा है। केजरीवाल के घर पर कभी चीफ सेक्रेटरी पिट जाते हैं, कभी उनकी पार्टी की नेत्री पिट जाती हैं, उनके आवास पर पाप हो रहे हैं। भाजपा ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना की तुलना द्रौपदी के चीरहरण के साथ करते हुए आरोप लगाया है कि अंतरिम जमानत पर चल रहे अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री कम और गुंडे ज्यादा हो गए हैं और उनकी चुप्पी से स्पष्ट है कि यह हमला विभव ने नहीं केजरीवाल ने ही करवाया है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने विभव कुमार को किया तलब

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को शुक्रवार को तलब किया है। इस मामले में महिला आयोग ने 17 मई को सुबह 11 बजे सुनवाई निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अबतक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। आम आदमी पार्टी ने माना है कि स्वाति मालीवाल से बदसलूकी हुई है लेकिन अब तक मामले में केजरीवाल की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभव कुमार पर दिल्ली में सीएम आवास पर स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप लगा है।

### स्वाति के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी के आरोपों के बाद गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस की एक टीम सांसद के आवास पर पहुंची। प्राप्त सूचना के मुताबिक, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तथा अन्य अधिकारी दल-बल के साथ मालीवाल के घर पहुंचे हैं और उनसे मामले की जानकारी लेने की कोशिश हो रही है। पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने कहा कि सिविल लाइंस थाने में सोमवार सुबह 9.34 बजे एक पीसीआर कॉल आई थी जिसमें महिला ने बताया था कि मुख्यमंत्री आवास पर उसके साथ बदसलूकी की गई है। पुलिस द्वारा लिखे गये कॉल के नोट में बताया गया है कि महिला ने कहा है कि सीएम आवास में सीएम के पीए वैभव कुमार ने उसके साथ बदसलूकी की है। डीसीपी मीणा ने कहा कि पीसीआर कॉल मिलने के बाद एसएचओ पुलिसकर्मियों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंची, लेकिन कॉल करने वाली महिला वहां मौजूद नहीं थी। पुलिस उपायुक्त ने कहा, कुछ देर बाद एमपी मैडम सिविल लाइंस थाने आईं, हालांकि वह बाद में यह कहते हुए चली गईं कि वह बाद में शिकायत दर्ज कराएंगी।

## पद्म श्री से सम्मानित वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का निधन



**नई दिल्ली।** पद्म श्री से सम्मानित वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने निधन की पुष्टि की है। मालती जोशी पिछले कुछ समय से आइसोफेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। उनका निधन बुधवार को दिल्ली में उनके पुत्र सच्चिदानंद जोशी के आवास पर हुआ। सच्चिदानंद जोशी प्रसिद्ध साहित्यकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव हैं। अंतिम समय में उनके दोनों पुत्र ऋषिकेश और सच्चिदानंद तथा पुत्रवधुएं अर्चना और मालविका उनके पास थे। पचास से अधिक हिन्दी और मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार मानी जाती हैं। उन्होंने 60 से अधिक किताबें लिखी हैं। मालती जोशी को साहित्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2018 में प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## जेलों में जगह नहीं लंदन में सुनवाई टाली जा रही

**अरविंद लाल इंग्लैंड से**

इंग्लैंड के कुछ हिस्सों में भीड़भाड़ के कारण गिरफ्तार किए गए लोगों को जमानत की सुनवाई में शामिल होने के बजाय पुलिस की कोठरियों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। पूरे क्षेत्र में क्षमता का आकलन करने और अधिक गंभीर अपराधों को प्राथमिकता देने के लिए कुछ जेल और अदालत के कर्मचारियों को उनके सामान्य कर्तव्यों से अलग किया जा रहा है। आपातकालीन योजना, जिसे ऑपरेशन अर्ली डॉन के नाम से जाना जाता है, प्रतिवादियों की पहली अदालती सुनवाई में देरी की अनुमति देती है। इसके लगभग एक सप्ताह तक लागू रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका मतलब यह होगा कि पीड़ित, गवाह, प्रतिवादी और वकील मजिस्ट्रेट की अदालतों में केवल यह जानने के लिए आएंगे कि उनके मामलों में देरी हो गई है। यहां प्रकाशित समाचारों से पता चला है कि यह जुगाड़ वर्तमान में लंदन और उत्तर पूर्व में लागू किया गया है, लेकिन इसे पूरे इंग्लैंड और वेल्स में बढ़ाया जा सकता है। इसे पहले मार्च में एक सप्ताह के लिए लागू किया गया था।

आलोचकों ने इसे जेलों में भीड़भाड़ को कम करने के लिए सरकार द्वारा शुरू किया गया 'नवीनतम पैनिक उपाय' करार दिया। यह जेल से कैदियों को 70 दिन पहले रिहा करने की योजना और दोषी अपराधियों या रिमांड पर लिए गए प्रतिवादियों को पुलिस की कोठरियों में रखने के उपायों के अलावा आता है।

सभी आपराधिक मामले मजिस्ट्रेट की अदालत में पहली सुनवाई से शुरू होते हैं, ताकि यह तय किया जा सके कि अभियुक्त को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए या मुकदमा शुरू होने तक जेल में रखा जाना चाहिए। पहली सुनवाई आम तौर पर किसी पर अपराध का आरोप लगने के बाद पहले अवसर पर होती है और किसी व्यक्ति की पहली गिरफ्तारी के बाद ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।
शुभांक 3-8-9

**वृषभ** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।
शुभांक 5-6-7

**मिथुन** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की आशंका है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।
शुभांक 6-7-9

**कर्क** — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा।
शुभांक 3-7-9

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की आशंका है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।
शुभांक 2-6-9

**कन्या** — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।
शुभांक 3-7-9

**तुला** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।
शुभांक 4-8-9

**वृश्चिक** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।
शुभांक 3-5-7

**धनु** — व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।
शुभांक 4-6-7

**मकर** — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।
शुभांक 3-6-8

**कुम्भ** — किसी से कहा सुनी न हो, यह ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले दे कर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।
शुभांक 4-6-8

**मीन** — संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें। काम में लगे रहें, लाभ होगा। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।
शुभांक 5-7-8

## लोकसभा चुनाव 2024

### हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सीएम शिंदे के बैग की हुई जांच



**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे गुरुवार को नासिक के दौरे पर हैं। पंचवटी में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शिंदे के सामान की जांच की। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद बैग की तलाशी में कपड़े, कैमरा और अन्य सामान पाए गए। तलाशी अभियान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि खोदा पहाड़ और निकला चूहा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का हेलीकॉप्टर आज जब नासिक शहर के नीलगिरी हेलीपैड पर उतरा तो पुलिस ने स्वतः ही उनके दोनों बैगों की जांच की। इस बैग में कपड़े, दवाइयां और जरूरी सामान के अलावा कुछ नहीं मिला है। अधिकारियों ने इस तलाशी अभियान की वीडियोग्राफी भी करवाई है। शिंदे के बैग की तलाशी शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के उस आरोप के बाद की गई, जिसमें उन्होंने दो दिन पहले आरोप लगाया था कि शिंदे नौ बैगों में 12 से 13 करोड़ रुपये नासिक लाए थे। राऊत ने यह भी कहा था कि सिर्फ विपक्षी नेताओं के बैग और हेलीकॉप्टर की जांच चुनाव आयोग कर रहा है, जबकि सत्तापक्ष के लोग भारी बैगों में करोड़ों रुपये हेलीकॉप्टर से ले जा रहे हैं। चुनाव आयोग सत्तापक्ष के लोगों के हेलीकॉप्टर और उनमें ले जाने वाले बैग की तलाशी नहीं कर रहा है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि यह एकनाथ शिंदे का पहले से ही तय किया गया स्टंट था। संजय राऊत ने जब आरोप लगाया था तो उसी समय सीएम एकनाथ शिंदे के बैग की तलाशी क्यों नहीं ली गई?

## शरद पवार के भाषण के दौरान मंच पर गिरा बैनर, सभा स्थगित की गई

- *तेज हवा की वजह से मंच पर लगाया गया एक बैनर अचानक टूटकर गिरा*

**एजेंसी। मुंबई**

नासिक जिले के सटाना में गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के भाषण के दौरान मंच पर तूफानी बारिश की वजह से एक बैनर टूट कर गिर गया। हालांकि, इस बैनर से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन बैनर गिरते ही शरद पवार ने अपना संबोधन रोक दिया और सभा स्थगित कर दी गई। शरद पवार महाविकास आघाड़ी की उम्मीदवार डॉ. शोभाताई बच्छाव के समर्थन में चुनावी सभा संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी होने लगी, लेकिन शरद पवार ने अपना भाषण जारी रखा। इसी बीच तेज हवा की वजह से मंच पर लगाया गया एक बैनर अचानक टूटकर गिर पड़ा। शरद पवार ने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि नासिक की प्रतिष्ठा हर जगह बढ़ी है। प्याज का मुद्दा कई जिलों में अहम है। जब हम सत्ता में थे तो भाजपा के लोग प्याज की माला लेकर आते थे और शरद पवार होश में आओ जैसे नारे लगाते थे। वर्तमान सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। प्याज का कोई दाम नहीं, अंगूर का कोई दाम नहीं, अंगूर और अनार किसानों की हालत खराब है।



## मुख्यमंत्री योगी की माता को एम्स ऋषिकेश मिली छुट्टी

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी को गुरुवार को एम्स, ऋषिकेश से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनकी हालत ठीक है और रक्तचाप अब सामान्य स्थिति में है। इस बाबत जानकारी देते हुए एम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर संजीव कुमार मित्तल ने बताया कि श्रीमती सावित्री देवी का रक्तचाप अब सामान्य है और हालत ठीक है, लिहाजा उन्हें आज दोपहर के समय अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## चारधाम यात्रा

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर देवदूत की भूमिका में डीडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान

**एजेंसी। रुद्रप्रयाग**

उत्तराखंड के केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तैनात डीडीआरएफ, एसडीआरएफ जवान और सेक्टर अधिकारियों की टीमें तीर्थयात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा को लेकर देवदूत बनकर आगे आ रहे हैं। तीर्थयात्रियों की मदद में जवान रात-दिन जुटे हुए हैं और तत्परता से रेस्क्यू कर राहत पहुंचाने में मुस्तैद हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से केदारनाथ पैदल मार्ग में दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में पुलिस, डीडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान तीर्थयात्रियों की सेवा में लगे हैं। दरअसल, केदारनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में हर दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। केदारनाथ धाम दर्शन करने पहुंच रहे किसी भी तीर्थयात्री का स्वास्थ्य खराब और घायल होने या फिर किसी अन्य संकट की स्थिति में केदारनाथ यात्रा मार्ग में तैनात डीडीआरएफ और एसडीआरएफ एवं सेक्टर अधिकारी की टीमें देवदूत बनी हुई हैं।

### 19 तक बंद रहेंगे आफलाइन पंजीकरण काउंटर



उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में खोले गए ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर 17 मई से 19 मई तक बंद रहेंगे। यह निर्णय धामों पर पूर्व से पंजीकृत श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक सुमित पंत ने इसकी पुष्टि की है। चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया है।

## न्यूज बॉक्स

### ओडिशा : क्योंझर में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले के चंपुआ में राष्ट्रीय राजमार्ग-520 पर एक अनियंत्रित कार की सड़क किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हादसा बुधवार देर शाम हुआ। पुलिस ने कहा, "अचानक ब्रेक लगाने के चलते कार का संतुलन बिगड़ गया और यह चंपुआ पुलिस सीमा के अंतर्गत रिमुली के पास एक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस दौरान कार के पीछे चल रहे दूसरे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं और छह साल की बच्ची समेत परिवार के सभी सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।

### कुपवाड़ा से एक संदिग्ध गिरफ्तार हथियार और गोला-बारूद बरामद

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को तलाशी अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है। सेना ने कहा कि खुफिया एजेंसियों से मिले विशिष्ट इनपुट के आधार पर 15-16 मई की रात को सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा के लुनाहारे-पंजगाम के सामान्य क्षेत्र में भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को दो पिस्तौल, दस हथगोले और अन्य युद्ध जैसे सामान के साथ पकड़ा गया है।

### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता का निधन

**मुंबई।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। अनीता गोयल के परिवार में उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता गोयल ने गुरुवार तड़के तीन बजे अंतिम सांस ली। अनीता गोयल जेट एयरवेज के ऑपरेशन्स से जुड़ी हुई थीं और वह एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थीं। नरेश गोयल, जो खुद कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मानवीय आधार पर इस महीने की शुरूआत में बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी।

### इंदौर में खड़े ट्रक से टकराई कार, 8 की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के बेटमा थाना क्षेत्र में चंदन नगर ब्रिज के पास बुधवार रात इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाई-वे पर एक कार टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार नौ लोगों में से आठ की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। शवों को रात में बेटमा के अस्पताल में रखवाया गया था। गुरुवार सुबह सभी शवों को इंदौर के जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बेटमा पुलिस थाने के अनुसार कार सवार लोग आलीराजपुर जिले के ग्राम बोरी में कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। उन्हें गुना जाना था।

### ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस अभय एस ओका व उज्जल भुइयां की पीठ ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसले में कहा कि स्पेशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है, तो उसे हिरासत के लिए संबंधित न्यायालय में आवेदन करना होगा। यदि न्यायालय ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है, तो वह हिरासत दे सकता है। धारा 44 के तहत एक शिकायत के आधार पर पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने के बाद ईडी और उसके अधिकारी शिकायत में आरोपी के रूप में दिखाए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।

#### आवेदन दायर करके हिरासत मांगनी होगी

यदि प्रवर्तन निदेशालय उस अपराध की आगे की जांच करने के लिए समन के बाद पेश होने वाले आरोपी की हिरासत चाहता है, तो उसे स्पेशल कोर्ट में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इतना ही नहीं आरोपी को सुनने के बाद में स्पेशल कोर्ट को कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा। आवेदन पर सुनवाई करते समय कोर्ट तब ही हिरासत की इजाजत दे सकता है, जब उसे लगता है कि ईडी को पूछताछ की जरूरत है, भले ही आरोपी को धारा 19 के तहत कभी गिरफ्तार नहीं किया गया हो।







6 जून को भारत के लिए खेलेंगे आखिरी मैच

## दिग्गज फुटबॉलर
# सुनील छेत्री ने की संन्यास की घोषणा

**सुनील ने कहा, एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलता और अक्सर याद रखता हूँ जब मैंने पहली बार अपने देश के लिए खेला था, यार यह अविश्वसनीय था।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच सुनील का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

भारतीय कप्तान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो के माध्यम से अपने फैसले की घोषणा की। भारत वर्तमान में ग्रुप ए में चार अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे कतर के बाद दूसरे स्थान पर है। 39 वर्षीय सुनील ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने अपने करियर की यादें ताजा कीं जो 2005 में 12 जून को पाकिस्तान के खिलाफ एक दोस्ताना मैच से शुरू हुआ था।

सुनील ने कहा, एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलता और अक्सर याद रखता हूँ जब मैंने पहली बार अपने देश के लिए खेला था, यार यह अविश्वसनीय था। लेकिन एक दिन पहले, उस दिन की सुबह, सुक्खी सर, मेरे पहले राष्ट्रीय टीम के कोच, सुबह मेरे पास आए और उन्होंने कहा, आप शुरू करने जा रहे हैं? मैं तुम्हें बता नहीं सकता कि मुझे कैसा महसूस हो रहा था यार, मैंने अपनी जर्सी ली, मैंने उस पर कुछ इत्र छिड़का, मुझे नहीं पता क्यों। तो उस दिन, जो कुछ भी हुआ, एक बार उन्होंने मुझे बताया, नाश्ते से लेकर दोपहर के भोजन और खेल तक और मेरे पदार्पण में मेरे पहले गोल से लेकर 80वें मिनट में गोल खाने तक, वह दिन शायद एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा और उनमें से एक है मेरी राष्ट्रीय टीम यात्रा के सबसे अच्छे दिन।

उन्होंने कहा, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। उन्होंने कहा, मैंने अपने संन्यास के बारे में सबसे पहले अपनी माँ, अपने पिता और अपनी पत्नी को बताया, मेरे पिता सामान्य थे, उन्हें राहत मिली, वे खुश थे, लेकिन मेरी माँ और मेरी पत्नी रोने लगीं और मैंने उनसे कहा, आप हमेशा मुझे परेशान करते थे कि बहुत सारे मैच हैं, जब आप मुझे देखते हैं तो बहुत अधिक दबाव होता है और अब जब मैं आपको यह बता रहा हूँ, तो आप जानते हैं, मैं इस खेल के बाद अपने देश के लिए नहीं खेलूंगा, वे फूट-फूट कर रोने लगे।

ऐसा नहीं है कि मैं थका हुआ महसूस कर रहा था, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसा या वैसा महसूस कर रहा था, जब मेरे मन में आया कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए, तब मैंने इसके बारे में बहुत सोचा। लेकिन एक अजीब तरीके से, मुझे दबाव महसूस नहीं होता क्योंकि ये 15-20 दिन राष्ट्रीय टीम के साथ हैं और कुवैत के खिलाफ मैच आखिरी है।''कप्तान ने कहा, मैं राष्ट्रीय टीम के साथ जो भी प्रशिक्षण करता हूं, उसका आनंद लेना चाहता हूं।

कुवैत के खिलाफ खेल दबाव की मांग करता है, हमें अगले दौर में क्वालीफाई करने के लिए तीन अंकों की जरूरत है। यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

- सुनील छेत्री ने 2002 में मोहन बागान में अपनी पेशेवर फुटबॉल यात्रा शुरू की।
- छेत्री ने भारत को 2007, 2009 और 2012 नेहरू कप, साथ ही 2011, 2015, 2021 और 2023 सैफ चैम्पियनशिप जीतने में मदद की।
- 2008 एएफसी चैलेंज कप में भी भारत को जीत दिलाई।
- छेत्री को 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्म श्री मिला।
- 2021 में, वह भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान, खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले पहले फुटबॉलर बने।

**19 साल से अधिक लंबे करियर में, अंतरराष्ट्रीय मंच पर 150 मैचों में 94 गोल किए हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी।**

### अच्छे कॉलेज में दाखिले के लिए फुटबॉल से जुड़े थे शरारती सुनील छेत्री

**बीसीसीआई**
भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न केवल फुटबॉल के लिए बल्कि सामूहिक रूप से खेल का एक आइकन होने के लिए 39 वर्षीय छेत्री की सराहना की।

**विराट कोहली**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उनके दोस्त, विराट कोहली ने भी इंस्टाग्राम पर छेत्री की सराहना करते हुए लिया, मेरे भाई, गर्व है।

**गुरप्रीत सिंह सधू**
भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा, ऐसा होते हुए कभी नहीं देखना चाहता था, काश मैं आपका मन बदलने के लिए कुछ कर पाता लेकिन मैं यह भी समझता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है भाई।

**संजीव गोयनका**
मोहन बागान सुपर जायंट्स के अध्यक्ष, संजीव गोयनका ने एक्स पर लिखा, एक युग का अंत! सुनील छेत्री, एक सच्चे दिग्गज और लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं।

# 'उम्मीद है कि धोनी दो साल और खेलेंगे' : कोच



**एजेंसी। बेंगलुरू**
चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं।

आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था। हस्सी ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं।' उन्होंने कहा, हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाए हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का ऑपरेशन हुआ था। वह टूनार्मेंट के इस सत्र में शुरूआती चरण से उसे मैनेज कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे। वैसे इस बारे में फैसला तो वही लेंगे। मुझे नहीं लगता कि इतनी जल्दी कोई फैसला आएगा।' धोनी के कप्तानी छोड़ने के फैसले के बारे में उन्होंने कहा, एमएस ने कहा कि वह टूनार्मेंट से पहले कप्तानों की बैठक में भाग नहीं लेंगे। और हम सब हैरान हो गए कि क्या हो रहा है। फिर उन्होंने कहा कि अब से रूतुराज कप्तान होगा। शुरूआत में झटका लगा लेकिन हमें पता था कि रूतुराज सही पसंद है।'

## तेज गेंदबाज बनना चाहते थे उसेन बोल्ट, कहा-
# क्रिकेट मेरे खून में है



**एजेंसी। नई दिल्ली**
फरार्टा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ। बोल्ट ने इंटरव्यू में कहा, मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से एमबेस्डर के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का एमबेस्डर होना शानदार है।' अपने सात साल के करियर में 100 और 200 मीटर के विश्व रिकॉर्डधारी बोल्ट अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। पिछले कुछ महीने संगीत और फुटबॉल का अपना शौक पूरा करने के लिए दुनिया घूमने वाले बोल्ट को टीवी पर क्रिकेट और आईपीएल देखने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, मैं उतना क्रिकेट नहीं देख सका लेकिन जब भी मौका मिलता है, मैं टी20 मैच देखता हूं।' उन्होंने कहा, ह्ययह मेरा पसंदीदा प्रारूप है। इसमें आपको मजबूत, तेज और अच्छी रणनीति बनाने में माहिर होना पड़ता है। इसमें टेस्ट और वनडे दोनों का जादू देखने को मिलता है।' बोल्ट ने कहा, ह्यवेस्टइंडीज में टी20 और वनडे अभी भी लोकप्रिय है। लोगों को टेस्ट क्रिकेट उतना पसंद नहीं आता है।

## नेशनल एरोबिक्स चैम्पियनशिप के लिए जिले के 45 खिलाड़ियों का चयन

**मुरादाबाद।** एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल टीडीआई सिटी मुरादाबाद में ट्रायल सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न स्कूल के खिलाड़ियों का चयन हुआ। ट्रायल के बाद गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, सीएनएस एकेडमी, क्रिप्टोन पब्लिक स्कूल, आरएसडी एकेडमी और सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल सिविल लाइन से 45 खिलाड़ियों का चयन हुआ। एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन मुरादाबाद की सचिव रिम्पी सिंह ने बताया कि आज चयनित खिलाड़ी 24 मई से 26 मई तक आगरा के जान मिल्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एरोबिक्स चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर सभी सेलेक्ट प्लेयर्स को गोल्डन गेट ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सचिन धावरी, वाइस प्रिंसिपल गरिमा भटनागर, अमित भंडारी, पारुल घटक, अनु गौतम, ऋचा भाटिया, मयंक कश्यप, विजेंद्र आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



## Job Vacancy
# इंडियन कोस्ट गार्ड में नौकरी कर करियर को दें नई उड़ान



**नई दिल्ली।** नौकरी के इच्छुक युवाओं के पास इंडियन कोस्ट गार्ड में कॅरियर बनाने का अच्छा ऑप्शन है। इंडियन कोस्ट गार्ड में कॅरियर बनाने में आप समुद्री सुरक्षा, नौसेना सहायता और इमरजेंसी रिस्पांस में नौकरी कर सकते हैं। बता दें कि यह एक भारतीय सिक्योरिटी फोर्स है। भारतीय समुद्री सीमा और तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के साथ नौसेना की सहायता के लिए इंडियन कोस्ट गार्ड जिम्मेदार होता है। इसकी स्थापना दिसंबर 1977 में हुई थी। इंडियन कोस्ट गार्ड भारतीय सैन्य और नौसेना के साथ समुद्री सुरक्षा कार्य में योगदान करती है।

## विभिन्न पदों पर भर्तियां

हर साल इंडियन कोस्ट गार्ड विभिन्न पदों पर भर्तियां करता है। कोस्ट गार्ड में सेलर के पद पर एंट्री के लिए 18 से 22 साल की उम्र होनी चाहिए। वहीं इसमें सबसे बड़ी पोस्ट डायरेक्टर जनरल की होती है। डायरेक्टर जनरल 3 स्टार रैंक का ऑफिसर के पद पर होता है। इसके अलावा इसमें कमांडेंट, असिस्टेंट कमांडेंट और इंजीनियर जैसे पद भी शामिल होते हैं। इंडियन कोस्ट गार्ड सेलर पदों के लिए भर्तियां जारी करता है। ऐसे में योग्य व इच्छुक उम्मीदवार इसकी ऑफिशियल वेबसाइट **indiacostguard.gov.in** पर विजिट कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- **योग्यता :-** बता दें कि कोस्ट गार्ड में भर्ती के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा करना जरूरी होता है। इसमें फिजिकल, मेंटल एबिलिटीज, आयु सीमा, शिक्षा का स्तर और अन्य क्राइटेरिया को पास करना होता है।
- **ऐसे कर सकते हैं अप्लाई :-** कोस्ट गार्ड की नौकरी के लिए आपको आवेदन करना होता है। कई बार आवेदन ऑनलाइन को कभी ऑफलाइन होता है। आवेदन करने के लिए मांगी गई जरूरी जानकारी के साथ डॉक्यूमेंट्स अप्लाई करें।

## ध्यान रखें ये बातें

**इंडियन कोस्ट गार्ड या अन्य किसी भी पोस्ट के लिए अप्लाई करने से पहले जारी नोटिफिकेशन को ध्यान से जरूर पढ़ें। साथ ही प्रोसेस के अनुसार लिखित परीक्षा, फिजिकल वेरिफिकेशन, इंटरव्यू या मेडिकल टेस्ट के लिए तैयार रहना चाहिए। वहीं कोस्ट गार्ड में नौकरी करने के लिए साहस और जिम्मेदारी का काम होता है। इसमें नौकरी करने के दौरान समुद्री सुरक्षा, जीवन बचाव और तटीय सुरक्षा में आपको योगदान का अवसर मिलता है।**

# रांची के यशु अग्रवाल ने फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया सूची में बनाई जगह

## स्थानीय उद्यमियों के लिए बने प्रेरणास्त्रोत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के निवासी यशु अग्रवाल को प्रतिष्ठित फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया सूची 2024 में शामिल किया गया है। यह महत्वपूर्ण मान्यता उनके गृहनगर के लिए गर्व का विषय है और क्षेत्र के उभरते उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। फोर्ब्स 30 अंडर 30 एक वार्षिक सूची है जो विभिन्न उद्योगों के 30 प्रभावशाली युवा उद्यमियों को पहचान देती है जिन्होंने अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रांची के ब्रिजफोर्ड स्कूल से 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, अग्रवाल ने प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाया और अंततः ट्रांसक की सह-स्थापना की, जो अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो पेमेंट गेटवे है। 12 साल की उम्र में प्रोग्रामिंग में उनकी प्रारंभिक रुचि ने उनके सफल करियर की नींव रखी।

सह-संस्थापक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (उळड) के रूप में अग्रवाल के नेतृत्व में, ट्रांसक ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें पिछले साल ?166 करोड़ की सीरीज ए फंडिंग जुटाना शामिल है। आज, ट्रांसक 160 से अधिक देशों में 50 लाख से अधिक पंजीकृत उपयोगकताओं की सेवा करता है, 350 से अधिक वेब3 कंपनियों का समर्थन करता है, और उपयोगकताओं के लिए निर्बाध क्रिप्टोक्यूरेंसी लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए वीजा के साथ साझेदारी की है। ट्रांसक ने अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से ?8300 करोड़ से अधिक का लेन-देन किया है और इस वर्ष की पहली तिमाही में ब्रेक-इवन हासिल किया है। ट्रांसक के पास 100 से अधिक सदस्यों की एक वैश्विक टीम है और इसके कार्यालय मियामी, बेंगलुरु, मिलान, लंदन और हांगकांग में स्थित हैं। अपने सफर को याद करते हुए, अग्रवाल अपने रांची में पालन-पोषण और अपने परिवार, विशेष रूप से अपने पिता (राजेश अग्रवाल) के अमूल्य समर्थन का श्रेय देते हैं, जिन्होंने उनके शुरूआती उद्यमों के हर चरण में उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने साझा किया, रांची में बड़ा होना मेरे लिए एक मजबूत नींव थी। मैं अपने परिवार और शिक्षकों से मिले समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं।

अग्रवाल एक सीरियल उद्यमी हैं जिन्होंने चार कंपनियों की स्थापना की है। उनका पिछला उद्यम, कोइनली, का अधिग्रहण कर लिया गया, जो उनके उद्यमी सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। उनकी वर्तमान कंपनी, ट्रांसक, एक यूनिकॉर्न बनने की कगार पर है। वह रांची के युवाओं को अपने उद्यमशील सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहते हैं, अपने विचारों पर विश्वास करें और आगे बढ़ें। रांची में अपार प्रतिभा और क्षमता है, और मुझे उम्मीद है कि मेरी कहानी दूसरों को अपनी कंपनियां शुरू करने और वैश्विक प्रभाव बनाने के लिए प्रेरित करेगी। अग्रवाल फिनटेक और क्रिप्टोकरेंसी उद्योग में नवाचार और नेतृत्व करना जारी रखते हुए, अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित करने के अपने दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनकी उपलब्धियां रांची के लिए गर्व का स्त्रोत हैं और शहर के अगली पीढ़ी के उद्यमियों के लिए आशा और प्रेरणा का प्रतीक हैं।

## भारत अगामी वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : सान्याल

**एजेंसी। नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने गुरुवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 में चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत अगले वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में ही जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। संजीव सान्याल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दरअसल भारत अभी अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# जितना पाक का मिलिट्री बजट, उससे ज्यादा भारत दुनिया को बेच देता है स्मार्टफोन



**एजेंसी। नई दिल्ली**
स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेड इन इंडिया स्मार्टफोन के मामले में भारत लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिससे पड़ोसी देश पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन को जोरदार झटका लगा है। जहां पाकिस्तान में आर्थिक हालात खराब हैं, वही भारत ने रिकॉर्ड नंबर में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट करके चीन की हालात पस्त कर दी है।

**चीन को पीछे छोड़ देगा भारत**
चीन दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग देश है, लेकिन अब भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चर बन गया है।

**मेड इन इंडिया फोन की धूम**
ताइवान दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो मुख्य तौर पर मेड इन इंडिया आईफोन को एक्सपोर्ट करती है।

**पाक मिलिट्री बजट से ज्यादा**
फोन बेच देता है भारत रिपोर्ट की मानें, तो भारत ने वित्त वर्ष 2023 में 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट किया है, जो पाकिस्तान के मिलिट्री बजट से ज्यादा है। पाकिस्तान का साल 2023 में मिलिट्री बजट 8 बिलियन डॉलर रहा है। इतना ही नहीं, भारत में हर साल करीब 44 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन किया जाता है।

**ऐपल ने भारत में बनाया नया रिकॉर्ड**
ऐपल ने मोबाइल एक्सपोर्ट के मामले में नया रिकॉर्ड बना लिया है। वित्त वर्ष 2025 में ऐपल ने 1.1 बिलियन डॉलर (9 हजार करोड़ रुपये) के मेड इन इंडिया का एक्सपोर्ट किया है। यह आंकड़ा एक साल पहले 580 मिलियन डॉलर था। मतलब ऐपल ने भारत से एक्सपोर्ट होने वाले आईफोन में पिछले एक साल में दोगुना का उछाल दर्ज किया है।

**भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईफोन बनाने वाला देश**
ऐपल ने वित्त वर्ष 2025 में एक साल करोड़ रुपये के मोबाइल एक्सपोर्ट करके चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। ऐसा माना जा रहा कि साल 2026 तक भारत में आईफोन प्रोडक्शन 26 फीसद हो सकता है, जो अभी 14 से 15 फीसद है। ऐपल का भारत में कुल प्रोडक्शन करीब 14 बिलियन डॉलर (1.2 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है।

# डिजिटल दुनिया में एलन मस्क लांच कर सकते है टीवी एप!

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने हाल ही में अपनी नई योजना का एलान किया है, जिसमें वह एक टीवी एप्लिकेशन लॉन्च करने जा रहे हैं। एलन मस्क का इस कदम को लेकर बड़ा दावा है कि यह 'यूट्यूब' से मुकाबले की है तैयारी। इस लेख में, हम इस नए परियोजना की जानकारी और इसकी महत्वपूर्ण बातें जानेंगे।

**ट्विटर का 'एक्स' टीवी एप**
एलन मस्क ने पिछले कुछ समय से अपनी नई परियोजना 'ट्विटर एक्स' को लेकर काफी संवाद में रहे हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग अपने स्मार्टफोन या टैबलेट के जरिए ही टीवी कंटेंट का आनंद ले सकें। अब इसे 'एक्स' के नाम से जाना जाएगा, जो एक नई दिशा है इस एप्लिकेशन के लिए।

**यूट्यूब से मुकाबला**
एलन मस्क का दावा है कि 'एक्स' टीवी एप यूट्यूब को मुकाबला देगा। यूट्यूब एक बहुत ही प्रसिद्ध वीडियो साझा करने की वेबसाइट है, जिसमें लाखों वीडियोज होते हैं। एलन मस्क का मानना है कि 'एक्स' एप भी लोगों को बेहतर वीडियो सामग्री प्रदान करेगा, जिससे लोग इसे पसंद करेंगे।

**'एक्स' की विशेषताएं : 'एक्स' टीवी एप की कुछ मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं**

**अनुकूल सामग्री :** 'एक्स' एप उपयोगकताओं को अनुकूलित किया जाएगा, ताकि वे अपनी पसंद के अनुसार वीडियो देख सकें।
**उपयोगकर्ता अनुभव :** एप का उपयोगकर्ता अनुभव बहुत ही सरल और सुविधाजनक होगा, जिससे उपयोगकर्ता को इस्तेमाल करने में कोई परेशानी नहीं होगी।
**हाल की खोजें :** एप में हाल ही में लोकप्रिय और ट्रेंडिंग वीडियोज को आसानी से खोजा जा सकेगा।
**वीडियो संपादन :** उपयोगकर्ता को अपनी पसंद की वीडियो सामग्री को संपादित करने का अधिकार होगा।






## प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने किया दावा

# चार चरण के बाद एनडीए बहुमत के पार, अब 400 की बारी

**ब्यूरो रिपोर्ट । रांची**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। अब हम 400 के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। इन चार फेज में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और अन्य राज्य में एनडीए गठबंधन को एकतरफा सीटों का लाभ हो रहा है। इंडी गठबंधन के लोगों में हताशा और निराशा व्याप्त है। भाजपा नेता गुरूवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधन के दौरान दावा किया।

**1.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। राम मंदिर जाकर भूमि पूजन किया।




**2.** गरीबों के लिए 3 करोड़ और मकान बनेगा। पीएम सौर घर योजना के माध्यम से आने वाले दिनों में गरीबों के घरों में बिजली मुफ्त होगी। ऊपर सोलर सिस्टम लगेगा।

### तुष्टीकरण के कारण मंत्री से नहीं लिया जा रहा इस्तीफा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार है। यहां भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया गया है। पूरे देशवासियों ने देखा कि 38 करोड़ रुपए उनके सहयोगी और नौकर के पास से मिले हैं तो कल्पना करना चाहिए कि कितने 100 करोड़ और उनके पास होंगे। उसके बाद भी अभी तक आलमगीर आलम ने इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि ये वही आलमगीर आलम है, जिन्होंने कोविड के समय लॉकडाउन में तब्लीगी जमात के लोगों को जमा करके कोविड के नियमों को तोड़ते हुए अलग-अलग स्थान और बंगाल भेजने का काम किया था। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई थी। बहुचर्चित नाम है, लेकिन तुष्टीकरण के कारण इनसे अभी तक इस्तीफा नहीं लिया गया है। जो कठोर कार्रवाई राज्य सरकार को करनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हुई है।

### देश में लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र संताल परगना

झारखंड में तुष्टिकरण का खेल चल रहा है। संताल परगना मैं लैंड जिहाद चल रहा है। बांग्लादेशी आते हैं। आदिवासी लड़कियों से शादी करते हैं। शादी करने के बाद जमीन हड़पते हैं। जमीन हड़पने के बाद लड़की को बोटी-बोटी काट देते हैं, लेकिन सरकार उन पर कार्रवाई नहीं करती क्योंकि तुष्टिकरण के मार्ग पर सरकार चल रही है। लैंड जिहाद का सबसे बड़ा उदाहरण देश में झारखंड में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ इंडी गठबंधन ने सदैव राम मंदिर का विरोध किया। कोर्ट में खड़े होकर कहा कि जज साहब इतनी जल्दी क्या है। जजमेंट नहीं दें और 500 साल पुराने राम मंदिर को केस को उलझाते रहे, लटकाते रहे, भटकाते रहे। रोड़ा अटकत रहे।

### पाक अधिकृत कश्मीर भी देश का अभिन्न अंग

इंडी गठबंधन के लोगों ने 6 दशक से अधिक देश पर राज किया। कश्मीर से धारा 370 को कभी भी हटाने की बात नहीं की। इसकी वजह से देश के कानून वहां लागू नहीं होते थे। देशवासियों को डराते थे कि धारा 370 नहीं हटना चाहिए, नहीं तो वहां खून खराबा हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में धारा 370 को उठाकर फेंक दिया गया। अब पूरी तरीके से जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया। अब वहां देश के सारे नियम कानून लागू होते हैं। आरक्षण का कानून भी वहां लागू हुआ। भारतीय जनता पार्टी की संकल्पना है कि पीओके भी भारत का ही अभिन्न अंग है। उसको भी हमें लेना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा की है कि सरकार आने के बाद यूसीसी को लागू करेंगे।

### लैंड और लीकर माफिया से वसूली कर रही सरकार

भाजपा नेता ने कहा कि लैंड माफिया, सेंड माफिया, स्टोन माफिया, लीकर माफिया झारखंड सरकार को चला रहे हैं। सरकार अनाप-शनाप पैसा इनसे ले रही है। इसी का नतीजा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अभी जेल में है। मंत्री जेल में है। दो दो आईएएस अधिकारी भी जेल में है। यह पहला ऐसा राज्य है, जहां इतने अधिकारी भ्रष्टाचार के केस में जेल के अंदर हैं। जब भी इंडी गठबंधन की सरकार बनती है, झारखंड को सदैव लूटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार आने पर झारखंड को संवारने का काम करती है। जेएमएम, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार हमेशा लूटने का काम करती है। इसलिए झारखंड पीछे जा चुका है।

# चुनाव के दौरान सेवा के लिए तैयार है रिम्स : प्रो राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी और तीन चरणों में चुनाव होने शेष हैं। इनमें कई जिलों में नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी हैं। ऐसे में चुनाव को दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक प्रो राजकुमार ने कहा कि रिम्स ऐसी परिस्थिति के लिए हर तरह से तैयार है। कहा कि रिम्स पहुंचने तक मरीज की सांसें चलनी चाहिए, बाकी हम लोग संभाल लेंगे। यदि मामला आता है, तो ऑपरेशन थियटर से लेकर एक स्पेशल वार्ड तैयार मिलेगा। इसके साथ ही जरूरत की सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। ब्लड तथा ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। हेलीपैड को उन्होंने राज्य का मामला बताते हुए कहा कि यह प्रशासन पर है कि वह उसने क्या व्यवस्था की है।



*रिम्स पहुंचने तक मरीज की सांस चलनी चाहिए बाकि हम संभाल लेंगे*

*सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी, खून और ऑक्सीजन की कमी नहीं*

## रांची विधायक सीपी सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा से प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान के लिए रांची के विधायक सीपी सिंह ने गुरुवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान कैलाश मंदिर, गोपाल मंदिर रोड नंबर पांच, न्यू लायंस क्लब चूना भट्ठा सहित विभिन्न मुहल्ले में चलाया गया। विधायक के साथ अन्य भाजपा नेता घूम घूम कर कर कमल छाप में वोट देने का आग्रह किये। इस दौरान सीपी सिंह ने कहा कांग्रेस की सरकार झारखंड को लूट खंड बनाकर लूटने का काम किया है। गरीब जनता का खून पसीना का कमाई कांग्रेस के नेताओं के घर में मिल रहे हैं। मोदी का नारा है ना खाया हूं ना खाने दूंगा। नौकरी के नाम पर युवाओं को गुमराह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर झारखंड की जनता को भरोसा है। इस बार जनता 400 पार सीट देगी और रांची लोकसभा पांच लाख वोट से ज्यादा से संजय सेठ जीतेंगे।

# 'मोदी के रहते कोई एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म नहीं कर सकता'

*10 वर्ष में प्रधानमंत्री ने भ्रष्ट मंत्रियों, अफसरों और नेताओं पर कड़ी कार्रवाई की, इनमें से कई आज जेल में हैं*

**नवीन मेल संवाददाता**




**पाकुड़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजमहल लोकसभा के पाकुड़ जिले में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को गुरुवार को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के रहते कोई भी आदिवासी, दलित और ओबीसी के आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता है। इंडी गठबंधन वालों की दुकान बंद हो रही है। उनके साथ जनता खड़ी नहीं है। इसलिए भी दुष्प्रचार कर रहे हैं। उनकी साजिश को समझें। मरांडी ने कहा कि विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी को हटाने के लिए साजिश कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्ट मंत्रियों, अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई की है। जो जेल में बंद हैं। आज इस लोकसभा क्षेत्र से दो-दो लोग जेल में बंद हैं। राजमहल लोकसभा के बरहेट विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद है। लोग कहते हैं कि उन्हें फंसा दिया गया है परन्तु वे अपनी करनी से जेल में है। उन्होंने राजमहल के पहाड़ों को अवैध रूप से खनन कर पत्थरों को बिहार और बांग्लादेश को बेच दिया। पैसे अपनी तिजोरी में भर लिये। नदी का बालू यूपी और बिहार ले जाते रहे परन्तु यहां के लोगों को बालू नहीं मिलती है। बालू लाने पर उन पर कार्रवाई की जाती है। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिलती है। लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत अमरापाड़ा, लिट्टीपाड़ा में रात में कोयला की चोरी कराते थे। फर्जी कागज बनाकर जमीन को बेचने और बेचवाने का काम किया।

# कांग्रेस रोजगार और महंगाई की, भाजपा मंदिर और मंगल सूत्र की करती है बात : मणि शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणि शंकर ने गुरुवार को धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में लोगों से वोट मांगने पहुंचे थे। धनबाद के एक होटल में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश में इंडी गठबंधन के पक्ष में लहर चलने की बात कही। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणि शंकर ने कहा कि जब कांग्रेस रोजगार, महंगाई और किसानों की समस्या की बात करती है, तो पीएम मोदी पाकिस्तान, राममंदिर और मंगलसूत्र की बात करते है। उन्होंने कहा कि जो अपनी पत्नी को मंगलसूत्र की गारंटी नहीं दे सका, वो लोगों को क्या गारंटी देगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के वरिष्ठ नागरिकों को छलने और उनका सम्मान छिनने का काम किया है। रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायत को बंद कर पिछले चार वर्षों में इस सरकार ने 8.5 करोड़ रुपये की कमाई की। बैंकों और पोस्टऑफिस में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विशेष रेट ऑफ इंटरेस्ट को कम कर दिया गया। इसके साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को बैंक से ऋण लेने पर भी पाबंदी लगा दी गई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार जिस पाकिस्तान और चाइना जैसे देश को कोसते नहीं थकती, उसी सरकार ने इलेक्ट्रोलर बॉन्ड और पीएम केयर फंड में पाकिस्तान और चाइना के कंपनियों से पैसे लिए। उन्होंने कहा कि देश में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली इंडी गठबंधन की लहर चल रही है। लोग अब देश मे बदलाव चाहते हैं, और इंडी गठबंधन पर भरोसा भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा चुनाव में एक दबंग और एक साफ सुथरी छवि वाले पढ़ी लिखी महिला प्रत्याशी के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि हम जात की राजनीति नहीं करते हम जमात लेकर चलते हैं और हमें हर जाति का समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस बार धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस की जीत पक्की है।




# हमारी नई सरकार हर जिले में रोजगार का अवसर खोलेगी : डॉ. मोहन यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर के चुनावी सभा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि कोडरमा की धरती अबरख की धरती के नाम से जाना जाता है। यहां खनिजों का भंडार है, फिर भी झारखंड प्रदेश के लोग पलायन करने पर मजबूर हैं। यदि फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बनती है तो प्रत्येक जिले में रोजगार के अवसर खोले जाएंगे। सभा में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार व केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री देश हित में सोचकर देश के विकास में काम कर रहे हैं। धन को लूटाने का काम नहीं कर रहे हैं। आज चुनाव में पैसे का खेल खेला जा रहा है। लगता है विपक्ष के गठबंधन वाले अपना संतुलन खो चुके हैं। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह है मोदी की गारंटी। आपका एक वोट भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार होगा। इस बार आपके वोट से जनता को लूटने वाला हर भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे पहुंच जाएगा।



## बोकारो में निर्वाचन कार्य में शिथिलता पर बीएलओ व सुपरवाइजर को करें शो-कॉज : रवि कुमार

# निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो पहुंचे। उन्होंने बोकारो जिले में कम मतदान प्रतिशत वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। साथ ही सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। सीईओ ने बोकारो पब्लिक स्कूल स्थित मतदान केंद्र संख्या 294 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को मतदान कार्य में शिथिलता बरते जाने को लेकर शो-कॉज करने का निर्देश दिया।

विभिन्न मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शीघ्र कराने का निर्देश दिया, साथ ही एएसडी सूची को अद्यतन करने, मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होने के बाद अगर किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में अन्य 12 प्रकार के डॉक्यूमेंट दिखाकर मतदान किये जाने के संबंध में मतदाताओं को जागरूक किए जाने का निदेश दिया। उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप का वितरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं अबसेंट, शिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) सूची को दुरुस्त कराने का निदेश दिया। उन्होंने वोलेंटियर की सेवा लेने और उन्हें उनके कार्य दायित्वों के लिए प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्यू मैनेजमेंट एवं टाइम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बोकारो जिले के चिन्मया विद्यालय, बोकारो पब्लिक स्कूल, बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त विजया जाधव, उप विकास आयुक्त संदीप यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### मतदान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए

के रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान की प्रक्रिया को सुगम और व्यवस्थित बनाने तथा मतदान केन्द्रों को सजाकर आकर्षक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान दिवस की गतिविधियों का आकलन करते हुए तैयारी पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मतदान दिवस के दिन मतदान की प्रक्रिया को तेज रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में अनावश्यक सुस्ती के कारण मतदाताओं को वेबजह क्यू में खड़ा नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया गति के साथ चल सके और मतदाताओं को मत देने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रिजर्व में रखे गये मतदान कर्मियों को लगाने का प्रावधान है। ये अतिरिक्त मतदान कर्मी अन्य चुनाव कर्मियों को सहयोग करेंगें, जिससे मतदान कराने की गति में तेजी आएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### महिला अपराध व रंगदारी के आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या हुई कार्रवाई

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई हुई।कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है। इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपितों की पहचान से संबंधित डाटा रहे, ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं तो उनकी पहचान आसानी से हो सके। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पिछले छह माह से झारखंड में भू माफियाओं के जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज मामले में का डाटा एक होने का कारण यह है कि वही अपराधी बार-बार ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### हाई कोर्ट ने बहुमंजिली इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग की जांच को लेकर बनाई छह अधिवक्ताओं की कमेटी



**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट में रांची के बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए छह अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है। अधिवक्ताओं की यह कमेटी रांची नगर निगम के तीन अभियंताओं के साथ मिलकर इसकी जांच करेगी की जिन बहुमंजिला इमारतो में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगे होने का दावा रांची नगर निगम कर रही है, वह मेंटेन होता है या नहीं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू हालत में है या नहीं। अधिवक्ताओं की कमेटी इसकी जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेगी। पिछली सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची के 710 बहुमंजिला इमारतों में से 648 बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सुधारेंगे हरमू नदी की दशा : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टिकट पर रांची लोकसभा से चुनाव लड़ रहे धर्मेंद्र तिवारी ने गुरुवार को अपने जनसंपर्क यात्रा में हरमू नदी की बदहाली और उसमें सुधार के उपाय पर जोर दिया। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि रांची में हरमू नदी का स्वरूप बिगड़ गया है। खास हरमू में यह नदी, अब नाले में परिवर्तित हो गई है। इसका जल विदूषित हो चुका है। इसका पानी पीने लायक नहीं रहा। शहर का सारा कचरा इसी में डंप होता है। पहले जहां इसका पानी स्वच्छ था, अब काला हो गया है। जरूरत इस बात की है कि हरमू में जो पानी गिरता है, जो नालों का पानी सीधे इसमें मिल जाता है, उसे रोका जाए। पहले नालों का पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाए, जहां से साफ होकर वह हरमू में मिले। ऐसे ही हम लोग हरमू नदी को बचा सकते हैं अन्यथा जिस हरमू को हम लोग लाइफ लाइन मानते रहे हैं, वह डेथ लाइन में कब बदल जाए, कोई कह नहीं सकता। इससे पूर्व तिवारी नामकुम, कचहरी, झारखंड उच्च न्यायालय, द्वारिकापुरी, जोड़ा तालाब मैदान, और मेन रोड में भी जनसंपर्क अभियान चलाया।

### धुर्वा बस स्टैंड में राजद ने यशस्विनी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची ।** धुर्वा बस स्टैंड पर रांची लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बैठक के दौरान विशेष तौर पर प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव उपस्थित हुए। चर्चा में कांग्रेस,राजद,जेएमएम के साथ युवा वर्ग एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित हुए । सभी लोगो ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया । इस दौरान सभी लोगों ने बैठक में मौजूद राजद महासचिव कैलाश यादव से कहा कि यशस्विनी सहाय एक युवा प्रत्याशी है। लाखों की आबादी वाला धुर्वा क्षेत्र में अधिकांशतः बिहार,यूपी के लोग रहते हैं धुर्वा एचईसी क्षेत्र को मिनी बिहार भी कहा जाता है इसलिए हम लोगो का मांग है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री युवाओं के चहेते नेता तेजस्वी यादव का कार्यक्रम धुर्वा में होना चाहिए। इस अवसर पर बैठक में राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के लिए बिहार और झारखण्ड सभी जगहों पर काफी मांग है और वे राज्य के लगभग सभी गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए जा भी रहे हैं।

### भाजपा वैश्य एवं पिछड़ों को धोखा देने का काम किया है : महेश्वर साहु

**रांची ।** वैश्य नेता और कांग्रेस के सदस्य महेश्वर साहु ने कहा है कि भाजपा ने अब तक वैश्य एवं पिछड़ों को धोखा देने का काम किया है। वैश्य समाज के लोग अब तक भाजपा को वोट देते रहे हैं। लेकिन देखा जाए तो केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार रहते हुए ही वैश्यों एवं पिछड़े वर्ग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। नोट बंदी, जीएसटी, आरक्षण, छोटे व्यापारियों की ऋण इसके प्रमाण है। गुरुवार को साहु रांची के सर्कुलर रोड स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संयुक्त बिहार में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था, लेकिन अलग राज्य बनने के बाद तत्कालीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण घटा कर 14प्रतिशत कर दिया। 2011 में जब अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री थे तो 25 वैश्य उप जातियों को राष्ट्रीय ओबीसी सूची से हटा दिया गया था। हालांकि मेरे लंबे संघर्ष के बाद करीब 14 उप जातियों को पुनः शामिल किया गया। जबकि सबसे अधिक समय तक राज्य की सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ा कर 27 प्रतिशत नहीं किया। जब महागठबंधन की सरकार ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ा कर 27प्रतिशत करना भी चाहा तो इसे भाजपा वालों ने साजिश करके खारिज करवा दिया। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ओबीसी की हित में काम करना चाहती है। इस बार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतना जरूरी है।




- उत्तर प्रदेश को भी पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं अखिलेश यादव
- पुरानी बुआ ने किया किनारा तो बबुआ बंगाल से लाए नई बुआ

# पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं ममता : मोदी



**एजेंसी**

**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भदोही के ऊंज में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोला। मोदी ने ममता को आरोपित करते हुए कहा कि ममता बंगाल में हिन्दुओं की हत्या करवाती हैं। उनके लोग हिन्दुओं को गंगा में डूबो कर मारने की धमकी देते हैं। दीदी बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। वहां दलित और महिलाओं का सरेआम उत्पीड़न होता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अखिलेश यादव और राहुल गाँधी पर भी तीखा सियासी हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तकरीबन 30 मिनट से अधिक के अपने सम्बोधन में ममता बनर्जी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर रखा। मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश को पश्चिम बंगाल बनाना चाहती हैं। क्योंकि ममता बनर्जी और अखिलेश यादव की विचारधारा एक है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुई मनीष शुक्ला की हत्या पर भी सवाल उठाया। मनीष शुक्ला भदोही से ही हैं और भाजपा की राजनीति से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या की जा रही है। समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों को खुली छूट देती थी। उनके लिए प्रोटोकॉल जारी होता था और अखिलेश यादव सिमी पर मेहरबान थे। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी वाली बुआ बबुआ की चाल समझ गई, ऐसी हालत में उन्हें पश्चिम बंगाल से नई बुआ को लाना पड़ा। बबुआ को अपनी नई बुआ से यह सवाल करना चाहिए कि पश्चिम बंगाल में उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को गालियां देकर क्यों भगा दिया जाता है। क्योंकि समाजवादी पार्टी और ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। इसलिए दोनों की राजनीतिक विचारधाराएं समान है। बबुआ उत्तर प्रदेश को पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा सरकार न होती तो अयोध्या में श्रीराम मंदिर, बाबा काशी विश्वनाथ और विंध्याचल कॉरिडोर का निर्माण नहीं होता। यह लोग किसी भी कीमत पर राम मंदिर का निर्माण नहीं होने देते।

आज स्थितियां बदल गई है लेकिन कभी रामलाल को टेंट में देखकर बहुत तकलीफ होती थी। ऐसे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते हैं। कांग्रेस के शहजादे का बस चले तो वे राममंदिर में ताला लगाना चाहते हैं। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की छवि को बदला है। हम "वन जिला वन प्रोडक्ट" की बात करते हैं जबकि समाजवादी पार्टी "वन जिला वन माफिया" की बात करती है। यूपी में पहले माफियाओं का राज था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से यह साबित हो गया कि यहां सीधी लड़ाई इंडी गठबंधन और भाजपा के मध्य है।

**70**
साल के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज किया जाएगा

**2017**
में केवल यूपी में सात एयरपोर्ट थे अब 17 हो गई है

**देश के चार चरणों में हुआ अबतक 66.95% मतदान**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के अनुसार पहले चार चरणों में मतदान का औसत 66.95 प्रतिशत रहा है यानि अबतक 45.1 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आने वाले चरणों में बड़ी संख्या में बाहर आने और मतदान करने का आह्वान किया है। शेष 3 चरणों में मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने के लिए लक्षित प्रयासों को बढ़ाया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 5वें, 6वें और 7वें चरण में मतदान करने वाले राज्यों के सीईओ को सभी मतदाताओं को

# पीओके भारत का था, है और हमेशा रहेगा : शाह

**एजेंसी**

**सीतामढ़ी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सीतामढ़ी में जदयू के प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और राजद वाले 70 साल तक धारा-370 हटाने का विरोध करते रहे। लालू यादव और राहुल गांधी कहते थे कि 370 मत हटाओ, खून की नदियां बह जाएगी। लेकिन, पीएम मोदी ने आते ही 370 हटाया।

कांग्रेस और फारुख अब्दुल्ला पाकिस्तान के परणामु बम से डराते हैं। लेकिन, पीओके भारत का था, है और हमेशा रहेगा। इसे हम पाकिस्तान से लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के कार्यक्रम में इंडी गठबंधन वालों को बुलाया गया था, लेकिन कोई नहीं गया। ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। हम उस वोट बैंक से नहीं डरते हैं। समय आ गया है सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। कांग्रेस और राजद के लोगों ने कई साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। जब आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तब केस भी जीता, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की और भव्य मंदिर भी बना।



*सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा, राम सर्किट से जोड़ा जाएगा*

## पीओके भारत का हिस्सा है, यह भारत में वापस शामिल होगा : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अविभाज्य हिस्सा है, जो अंततः भारत में वापस शामिल होगा। पीओके में जारी अशांति और बढ़ती हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पीओके के लोग पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर हो रहे विकास से प्रभावित हो रहे हैं। महाराष्ट्र के नासिक में 'आयोजित विश्वबंधु भारत' कार्यक्रम में अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, पीओके में लोग नियंत्रण रेखा के पार हो रहे सकारात्मक बदलाव को देख रहे हैं और उससे प्रभावित हैं।



# आजमगढ़ को बदनाम करने वाले आज बेनकाब हो चुके हैं : आदित्यनाथ

- *उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा- पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है*



**एजेंसी**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर और दिनेश लाल यादव निरहुआ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। देश में विकास कार्य ठप हो चुके थे क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। उस दौरान गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करते थे, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता था। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद, नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है।

आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर एक विश्वविद्यालय बन गया है। इसके साथ ही आजमगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ गया है। आज आजमगढ़ में एयरपोर्ट भी है।

## सत्यम दुबे सहित सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के दिग्गज नेता विजय शंकर दुबे के पुत्र सत्यम दुबे, कांग्रेस के प्रवक्ता रहे असित नाथ तिवारी और बेगूसराय से प्रत्याशी रहे अमरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इन सभी लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया।

# ममता के इंडिया गठबंधन को समर्थन देने के बयान पर सियासत गरमाई

- *मंगल पांडेय ने ममता के बयान पर कहा कि बंगाल में लड़ाई और दिल्ली में मलाई यह कैसे चलेगा*



**एजेंसी**

**पटना।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बाहर से समर्थन देने के बयान को लेकर बिहार की सियासत गर्म हो गई है। एनडीए के नेता जहां इस बयान को लेकर निशाना साध रहे हैं, वहीं, महागठबंधन के नेता बचाव में उतर गए हैं। बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने ममता बनर्जी के बयान पर कहा कि बंगाल में लड़ाई और दिल्ली में मलाई यह कैसे चलेगा। ममता बनर्जी को इस बात का अंदाजा हो गया है कि हार सुनिश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार नहीं बन रही है। भाजपा पश्चिम बंगाल में 30 से अधिक सीट जीत रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार सुनिश्चित है और इंडिया गठबंधन की हार सुनिश्चित है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह उनका अपना मत है। यह तो अच्छी बात है।

वह यदि बोल रही हैं कि हम सरकार को बाहर से समर्थन देंगे तो यह काफी अच्छी बात है। इसमें यह समझना चाहिए कि हमारी सरकार बनने जा रही है और इसको लेकर हमें टेंशन लेने की जरूरत नहीं, भाजपा के सोचने वाली बात है।

## मध्य प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की सुगबुगाहट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा के लिए चार चरणों में मतदान हो चुका है और अभी नतीजे आने शेष हैं, मगर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो चली है। इसकी वजह भी है - कांग्रेस के तीन विधायकों ने भाजपा का दामन थामा है, वहीं पांच विधायक लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। राज्य में आगामी समय में तीन से आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना तय है। यह इसलिए संभव है क्योंकि कांग्रेस के तीन विधायक छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा से कमलेश शाह, सागर जिले के बीना विधानसभा क्षेत्र से निर्मला सप्रे और श्योपुर जिले की

**चुनावी घमासान : 2024** / राजीव प्रताप रूडी और रोहिणी आचार्य में चुनावी घमासान

# 'विरासत' और 'सीट' बचाने की दिलचस्प लड़ाई

- *सारण संसदीय क्षेत्र में मढ़ौरा, छपरा, गरखा, अमनौर, परसा तथा सोनपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं*




**एजेंसी**

**छपरा (बिहार)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूं तो बिहार में कई दिग्गज नेताओं का भविष्य दांव पर है, परंतु सारण ऐसी सीट है जहां दिलचस्प लड़ाई देखने को मिल रही है। सारण क्षेत्र से एनडीए की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप सिंह रूडी को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य चुनावी अखाड़े में हैं। इस रोचक मुकाबले पर बिहार ही नहीं देश भर की निगाहें टिकी हैं। इस चुनाव में रूडी के सामने जहां इस सीट पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती है, वहीं रोहिणी आचार्य के सामने अपने पिता की पुरानी विरासत को पाने की चुनौती है। सम्पूर्ण क्रांति के जनक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रहे सारण की राजनीति में लालू प्रसाद लंबे समय तक केंद्र बिंदु बने रहे।

इस क्षेत्र का संसद में चार बार प्रतिनिधित्व करने वाले लालू परिवार के लिए यह परंपरागत सीट मानी जाती रही है। हालांकि भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार सांसद चुने गए हैं। सारण की विशेषता रही है कि यहां पार्टियां भले ही अपने उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारती हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला यदुवंशी और रघुवंशी के बीच का ही होता है। दलों के हिसाब से देखें तो उपजाऊ और समतल इलाके के रूप में मशहूर सारण संसदीय क्षेत्र के चुनावी संग्राम में महागठबंधन की ओर से राजद और भाजपा के बीच आमने - सामने की लड़ाई है। सारण संसदीय क्षेत्र में मढ़ौरा, छपरा, गरखा, अमनौर, परसा तथा सोनपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

### लालू ने रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा

करीब 18 लाख मतदाताओं वाले सारण में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एक बार फिर राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। वहीं, महागठबंधन की ओर राजद ने लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है। छपरा संसदीय क्षेत्र का नाम बदलकर भले ही सारण कर दिया गया हो, परंतु छपरा का मिजाज अब तक नहीं बदला है। प्रारंभ से ही इस क्षेत्र में जीत-हार का निहितार्थ जातीय दायरे के इर्द-गिर्द घूमता है। माना जाता है कि यहां पार्टियां नहीं बल्कि जातियां जीतती रही हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से नरेंद्र मोदी के नाम का भी असर रहा है।

# कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी : मल्लिकार्जुन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो अग्निवीर योजना को बंद कर देगी। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक अग्निवीर योजना देश के युवाओं को केवल 4 साल का रोजगार देने के बाद बेरोजगारी की ओर ले जाती है। कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले। अग्निवीर योजना सेना में भर्ती के लिए लाई गई है।

गुरुवार को इस विषय पर मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अग्निवीर योजना जबरन लागू कर मोदी सरकार ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। करीब डेढ़ लाख ऐसे युवा हैं जिन्हें सामान्य भर्ती प्रणाली में सैन्य बलों में प्रवेश की स्वीकृति मिली थी, पर चयनित होने के बाद भी उन्हें दाखिला नहीं मिला।



*कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले।*

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com